* नगर संस्करण । पेज : 20+4 | श्रावण, कृष्ण पक्ष, नवमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 01 | khabarmantra.net

सुप्रभात

रांची, मंगलवार
11.07.2023

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

11 वां स्थापना दिवस




हर घर को रौशन और
देश को ऊर्जावान करता सीसीएल

कोल इण्डिया
Coal India

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी
दरभंगा हाउस, राँची – 834001 (झारखण्ड)

CCLRanchi | CentralCoalfieldsLtd | centralcoalfieldsltd | Central Coalfields Limited

## खबर एक नजर में

### पीएम मोदी से मिले बाबूलाल, जताया आभार



**रांची।** झारखंड भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार की शाम नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का आशीर्वाद और मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री का इस अनुराग के लिए आभार प्रकट किया।

### उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 10,590 विद्यार्थी सफल

**7,499 छात्र-छात्राओं ने पहली, छठी और नौवीं कक्षा में कराया नामांकन**

रांची। 80 उत्कृष्ट विद्यालय में उपलब्ध 11, 936 सीटों के लिए आयोजित चयन परीक्षा में 10,590 छात्र-छात्राएं सफल हुये। इनमें से अबतक 7,499 छात्र- छात्राओं ने नामांकन कराया है। रिक्त सीटों पर नामांकन जारी है।

### सीएम बतायें कि बरहेट से पंकज मिश्रा अभी उनके विधायक प्रतिनिधि हैं या नहीं : प्रतुल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जानना चाहा कि बरहेट से उनके विधायक प्रतिनिधि के रूप में अभी भी पंकज मिश्रा कार्यरत है या नहीं। उन्होंने कहा कि ईडी ने अपनी चार्जशीट में पंकज मिश्रा को 1000 करोड़ से ज्यादा के खनन घोटाले का किंगपिन बताया था। पंकज मिश्रा के बिजनेस पार्टनरों के घर में छापे में करोड़ों रुपये कैश बरामद हुए थे। पंकज मिश्रा ने हिरासत की अवधि में भी सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करके प्रदेश के आला अधिकारियों से मोबाइल से संपर्क साधा था। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में पंकज मिश्रा के अन्य करीबी घोटालेबाज भगवान भगत, कृष्णा, टिंकल भगत को भी गिरफ्तार किया। इन्होंने लाखों रुपये पंकज मिश्रा के अकाउंट में अवैध रूप से ट्रांसफर किया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने सरकार के पहले दिन से इस बात का दावा करते आये हैं कि भ्रष्टाचार के प्रति कोई समझौता नहीं करेंगे लेकिन अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार पंकज मिश्रा उनके विधायक प्रतिनिधि के तौर पर काम कर रहे हैं।

### प्रदेश कांग्रेस का मौन सत्याग्रह कल

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में गुजरात हाईकोर्ट द्वारा राहुल गांधी की संसद सदस्यता की याचिका खारिज करने के मामले को लेकर देशव्यापी आंदोलन की शुरूआत हो चुकी है। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आगामी 12 जुलाई 2023 दिन बुधवार को मोरहाबादी रांची स्थित बापू वाटिका में महात्मा गॉधी की प्रतिमा के समक्ष सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक एक दिवसीय मौन सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। राकेश सिन्हा ने बताया है कि पूरे विश्व ने यह देखा है कि कैसे राहुल गांधी ने विभिन्न मंचो पर लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अडानी के संबंधो को उजागर करते हुए महंगाई, बेरोजगारी, देश की गिरती अर्थव्यवस्था, बेटियों के साथ अन्याय के खिलाफ सवाल उठाते रहे हैं। राहुल गांधी के साहसी प्रयास ने प्रधानमंत्री और भाजपा को कुटिल कदम उठाने के लिए मजबूर कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हे दोषी ठहराया गया और लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया। राकेश सिन्हा ने बताया है कि कार्यक्रम में सभी मंत्री, सांसद, विधायकगण एवं जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, अन्य निर्वाचित प्रतिनिधि, अग्रणी संगठन, विभागों एवं प्रकोष्ठों के नेता समेत पार्टी कार्यकर्ताओ की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने दिया है।

## आजसू पार्टी का राजमहल लोकसभा क्षेत्र स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

# सत्ताधारी दलों ने संथाल परगना को राजनीतिक सामाजिक एवं आर्थिक गुलाम बना दिया : सुदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची/पाकुड़।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सत्ताधारी दलों ने संथाल परगना को राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक गुलाम बना दिया है। 50 साल से अधिक होने का बाद भी यहां के लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से यहां के मिले जनादेश का यही परिणाम मिला है। राजनीति में परिवार एवं पीढ़ी की सेवा छोड़नी होगी एवं लोकतंत्र की भावनाओं का सम्मान करते हुए राज्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर होना होगा। वर्तमान सरकार लोकतंत्र की जगह लूटतंत्र की परिभाषा पढ़ा रही है। सरकार की समीक्षा में प्रगति मानक नहीं बल्कि कलेक्शन मानक हो गया है। सत्ता संभाल रहे राजनेताओं की आंखों में अगर पानी नहीं हो तो वे लोकसेवक भी नहीं हो सकते। झारखंड में जिनके हाथों में सत्ता है उनका चरित्र ऐसा ही बना है। राज्य जिन विकट परिस्थितियों से गुजर रहा है उसमें यह सबसे जरूरी है कि झामुमो और कांग्रेस को वोट से बेदखल करना होगा।

पाकुड़ में आयोजित आजसू पार्टी के राजमहल लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने यह बातें कही। इस सम्मेलन के जरिए उन्होंने कार्यकताओं को लामबंद करते हुए 2024 के चुनाव में सक्षम लीडर चुनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लीडर वैसा चुनिए जो विकास के मानकों को पूरा करने का दमखम रखता हो। इससे पहले कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व विधायक अकील अख्तर ने कहा कि हेमंत सरकार की पहचान भ्रष्टाचार और अराजकता है। अफसरशाही का राज है। इस इलाके की बड़ी आबादी मुकम्मल पानी, बिजली, शिक्षा चिकित्सा सड़क के लिए तरसती है। इसे समाप्त करने का समय आया है इसलिए एकजुटता के साथ जनता के बीच जाना है। एमटी राजा ने कहा कि आजसू पार्टी इस क्षेत्र और राज्य की दिशा-दशा बदलने के लिए पहले प्रतिबद्ध रही है। यही वजह है कि सुदेश कुमार महतो और आजसू के प्रति राजनीतिक कार्यकर्ताओं और आम लोगों का विश्वास बढ़ता जा रहा है। सम्मेलन में अखिलेन्द्र चंद्र पांडेय समेत कई कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी का दामन थामा।

### हाइकोर्ट में प्रेम प्रकाश की याचिका पर 25 जुलाई को अगली सुनवाई

**रांची।** ₹1000 करोड़ रुपये के मनी लाउंड्रिंग मामले में जेल में बंद चर्चित व्यवसायी प्रेम प्रकाश की ओर दाखिल क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई सोमवार को हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में ईडी की ओर से जवाब दाखिल किया गया। प्रार्थी ने ईडी के जवाब पर प्रतिउत्तर देने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 25 जुलाई निर्धारित की। मामले को लेकर ईडी ने ईसीआईआर 4/2022 दर्ज किया है। बता दें कि ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने प्रेम प्रकाश के डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दी थी। प्रेम प्रकाश ने खुद को निर्दोष बताते हुए ईडी कोर्ट द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने एवं उन पर आरोप गठित किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

## सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक समेत 34 पुलिस पदाधिकारियों को एमसीपी का मिलेगा लाभ

**डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बोर्ड की बैठक में लिया गया निर्णय**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में रिटायर डीएसपी समेत 34 पुलिस पदाधिकारियों को एसीपी और एमएसीपी योजना का लाभ मिलेगा। डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिया गया। डीआईजी कार्मिक के द्वारा सभी रेंज के डीआईजी को पत्र लिखकर कहा गया है कि जिन पुलिस पदाधिकारियों को एसीपी और एमएसीपी लाभ की स्वीकृति के लिए योग्य घोषित किया गया है, उनके मामले में सभी प्रकार की कार्रवाई वित्तीय सलाहकार गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग की सहमति के बाद पुलिस मुख्यालय से अपेक्षित आदेश निर्गत होने के बाद की जा सकती है। लाभ पानेवालों में डीएसपी, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, मेजर, सार्जेंट मेजर और एएसआई रैंक के पुलिस पदाधिकारी शामिल हैं।

**इन्हें मिलेगा योजना का लाभ :** रिटायर डीएसपी परमानंद राम, इंस्पेक्टर अशोक कुमार, कृष्ण मुरारी, रामेश्वर प्रसाद, विजय नारायण चौधरी, विजय शर्मा, गणेश झा, रामचंद्र राय, विष्णु शंकर शुक्ला, राम अयोध्या सिंह, शिवनंदन प्रसाद, बदन बैठा, राजेंद्र प्रसाद साहू, रामाशीष सिंह, रतन कुमार गुप्ता, बहादुर सोरेन, सभापति सिंह, प्रेमचंद आर्या, शंकर प्रसाद मांझी, डैनियल तिर्की, रमाशंकर पांडे, बैजनाथ ओझा, कपिल देव सिंह, गिरधारी प्रसाद केशरी, योगेंद्र प्रसाद सिंह, राजेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र पासवान, अरुण कुमार शर्मा, शैलेश प्रसाद, सूर्य देव सिंह, नरसिंह मुंडा, राजेश पासवान, हरेंद्र पासवान और सुधीर प्रसाद गुप्ता शामिल हैं।

### छवि रंजन की जमानत पर एक सप्ताह बाद सुनवाई

**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत याचिका की सुनवाई सोमवार को ईडी कोर्ट में हुई। मामले में ईडी की ओर से बेल पिटीशन पर जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन के समय की मांग की गई। कोर्ट ने जवाब के लिए एक सप्ताह की अनुमति दी। अब एक सप्ताह बाद मामले की सुनवाई होगी। निलंबित आईएएस छवि रंजन की ओर से सीआरपीसी की धारा 167 के तहत एक पिटीशन दाखिल की गई थी, जिस पर कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले को लेकर बरियातू थाना में कांड संख्या 14/2022 दर्ज किया गया है। ईडी भी ईसीआईआर 1/2023 दर्ज कर अनुसंधान कर रही है। इस मामले में छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को ईडी की छापेमारी हुई थी।

# राजनीति छोड़ दे सकता हूं, पर पार्टी नहीं : संजय प्रसाद यादव

**लोकसभा चुनाव में चतरा, पलामू, कोडरमा और गोड्डा सीट पर ताल ठोंकेगा राजद**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राजद के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने मीडिया में चल रही खबरों का खंडन करते हुए सोमवार को कहा कि राजनीति छोड़ दे सकता हूं, लेकिन पार्टी कभी नहीं छोड़ूंगा। संजय प्रसाद यादव सोमवार को प्रदेश राजद मुख्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे। संजय प्रसाद यादव ने कहा कि सारी दुनिया पलट जाएगी, लेकिन संजय यादव नहीं पलट सकता। राजद और राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से मेरा पारिवारिक संबंध है।

**गोड्डा, कोडरमा चतरा और पलामू सीट पर दावेदारी :** संजय प्रसाद यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में राजद की 4 सीट पर दावेदारी है। गोड्डा, कोडरमा, चतरा और पलामू हमारी परंपरागत सीट है। हम लोगों ने सूची आलाकमान को सौंप दिया है। वहीं बोर्ड निगम में जगह नहीं मिलने पर उन्होंने ने कहा कि हमलोग लालची नहीं हैं। सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन को हमारी पार्टी का हमेशा से सहयोग रहा है। यह भी कहा कि विधानसभा चुनाव में पोड़ैयाहाट सीट पर राजद ने अपनी दावेदारी पेश की है।

**लालू ने बिनोद को 6 साल के लिए पार्टी से किया है निष्कासित :** वहीं पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव बिनोद सिंह के निष्कासन पर संजय ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया था। भूलवश प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने उन्हें पार्टी में शामिल किया। प्रदेश अध्यक्ष को गलती का एहसास हुआ, तो उन्हें पुनः पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।

मौके पर अभय सिंह, रंजन कुमार, डॉ मनोज कुमार, अंजल किशोर, कमलेश यादव थे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Division, Medininagar**

Very Short Notice Inviting e-quotation
Notice No. 06/2023-24 (1st Call)

Quotation through e-tender are here by invited by the undersigned from the Manufacturers/Supplier/Dealer/Reputed firm for rate of PP Integrated Saddle with inbuilt Flow Control Valve etc. all complete job shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in. Details of work are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate online from **12.07.2023** at 12:30 hrs. to **19.07.2023** at 17:00 hrs. The quotation will be opened on **20.07.2023** at 17:00 Hours.

The undersigned have been reserve right to reject one or all the quotations without assigning and reason.

Address for Communication :-
Executive Engineer D W & S Division, Medininagar.
Address : Drinking Water & Sanitation Division, Medininagar
Mobile No :- 9835068475
Fax No. ..............................
e-mail ID:- eedwsd.medininagar@gmail.com

Executive Engineer
DW&S Division, Medininagar.

PR 301921 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

**अनुमण्डल पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल दण्डाधिकारी का कार्यालय खूँटी**
**(सामान्य शाखा)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित करना है कि रेडक्रॉस सोसाईटी खूँटी शाखा, कार्यपालक समिति के पुनर्गठन किया जा रहा है। भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी खूँटी शाखा, पूर्व से ही जनहित/जनभागीदारी में जिला प्रशासन के साथ सक्रिय भूमिका निभाती आ रही है। इसकी कड़ी को बरकारार रखने के लिए जिला प्रशासन कृतसंकल्प है।

अतः भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी खूँटी, के कार्यपालक समिति के पुनर्गठन हेतु इच्छुक व्यक्ति सदस्यता के लिए अपना आवेदन दिनांक 31.07.2023 तक अनुमण्डल कार्यालय, खूँटी में दे सकते है। आवेदक भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी खूँटी का सदस्य होना अनिवार्य है।

अनुमण्डल पदाधिकारी,
खूँटी

PR 301902 District(23-24)#D

### विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक जारी

**रांची।** भाजपा नेत्री से रेप के प्रयास मामले में डिस्चार्ज पिटिशन के खारिज होने को चुनौती देने वाली भाजपा भाजपा विधायक ढुल्लू महतो की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए 4 सप्ताह का समय दिया। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की कोर्ट ने ढुल्लू महतो के खिलाफ यौन शोषण मामले में चल रही निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक अगली सुनवाई तक जारी रखी है। अगली सुनवाई सुनवाई 4 सप्ताह बाद होगी। इस मामले में ढुल्लू महतो के खिलाफ निचली अदालत में अदालत में चार्ज फ्रेम पर सुनवाई होनी है। इस मामले की सूचक भाजपा नेत्री हैं। पूर्व में कोर्ट ने मामले में कोर्ट ने निचली अदालत से एलसीआर की मांग की थी। धनबाद की निचली अदालत ने ढुल्लू महतो के खिलाफ यौन शोषण मामले में संज्ञान लिया था। धनबाद की निचली अदालत में ढुल्लू महतो की ओर से 28 मार्च 2022 को मामले में डिस्चार्ज पिटिशन दाखिल की गई थी। जिस पर सुनवाई के प>ात निचली अदालत ने 20 मई 2022 को ढुल्लू महतो की डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दिया था।

**नाबालिग से दुष्कर्म और देह व्यापार मामला**

## जमशेदपुर की निचली अदालत में चल रही ट्रायल पर रोक बरकरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर के मानगो सहारा सिटी में नाबालिग से दुष्कर्म और देह व्यापार कराने के मामले में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी और थानेदार समेत 22 लोगों को आरोपी बनाए जाने को लेकर जमशेदपुर की निचली अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पुलिस एवं सीआईडी दोनों की केस डायरी प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई मंगलवार निर्धारित की है।

इस मामले में सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बहस पूरी हो गई, वहीं मामले में पीड़िता (सूचक) की ओर से बहस जारी रही। बता दें कि 16 प्रार्थियों की ओर से बहस पूरी हो चुकी है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट ने जमशेदपुर की निचली अदालत द्वारा मामले में चल रही कार्यवाही (ट्रायल) पर रोक बरकरार रखी है। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता एके कश्यप ने और पीड़िता की ओर से अधिवक्ता देवेश अजमानी ने पैरवी की।

दरअसल, पीड़िता की मां ने गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी अजय केरकेट्टा और तत्कालीन एमजीएम थाना प्रभारी इमदाद अंसारी समेत 22 लोगों को आरोपी बनाने के लिए जमशेदपुर की स्पेशल कोर्ट में अर्जी दी थी। ये अर्जी कोर्ट ने मंजूर कर ली है और सभी 22 लोगों को मामले में आरोपी बनाने और ट्रायल चलाने का आदेश दिया है।

### इंटरनेट सेवा बंद करने के मामले में आदेश प्रकाशित क्यों नहीं की गयी : कोर्ट

**रांची।** राज्य के जिलों में कई मौकों पर अधिकृत अधिकारियों के द्वारा दिए गए इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश को प्रकाशित नहीं करने को लेकर दाखिल सॉफ्टवेयर फ्रीडम लॉ सेंटर की जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। कोर्ट ने इसे जनहित याचिका मानते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि इंटरनेट सेवा बंद करने का आदेश क्यों प्रकाशित नहीं किया गया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 11 सितंबर निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हिंसा की आशंका को लेकर इंटरनेट सेवा अचानक बंद कर दी जाती है। इससे संबंधित अधिकारियों के आदेश को प्रकाशित किए बिना शहरों में इंटरनेट सेवा बंद कर दी जाती है।

## वर्षों से शिक्षकों का प्रमोशन नहीं होने से प्रदेश के शिक्षकों में आक्रोश : संघ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षता विभाग से जारी निर्देशों का पालन जिला स्तर पर नहीं हो रहा है। इसे लेकर शिक्षकों में मायूसी है। इसकी वजह सात माह से प्रोन्नति के मामले में फैसला नहीं लिया जाना है। जानकारी के मुताबिक विभिन्न स्तर पर शिक्षकों की प्रोन्नति लंबित है। प्रोन्नति देने की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश शिक्षा विभाग द्वारा लगातार जिला पदाधिकारियों को दिया जा रहा है लेकिन आदेश की अनदेखी की जा रही है। जनवरी शुरूआत से राज्य स्तर से जिलों को बार-बार प्रोन्नति का कार्य निष्पादित करने का लिखित आदेश दिया जा चुका है। कई बार मौखिक निर्देश भी दिया गया।

शिक्षक संगठनों को विभाग की ओर से मार्च महीने तक ही प्रोन्नति निष्पादित करा लेने का आश्वासन दिया गया था। हालांकि आज तक पूरा नहीं हो पाया है। प्रोन्नति नहीं होने से शिक्षकों में निराशा है। वर्तमान में विभिन्न श्रेणी में काफी संख्या में रिक्ति है। प्रोन्नति की आस लिए कई शिक्षक रिटायर भी हो चुके हैं।

**क्या कहते हैं शिक्षक :** प्रभावित शिक्षकों का कहना है कि वे अपने कर्तव्य का निवर्हन ईमानदारी से कर रहे हैं। विभाग के हर आदेश का पालन कर रहे हैं। इसके बाद भी उनकी प्रोन्नति के प्रति जिला स्तर के अधिकारी उदासीन बने हुए हैं। उनके रवैये से शिक्षकों का रोष बढ़ता जा रहा है।

**संघ ने सचिव को स्थिति से कराया अवगत :** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा सचिव के रवि कुमार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है। उनसे जिलों की चिंतनीय स्थिति से अवगत कराया है। इसके लिए माह और तिथिवार अंतिम समय सीमा निर्धारित करने की भी मांग की है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला।**
E-Mail – nrepgumla@gmail.com
अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – 07/2023-24

1. विज्ञापन दाता का नाम :– राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, (NREP) गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 17.07.2023 10.00 बजे पूर्वाहन से 01.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि दिनांक 19.07.2023 को 01.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 19. 07.2023 को 02.30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में।
6. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला में।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में।
8. कार्य मद :–
9. कार्यो का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | चैनपुर | राजाडेरा में पूर्व निर्मित डाक बंगला का जीर्णोद्धार। | 895191.00 | 18000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 2 | सिसई | राजाडेरा में स्थित डाक बंगला का चाहरदीवारी का निर्माण। | 1540299.00 | 31000.00 | 5000.00 | 03 माह |

निविदा की शर्ते:–
1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नहीं है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) Tender Paper के साथ ही देना अनिवार्य है।
3. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,गुमला।

PR 301959 NREP(23-24)D

## प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित विभाग कार्यकारिणी की बैठक संपन्न, राजेश ठाकुर बोले

# कांग्रेस पार्टी दलित नेताओं को सम्मान देती रहेगी

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन केदार पासवान की अध्यक्षता में सोमवार को कांग्रेस भवन में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सह अभिनंदन समारोह कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर शामिल हुए। बैठक में झारखंड सरकार में नव नियुक्ति झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, सदस्य अभिलाष साहु, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद एवं धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य राकेश सिन्हा को प्रदेश एससी विभाग के द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। वहीं बैठक में 11 एजेंडों पर विचार विमर्श किया गया। वहीं प्रत्येक प्रमंडल में दलित सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। पलामू लोकसभा सीट पर कांग्रेस की दावेदारी को लेकर चर्चा हुई। राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा दलित वर्ग के नेताओं व कार्यकर्ता को सम्मान देने का काम किया है और आगे भी देती रहेगी। झारखंड राज्य आवास बोर्ड का अध्यक्ष पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष संजय लाल पासवान को बनाया गया, इसके साथ ही एससी वर्ग से 118 कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ताओं को जिलों एवं प्रखंडों में 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन में जगह देकर सम्मान बढ़ाने का काम किया गया है, आगे भी निगरानी में एससी विभाग के लोगों को जगह दी जाएगी। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर ने कहा था कि एकजुट हों तभी अपने अधिकारों के प्रति लड़ पायेंगे।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन केदार पासवान ने बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से आग्रह करते हुए कहा कि सामान्य विधानसभा सीटों में जहां दलितों की संख्या ज्यादा है वहां उन्हें उम्मीदवार मिलीनी चाहिए। आरक्षित सीटों पर ज्यादा से ज्यादा एससी लीडर को उम्मीदवारी मिले। साथ ही पलामू लोकसभा में कांग्रेस पार्टी की दावेदारी हो। एससी कमिशन की जल्द गठन हो जहां दलित उत्पीड़न मामलों का निष्पादन हो सके। उन्होंने कहा कि मोदी शासन में महंगाई चरम पर पहुंच चुकी है, देश में दलित उत्पीड़न मामले काफी बढ़े हैं, ऐसे में प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिला कमिटी, प्रखंड कमिटी, पंचायत कमिटी, बूथ कमिटी को गठन कर आगामी लोकसभा चुनाव प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में मजबूती से लड़कर मोदी सरकार को केंद्र की सत्ता से बेदखल करना होगा तभी देश और संविधान बच सकती है। बैठक का संचालन कमिटी के वरीय उपाध्यक्ष जवाहर लाल और रंजीत बाउरी ने की। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर लाल पासवान, वशिष्ट लाल पासवान, राष्ट्रीय कोर्डिनेटर रंजीत बाउरी, कार्यालय प्रभारी प्रेम दत्ता, नागेश्वर राम, गुडिया देवी, देवेन्द्र राम, राजू राम, शिव टहल नायक, दशरथ पासवान, किशन पासवान, रंजीत राम, भुनेश्वर राम, अशोक पासवान, कामेश्वर रवि, सुरज मुखी, नागेन्द्र चौधरी, प्रेम दत्ता, विनय राम सहित सभी जिलाध्यक्षगण मौजूद थे।

हिंदी दैनिक अखबार खबर मन्त्र के 11वें स्थापना दिवस के मौके पर लातेहार जिला समेत संपूर्ण झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनायें।



खबर मन्त्र सही व सटिक खबरो के लिए जाना जाता है, यह प्रयास लगातार जारी रहे, खबर मन्त्र के लोकप्रियता एवं तरक्की में और इजाफा हो। खबर मन्त्र सच्चाई के पथ पर सदा अग्रसर रहे। खबरमन्त्र के 10वें वर्षगांठ पर सबो को हार्दिक बधाई।

## मेघनाथ उरांव

प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार

खबर मन्त्र



हिंदी दैनिक अखबार खबर मन्त्र के 11वें स्थापना दिवस के मौके पर लातेहार जिला समेत संपूर्ण झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।



## बबलू कुमार

पु.नि सह थाना प्रभारी चंदवा

खबर मन्त्र



हिंदी दैनिक अखबार खबर मन्त्र के 11वें स्थापना दिवस के मौके पर लातेहार जिला समेत संपूर्ण झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

## ग्रीन फील्ड एकेडमी चंदवा





हिंदी दैनिक अखबार खबर मन्त्र के 10वें वर्षगांठ के मौके पर लातेहार जिला समेत संपूर्ण झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।



## आशुतोष कुमार

पु.नि सह थाना प्रभारी लातेहार

खबर मन्त्र



मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष लातेहार हरिकृष्ण सिंह के ओर से खबर मंत्र के 10 वीं वर्षगांठ पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



## हरेकृष्णा सिंह

भाजपा जिलाध्यक्ष लातेहार

खबर मन्त्र



हिंदी दैनिक अखबार खबर मन्त्र के 10वें वर्षगांठ के मौके पर लातेहार जिला समेत संपूर्ण झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

हिंदी दैनिक अखबार खबर मन्त्र के 10 वें वर्षगांठ पर खबर मन्त्र परिवार को बधाई, झारखंड राज्य में खबर मन्त्र ने एक अलग पहचान स्थापित किया है, किसी भी मुद्दे पर खबर मन्त्र अखबार ने बेबाक रूप से निष्पक्ष पत्रकारिता की मिशाल पेश की है, अखबार के 10 वर्ष पूर्ण होने पर खबर मन्त्र समुह को बधाई एवं शुभकामनाएं।

## एक शुभचिंतक

खबर मन्त्र






हिंदी दैनिक अखबार खबर मन्त्र के 11 वें स्थापना दिवस के मौके पर लातेहार जिला समेत संपूर्ण झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

मानसून धमाका ऑपर का उठाएं लाभ

## गौरव अग्रवाल प्रोपराइटर

एनजी ऑटोमोबाईल होन्डा शोरूम बरवाडीह



एनटीपीसी NTPC

पकरी बरवाडीह, पी. बी.–नार्थ वेस्ट एवं बादम कोयला खनन परियोजनाएँ

# सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित








## एनटीपीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

## पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजनाएँ, बड़कागाँव, हजारीबाग

* नगर संस्करण | 11. 07. 2023 मंगलवार | श्रावण, कृष्ण पक्ष, नवमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 01 | khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ






# एक लाख से अधिक भक्तों ने किया बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण



## आठ किमी तक लगी कांवरियों की लाईन, बासुकीनाथ रांची पहाड़ी मंदिर, खूंटी बाबा आम्रेश्वर धाम में उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र टीम

**रांची, देवघर।** सावन की पहली सोमवारी पर पूरा झारखंड बोलबम के नारों से गूंजता रहा। विश्व प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ धाम तो बोलबममय हो गया। पहली सोमवारी पर भक्तों का तांता लगा रहा। सुबह 4 बजे मंदिर का पट खुलते ही जलार्पण को लेकर श्रद्धालु उमड़ पड़े। पहली सोमवारी पर बाबाधाम में एक लाख से अधिक कांवरियों ने जलार्पण किया। यहां करीब आठ किलोमीटर लंबी कांवरियों की लाइन लग गयी थी। वहीं बासुकीनाथ में 60 हजार से अधिक कांवरियों ने अरघा में गंगाजल डाला। इधर, रांची के सुप्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर पर भी दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। पिछले साल की तरह इस साल भी पहाड़ी बाबा की भव्य महाआरती की गयी। मंदिर परिसर बाबा के जयकारे से गूंजता रहा। खूंटी स्थित बाबा आम्रेश्वर धाम में पहली सोमवारी पर 25 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। सभी देवालयों में सुरक्षा-व्यवस्था चाक चौबंद रही। बाबा धाम में श्रद्धालु सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर बाबा के दर्शन को पहुंच रहे हैं। सुल्तानगंज से ले कर बाबाधाम तक का पूरा क्षेत्र बोल बम के नारों से गूंज रहा है। भारी संख्या में श्रद्धालु भगवा पहन बाबा बैद्यनाथ धाम में बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण कर सुख शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

## संस्थापक को नमन

# आप होते तो बात कुछ और होती...


**आज 11** जुलाई को खबर मन्त्र अखबार सफलता के 10 साल पूरे कर 11वें साल में प्रवेश कर गया। खबर मन्त्र परिवार अपने संस्थापक स्व डॉ अभय कुमार सिंह को नमन करते हुए उनके सपनों को पूरी तन्मयता से साकार करने का संकल्प लेता है। स्थापना दिवस के मौके पर जिस उत्साह और लगन को लेकर आपने खबर मन्त्र की शुरुआत की, ऐसे में पूरे खबर मन्त्र परिवार को लगता है कि यदि आप आज हमारे बीच होते, तो बात ही कुछ और होती...। खैर विधि के विधान के आगे किसका चला है। भगवान को यही मंजूर था, पर परिवार के सभी सदस्यों को आपकी कमी हमेशा खलती रहेगी।

**प्रधान संपादक और प्रबंध निदेशक के रूप में डॉ अभय कुमार सिंह ने चौथी वर्षगांठ में अपनी बात में पाठकों से जो कुछ अपील की थी, उसे हम 11वें स्थापना दिवस के मौके पर उनकी याद में हूबहू पुनः प्रकाशित कर रहे हैं :**

## पाठकों से अपनी बात



अखबारी जगत में **'खबर मन्त्र'** ने पत्रकारिता के क्षेत्र में चार वर्ष पूरे कर लिये। इस अंतराल में खबर मन्त्र परिवार ने काफी उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन यह भी सच है कि इस बीच हमें आपका भरपूर स्नेह और सहयोग मिला। आप सबके मार्गदर्शन ने **'खबर मन्त्र'** की निरंतरता और जीवतंता को अब तक अक्षुण्ण बनाये रखा है। आप सबके इस योगदान को खबर मन्त्र परिवार कभी भुला नहीं पायेगा। आपकी सहभागिता के कारण ही संभवतः हम अपनी विशिष्ट छाप छोड़ने में कामयाब हुए। दरअसल, हम अपनी पहचान स्थापित करने के लिए अखबारी दुनिया में किसी को अपना प्रतिद्वंद्वी नहीं मान रहे हैं। यह सही है कि अखबार के संचालन में कई तरह की परेशानियां आती हैं। हमें प्रतिदिन कई चुनौतियों का सामना एक साथ करना पड़ता है। लेकिन हम यह मानते हैं कि छोटे और एकल स्वामित्व वाले प्रकाशन आजादी से अपना काम कर सकते हैं, बशर्ते उनमें एक विजन और अपना मुकाम हासिल करने का जज्बा हो। चूंकि अखबारी जगत उद्योग का आकार ले चुका है। इस पर बाजारवाद की संस्कृति हावी है। हमारी दिली इच्छा है कि **'खबर मन्त्र'** की निरंतरता कायम रखने में आप अपनी महती भूमिका निभायें। हम पूरी तरह से आप सबके सहयोग और सुझावों पर आश्रित हैं। हमारा मकसद है कि झारखंड के तमाम बुद्धिजीवी, व्यवसायी वर्ग, शिक्षाविद् व रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों का हमें निरंतर मार्गदर्शन मिलता रहे। अखबार की समग्रता अक्षुण्ण रखने और इसके बेहतर प्रचार-प्रसार के लिए आपके सारगर्भित व उत्प्रेरक विचारों से हमें समय-समय पर आप प्रेरित करते रहें। **'खबर मन्त्र'** के चार साल के सफर में हमने कभी खबरों से समझौता नहीं किया। हमारी कोशिश होती है कि खबरों की सच्चाई की तह तक जायें । सरकार के जनहित के कार्यों की हमें निश्चित रूप से सराहना करनी चाहिए। लेकिन समय-समय पर हमें सरकार को आईना दिखाने से भी नहीं चूकना चाहिए। हम यह मानते हैं कि पत्रकारिता आम नागरिक का हथियार है। इसके जरिये से वह विधायिका पर नजर रखता है। आज मीडिया का फलक अत्यंत व्यापक हो चुका है और जनता की अपेक्षा सार्थक खबरों के लिए बढ़ती जा रही है। लेकिन सबसे तेज चैनलों की खोजी व पीत पत्रकारिता की बढ़ती प्रवृत्ति ने मीडिया को बहुत हद तक अतिवादी और अदूरदर्शी बना दिया है। परिणामस्वरूप मीडिया ने अपने को कुछ खास मुद्दों तक ही सीमित कर लिया है, जबकि सूचना के अधिकार के प्रयोग से पत्रकारिता गंभीर, पारदर्शी एवं विश्वसनीय जनमाध्यम की भूमिका निभा सकता है। पत्रकारिता महज सूचनाओं का ढेर नहीं है। यह एक दृष्टि संपन्न एवं व्यवस्थित गतिशीलता है, जिसमें एक दिशा का होना भी जरूरी होता है। मीडिया, सूचना के अधिकार का सार्थक इस्तेमाल कर जनतंत्र में जन को गरिमा से जीने की राह सहज कर सकता है और शासन को जवाबदेह बना सकता है। हमें विश्वास है आनेवाले समय में झारखंड की सरजमीं पर **'खबर मन्त्र'** अपनी अमिट लकीर खींचने में जरूर कामयाब होगा। अंत में, आप सबको यह बताते हुए हमें अपार हर्ष हो रहा है कि बहुत जल्द अन्य राज्यों से भी **'खबर मन्त्र'** के संस्करण का प्रकाशन शुरू किया जायेगा। इसके लिए आपसे सहयोग की अपेक्षा है।



SURJABASHA

### न्यूज डायरी

**टिंकल व भगवान से पांच दिन पूछताछ करेगी इडी**

रांची। साहिबगंज जिले में हुए अवैध खनन के जरिये करोड़ों की कमाई के आरोपी पत्थर खदान संचालक टिंकल भगत और भगवान भगत से ईडी पांच दिनों तक पूछताछ करेगी। कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है।

**पूजा सिंघल के पति ने किया इडी कोर्ट में सरेंडर**

रांची। सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने के बाद सोमवार को निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा ईडी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। मंगलवार को वह सरेंडर कर नियमित जमानत का आग्रह करेंगे।

**रांची कोर्ट में बोली अभिनेत्री अमीषा पटेल- मैं निर्दोष हूं**

रांची। चेक बाउंस मामले में रांची के व्यवहार न्यायालय में बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल सशरीर हाजिर हुईं। 21 जून को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट की तरफ से बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल को सशरीर हाजिर होने का आदेश दिया गया था, जिस आदेश पर सोमवार को अमीषा पटेल कोर्ट में हाजिर हुई और कोर्ट के सामने अपना पक्ष रखा।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

## विधि निर्माण प्रक्रिया व कार्यपालिका का दायित्व विषयक प्रशिक्षण आयोजित

# विधायिका और कार्यपालिका में बेहतर समन्वय जरूरी : सीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री ने कहा है कि विधायिका और कार्यपालिका के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। सीएम सोमवार को विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

इसका आयोजन झारखंड विधानसभा की ओर से किया गया था। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आत्मा संविधान में निहित है। उन्होंने कहा कि विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व महत्वपूर्ण विषय है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आने वाले समय में बेहतर विधानसभा के संचालन में सहायक साबित होगी। उन्होंने कहा कि देश का संविधान एक ऐसा अद्भुत मिश्रण है, जहां संसदीय प्रणाली को चलाने के लिए विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसी संस्थाओं को अलग-अलग अधिकार दिये गये हैं। विधायिका देश एवं राज्य के लोगों के कल्याणार्थ विधेयक पारित करने, संशोधन प्रस्ताव लाने, नियम-कानून बनाने, नीति निर्धारण सहित कई कार्य करती हैं। कार्यपालिका सरकार द्वारा लायी गयी इन नियम-कानून, नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने का काम करती है। न्यायपालिका कानूनों की व्याख्या एवं न्याय देने का काम करती है। उन्होंने कहा कि विधायिका कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसी संस्थाओं को समान सहयोगी के रुप में कार्य करने की जरूरत है। इन्हें एक दूसरे को साथ लेकर सही दिशा के साथ कार्य करनी चाहिये।




### लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आत्मा संविधान में निहित

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आत्मा हमारे संविधान में निहित है। जिस तेजी से विधायी व्यवस्थाओं के अंतर्गत नये कानून बनते हैं या कानूनों में संशोधन होते हैं, ऐसी परिस्थिति में विधायिका द्वारा पारित विधेयक अथवा अध्यादेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना जरूरी होता है। सीएम ने कहा कि एक लंबे अंतराल पर इन विषयों को पुनः रिवाइज करने की जरूरत होती है। समय के साथ कई चीजें अलग-अलग दिशा में चलने लगती हैं। मौके पर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, स्पीकर रबींद्र नाथ महतो, विधायक लंबोदर महतो व अन्य गणमान्य मौजूद थे।

### व्यवस्था सही ढंग से कैसे चले, इस पर चिंतन जरूरी

सीएम ने कहा कि झारखंड प्रदेश के लगभग 23 साल पूरे होने जा रहे हैं। नया राज्य होने के वजह से विधान सभा को विधायिका का बहुत लंबा अनुभव नहीं है। लेकिन अब यह जरूरी है कि स्थायी तौर पर विधायिका और कार्यपालिका एक बेहतर समन्वय और तालमेल के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि हम जनप्रतिनिधि चुनाव जीतकर आते हैं, सरकार बनाते हैं। लेकिन, कुछ व्यवस्थाएं स्थायी तौर पर कार्य करती हैं। इन स्थायी व्यवस्थाओं एवं संस्थाओं को राज्य में किसकी सरकार है इसकी चिंता नहीं करनी चाहिये। बल्कि व्यवस्थाएं निरंतर ठीक से चलती रहे, इस पर चिंतन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विधायिका प्रणाली में हम सभी लोग विधान सभा के माध्यम से नियम बनाने से लेकर कई विधेयक पास कराने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। इन सभी नियम-कानूनों को कार्यपालिका व्यवस्था से होकर गुजरना पड़ता है। अतएव यह आवश्यक है कि विधायिका और कार्यपालिका के बीच एक बेहतर समन्वय स्थापित हो तभी सभी कार्य सुचारू एवं सुदृढ़ तरीके से पूरा हो सकेगी।

### स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला

इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री श्री आलमगीर आलम एवं स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने भी ष्विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व विषय पर अपनी-अपनी बातें रखते हुए विषय की महत्ता एवं उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर विधायिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका के बीच बेहतर समन्वय किस प्रकार स्थापित की जा सके इस पर भी बल दिया गया। मौके पर लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचार्य, पीआरएस के चक्षु राय, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, झारखंड विधान सभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर सहित भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, झारखंड प्रशासनिक सेवा के वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## सुप्रीम कोर्ट का झारखंड सरकार को निर्देश

# इडी के गवाह मुंगेरी यादव को रिहा करें

- आर्म्स एक्ट के मामले में 29 जुलाई 2022 को हुई थी मुंगेरी की गिरफ्तारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार को ईडी के गवाह मुंगेरी यादव को तत्काल जेल से रिहा करने का आदेश दिया है। सोमवार की शाम पांच बजे तक जेल से रिहा कर सुप्रीम कोर्ट को सूचित करने का आदेश कोर्ट ने दिया है। बता दें कि मुंगेरी यादव की गिरफ्तारी राजमहल थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के मामले में 29 जुलाई 2022 को हुई थी।

साहिबगंज पुलिस ने रांची एयरपोर्ट के पास से उसकी गिरफ्तारी की थी। इसके अलावा 11 मार्च 2022 को रंजीत चौधरी नाम के व्यक्ति की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में भी पुलिस कार्रवाई कर की थी। इसमें कहा गया था, कि 10 मार्च को समदाघाट से मनिहारी के लिए खुले मालवाहक फेरी सेवा पर रामपुर के पास गोलीबारी की गयी थी। चौधरी ने इसमें मुंगेरी यादव समेत 18 नामजद और 20-25 अज्ञात को आरोपित बनाया था।



### मुंगेरी के खिलाफ लगा था सीसीए एक्ट

ईडी के गवाह और साहिबगंज के चर्चित पत्थर व्यवसायी मुंगेरी यादव के खिलाफ बीते 12 अगस्त 2022 को सीसीए एक्ट लगा था। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने जिला प्रशासन की ओर से इस संबंध में भेजे गए प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया था। आठ अगस्त 2022 को ही मुंगेरी यादव के खिलाफ सीसीए लगाने का प्रस्ताव उपायुक्त रामनिवास यादव ने गृह विभाग को भेजा था, 12 अगस्त को विभाग ने उसका अनुमोदन कर दिया।




# बच्चों में इंग्लिश कम्युनिकेशन को स्ट्रांग करना हमारी प्राथमिकता : ब्रदर माइक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** प्रतिस्पर्धा के वर्तमान युग में बच्चों में इंग्लिश कम्युनिकेशन को स्ट्रांग बनाना और अंग्रेजी माध्यम से ही बच्चों को विषय वार जानकारी देना हमारी प्राथमिकता है। यही नहीं, स्पोर्ट्स और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में भी बच्चों को सुदृढ़ बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है, ताकि बच्चे किसी भी क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकें। ये बातें संत अलोयसियस मोंटेसरी स्कूल के नये प्रिंसिपल एवं अलोइसियस इंटरमीडिएट कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल ब्रदर माइक जेत्रोम ने सोमवार को खबर मन्त्र के संवाददाता से विशेष भेंट में कही।



ब्रदर माइक ने कहा कि इस वर्ष 14 जून को मैंने संत अलोइसियस मोंटेसरी स्कूल के प्रिंसिपल और संत अलोइसियस इंटरमीडिएट कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल के रूप में प्रभार संभाला है। प्रभार संभालने के साथ मैंने यह संकल्प लिया है कि संत मोंटफोर्ट गैबरियल सोसाइटी द्वारा संचालित इस संत अलोइसियस मोंटेसरी स्कूल तथा संत अलोयसियस इंटरमीडिएट कॉलेज को हर नजरिए से इफेक्टिव बनाना है, अर्थात हमारा मुख्य उद्देश्य संत अलोइसियस मोंटसरी स्कूल के बच्चों की बुनियाद ऐसी हो कि करेक्ट और फ्लूएंट इंग्लिश बोलने के साथ विषयों में पारंगत बनें। ताकि, वे आगे चलकर प्रतिस्पर्धा के इस दौर में अपना बेस्ट परफॉर्मेंस देकर अपना तथा अपने विद्यालय का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित कर सकें। उन्होंने बताया कि नन्हे बच्चों को इंग्लिश माध्यम से अनुभवी और कुशल शिक्षकों की मेहनत से बुनियाद डालने की दिशा में अपनी समर्पित सेवा देते हुए संत अलोइसियस मोंटेसरी स्कूल ने सफलता के गौरवशाली 25 साल पूरे कर लिए हैं। संत मोंटफोर्ट गैबरियल सोसाइटी द्वारा पटना में संचालित लोयोला मोंटेसरी स्कूल तथा लोयोला आइटीआइ के प्रिंसिपल के रूप में 12 साल की समर्पित शिक्षण सेवा देने वाले ब्रदर माइक ने बताया कि संत अलोइसियस मोंटसरी स्कूल आने के बाद मैंने उनको हर नजरिए से इफेक्टिव बनाने की दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया है। इसमें मुझे विद्यालय के अनुभवी शिक्षकों, यहां पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों और पढ़ने वाले सभी नन्हे-मुन्ने बच्चों के सहयोग की अपेक्षा है। उसी अपेक्षा के तहत मैंने प्रत्येक सैटरडे को पैरेंट्स के साथ मीटिंग आरंभ कर दी है। उनके समक्ष मैंने विद्यालय को प्रभावी बनाने का प्रस्ताव रखते हुए उनसे सुझाव और सहयोग भी आमंत्रित किया है। मुझे खुशी है कि इस दिशा में अभिभावकों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। ब्रदर माइक नहीं कहा कि यह एक चैलेंजिंग वर्क जरूर है, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि बच्चों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के प्रयास से सफलता जरूर मिलेगी। इस इस दिशा में मैं सर्वप्रथम प्ले वे मेथड से बच्चों में इंग्लिश कम्युनिकेशन स्किल को स्ट्रांग करने का काम आरंभ कर दिया है और हर दिन मुझे इस दिशा में इसके अच्छे रिजल्ट भी देखने को मिल रहे हैं।

## छात्र हित में आंदोलन वापस लें कर्मचारी : वीसी

**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी के वीसी अजीत कुमार सिन्हा ने आंदोलन कर रहे शिक्षकेतर कर्मियों को आंदोलन वापस लेने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग से 15 शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के वेतन निर्धारण का अनुमोदन कर दिया गया है। इसकी सूचना विभाग ने विश्वविद्यालय को दे दी है। शेष लंबित मामलों में भी जल्द ही 13 जुलाई तक उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग से अनुमोदन प्राप्त होने की उम्मीद है। उन्होंने आंदोलन कर रहे हैं कर्मियों से छात्र हित में वापस आने की अपील की है।

# बीएयू ईस्टर्न फार्म के 4 एकड़ में पहली धनरोपनी

## किसानों को दी गयी अरहर, उरद, मूंग और मड़ुआ बुवाई की सलाह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वर्तमान खरीफ मौसम में वषार्पात की विषम स्थिति को देखते बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने उपलब्ध सिंचाई साधनों का सदुपयोग करते हुए ससमय धान रोपनी एवं अन्य खरीफ फसलों की बुवाई ससमय पूरा करने का निर्देश दिया है। बीएयू के निदेशालय बीज एवं प्रक्षेत्र के नार्थ - ईस्टर्न फार्म में सोमवार को कुलपति की मौजूदगी में बीजोत्पादन कार्यक्रम के तहत चार एकड़ भूमि में पहली धान रोपनी शुरू की गयी। इस रोपनी में धान की स्वर्ण शक्ति प्रभेद के आधार बीज के 20-25 दिन वाली बिचड़े की रोपाई की गयी। 125 दिनों की अवधि वाली स्वर्ण शक्ति प्रभेद की उपज क्षमता 42-45 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है।



मौके पर कुलपति ने कहा कि फसलोत्पादन में बेहतर उपज के लिए सही समय पर रोपाई या बुवाई करना जरूरी है। उन्होंने बारिश में कमी के बावजूद धान की रोपाई के लिए वैज्ञानिकों के प्रयास की सराहना की। बताया कि प्रदेश में धान की रोपाई का आदर्श समय जुलाई माह है। प्रदेश में बारिश में कमी और विषम मौसम की परिस्थिति को देखते हुए किसान कम अवधि या मध्यम अवधि वाले धान प्रभेद का चयन करें। उन्होंने किसानों को ऊपरी जमीन की परती खेत में धान फसल को छोड़कर अरहर, उरद, मूंग, मड़ुआ, ज्वार आदि की बुवाई मेढ़ बनाकर जल्द से जल्द समाप्त करने की सलाह दी।

मौके पर मौजूद शस्य वैज्ञानिक डॉ आरपी मांझी ने बताया कि फार्म के दस हेक्टेयर भूमि में धान बीजोत्पादन कार्यक्रम के अधीन धान की रोपाई की जायेगी। इस कार्यक्रम में धान की स्वर्ण श्रेया, सीआर धान - 320, एमपीयू 10-10, सहभागी, बीवीएस -1 एवं एमपीवी 70-29 (स्वर्णा) के आधार बीज से तैयार बिचड़े की रोपाई की जाएगी। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रभेदों का सत्यापित बीज उत्पादन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि निदेशालय बीज एवं प्रक्षेत्र के अधीन बीजोत्पादन कार्यक्रम के तहत खरीफ फसलों में अरहर, सोयाबीन, मड़ुआ, तिल एवं ढेंचा का बुवाई कार्य प्रगति पर है। विवि में पहले धान रोपाई के अवसर पर एचएन दास, अदीप सिंह, बाबूलाल महतो, मंदराज महतो, हीरालाल महतो समेत कई कर्मी मौजूद थे।

# दिव्यांग थ्रोबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ियों को आरएसएस ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आगामी दिसंबर में चेन्नई में होने वाले अंतरराष्ट्रीय पारा थ्रो बॉल चैंपियनशिप के क्वालिफाइंग मैच में भाग लेने के लिए मलेशिया जानेवाली भारतीय महिला पारा थ्रो बॉल टीम के पांच खिलाड़ियों तथा एक पुरुष खिलाड़ी को सोमवार को कांके रोड स्थित विश्व संवाद केंद्र कार्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने सम्मानित किया। संपर्क प्रमुख अनिल ठाकुर ने उन्हें मेमेंटो एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली महिला खिलाड़ियों में प्रतिमा तिर्की, अनिता तिर्की, महिमा उरांव, असुंता टोप्पो, तारामणि लकड़ा एवं सनोज महतो शामिल हैं।




**असुंता टोप्पो का खर्च समाजसेवी दिलीप ने उठाया :** पारा थ्रो बॉल राष्ट्रीय टीम की गुमला की रहने वाली महिला खिलाड़ी असुंता टोप्पो गरीबी के कारण मलेशिया जाने-रहने का खर्च वहन करने में असमर्थ थीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से उसका सारा खर्च लगभग 66 हजार रुपये चैनपुर के समाजसेवी एवं गुमला जिला परिषद के सदस्य दिलीप बड़ाईक ने उठाया। इस अवसर पर दिलीप बड़ाइक ने कहा कि सम्मानित दिव्यांग महिला खिलाड़ियों में से पांच जनजातीय समाज से हैं, जो झारखंड के लिए गौरव का विषय है।

इस अवसर दिलीप बड़ाइक, संघ के सह प्रांत प्रचार प्रमुख संजय कुमार आजाद, प्रान्त संपर्क प्रमुख डॉ सहदेव राम, परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद अल्बर्ट एक्का के पुत्र विंसेंट एक्का, रजनी एक्का और खिलाड़ियों के स्थानीय कोच मुकेश कंचन उपस्थित थे।

# स्कूली बच्चों के लिए वित्तीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** वित्तीय समावेशन और विकास विभाग, रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने सोमवार को राज्य स्तर पर स्कूली छात्रों के लिए वित्तीय साक्षरता पर अखिल भारतीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। राज्य स्तरीय क्विज में कुल 24 जिलों से 24 टीमों ने भाग लिया। क्विज में शामिल विषय बुनियादी बैंकिंग, सामान्य अर्थव्यवस्था और वित्त, आरबीआई/ एनसीएफई, अन्य विनियामक और वित्तीय संस्थान, झारखंड राज्य और जी 20 से संबन्धित थे। क्विज को द्विभाषी प्रारूप (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में तैयार किया गया था। सभी विद्यार्थियों ने क्विज में उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्वज प्रतियोगिता में महाप्रबंधक (प्रभारी अधिकारी) संजीव सिन्हा ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को वित्तीय साक्षरता के महत्व के बारे में बताया। साथ हीं, उनके द्वारा यह बताया गया कि इस प्रकार का क्विज का आयोजन वित्तीय साक्षरता प्रयासों को और अधिक गति देने तथा आर्थिक रूप से जागरूक करने के लिए किया जा रहा है। एलिमिनेशन राउंड के आयोजन के बाद, शीर्ष छह टीमों को ऑन-स्टेज प्रश्नोंत्तरी के लिए चुना गया था जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बोकारो की टीम प्रथम स्थान प्राप्त किए। उत्क्रमित उच्च विद्यालय, डुमरी गिरिडीह की टीम द्वितीय स्थान एवं मोडेल स्कूल, बहारागोड़ा, पूर्वी-सिंहभूम की टीम तृतीय स्थान पर रही। इस कार्यक्रम भारतीय रिजर्व बैंक से बिनोद बिहारी मिश्रा, उप महाप्रबंधक; समीम अंसारी, उप-महाप्रबंधक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। स्कूल- शिक्षकों और भाग लेने वाले छात्रों ने आरबीआई द्वारा की गई इस वित्तीय जागरुकता पहल की सराहना की।

# लोकृति गुप्ता 'अनोखी' को उपन्यास 'क्योंकि तुम्ह ही हो' के लिए मिला अवार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ऑल झारखंड आर्टिस्ट एंड कल्चर एसोसिएशन (ए. जे. ए. सी. ए) की ओर से सुप्रसिद्ध लेखिका व कवयित्री लोकृति गुप्ता 'अनोखी' को उनके उपन्यास 'क्योंकि तुम्ह ही हो' के लिए लेखन में उत्कृष्ट योगदान के लिए साहित्य के क्षेत्र में बेस्ट राइटर अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनका चयन संगठन के अध्यक्ष रंजीत बिहारी प्रसाद, संरक्षक व मार्गदर्शक राजेश साहू, सचिव मेहुल प्रसाद व पूरी टीम ने इस अवार्ड के लिए किया।




लोकृती गुप्ता ने सब के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार पुरस्कृत होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। इस प्रकार उनका आकस्मिक चयन होने के कारण वो अपने भीतर एक नयी प्रेरणा और ऊर्जा का अनुभव कर रहीं हैं और उन्होंने सबका सादर धन्यवाद ज्ञापन ये कहते हुए किया कि आपने मुझे झारखण्ड स्तर के अवार्ड के लायक समझा और मेरा चयन किया ये मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। इस अवार्ड फंक्शन में उन्होंने रंजीत बिहारी जी, रीना सहाय जी व राजेश जी को पुस्तक भेंट स्वरुप देते हुए कहा कि ये उनका सौभाग्य हैं कि उन्हें इतने बड़े लोगों से आशिर्वाद की प्राप्ति हो रही है।

वारिष्ठ और प्रसिद्ध अभिनेत्री रीना ने लोकृती जी की बहुत प्रशंसा की और कहा कि लोकृति गुप्ता 'अनोखी' जिस तरह से अपने छोटे बच्चे को संभालते हुए निरंतर आगे बढ़ रहीं हैं, वो महिलाओं के लिए एक प्रेरणा हैं जिन्हें लगता है कि अब वो कुछ नहीं कर सकतीं।

मौके पर संगठन के अध्यक्ष रंजीत बिहारी जी ने कहा कि लोकृती गुप्ता जिस प्रकार से अंतराष्ट्रीय स्तर पर झारखण्ड को प्रस्तुत कर रहीं हैं और राज्य का नाम रौशन कर रहीं हैं, ये पुरुस्कार उनके साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए दिया गया है और संगठन को आगे भी उनसे बहुत उम्मीद है और उन्हें संगठन से पूर्ण समर्थन रहेगा।

संगठन के संरक्षक व मार्गदर्शक राजेश साहू ने कहा कि झारखंड में प्रतिभा की कोई कमी नहीं हैं और आज लेखन के क्षेत्र में लोकृति गुप्ता वैश्विक पटल पर झारखण्ड राज्य को जिस प्रकार निरंतर प्रस्तुत कर रहीं हैं, ये गर्व का विषय है और लोकृती गुप्ता की लेखनी सच में 'अनोखी' है।

## खबर एक नजर में

### बालाजी मंदिर में कल्याणोत्सव का हुआ समापन



**रांची।** रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज और श्रीगोविन्द दासजीजी महाराज अपने सहयोगियों के साथ वृंदावन के लिए प्रस्थान कर गये। कांचीपुरम से आये मुख्य आचार्य श्रीवत्स भट्टर एवं अन्य सभी अर्चकए नादस्वरम पार्टी तथा पालकी वाहकों की टोली सबों ने भी किया प्रस्थान। इसके पूर्व मंदिर में हुआ विदाई समारोह नादश्वरम वाद्ययन्त्र के धुनों और मंत्रोंच्चार के बीच विदाई की गयी। धोती, अंग वस्त्र, संभावना के समादर पूर्वक विदाई हुई। इसके पूर्व तीन दिवसीय कल्याणोत्सव का समापन हो गया।

### शिल्प व्यापार मेले में हस्तशिल्प की है मांग



**रांची।** बरियातू में चल रहे भारतीय शिल्प व्यापार मेले में खादी वस्त्र, हस्तशिल्प की अच्छी डिमांड है। सोमवार को काफी संख्या में लोग परिवार के साथ पहुंचे। देर शाम तक खरीदारी की। गर्म वस्त्र खासकर बंडी और खादी के शॉल की अच्छी-खासी बिक्री हुई। मेला घूमने आए लोगों ने खरीदारी के साथ नृत्य संगीत का आनंद भी उठाया मेला 5 जुलाई से 21 जुलाई तक चलने चलेगा। जिसमें प्रथम दिन प्रवेश नि:शुल्क था और बाकी दिनों के लिए 10 रुपये निर्धारित की गई है। अगर समय की बात करें तो सुबह 12 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहता है इस मेले में बिहार, बंगाल, केरल, गुजरात, यूपी सहित देश अन्य राज्यों के स्टाल लगे हैं।

### श्री शिव शक्ति मंदिर के वार्षिकोत्सव पर रुद्राभिषेक

**रांची।** रातू रोड स्थित न्यू मधुकम के रोड नंबर-5 एच के श्री शिव शक्ति मंदिर का सातवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। चार दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन सोमवार को कलश स्थापना की गयी और सामूहिक रुद्राभिषेक किया गया। आचार्य पंडित केदार नाथ मिश्र ने विधिवत पूजा-अर्चना करायी। श्री शिव शक्ति मंदिर समिति के अध्यक्ष अरबिंद कुमार मिश्र ने बताया कि मंगलवार की शाम में भंडारा होगा और बुधवार की रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा।

### देश की उच्च शिक्षा बदहाल : डॉ विनय भरत

**रांची।** छात्र जदयू के राज्य प्रभारी डॉ विनय भरत ने सोमवार को कहा कि पूरे देश में उच्च शिक्षा बजट आवंटन की कमी की वजह से बदहाल है। शिक्षकों की कमी है। आधारभूत संरचना की कमी के कारण ग्रामीण कॉलेज के साथ कई विश्वविद्यालय भी इससे जूझ रहे हैं। देश को गढ़ने वाले छात्र विषम परिस्थितियों में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि समृद्ध देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से हम पर शासन करने पर आमादा है। वहीं भारत में अभी भी वैज्ञानिक सोच और सामाजिक न्याय का सपना अधूरा है। छात्र जदयू के मुख्य प्रतिनिधि रंजन कुमार ने कहा कि आने वाले दिनों में रांची जिला समेत पूरे राज्य में छात्र जदयू का पुनर्गठन होगा। पदाधिकारियों का चयन उनकी योग्यतानुसार की जाएगी। राज्य प्रभारी का पद ग्रहण के बाद जदयू छात्र प्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ देकर डॉ विनय भरत का स्वागत किया। मौके पर रंजन कुमार, ज्योति, अरविंद, ऋत्विक, अमन, राहुल टुडु, रिशु, सूरज, सौरभ कुमार तथा अन्य मौजूद थे।

### संत अल्बर्ट्स कॉलेज में नया शैक्षणिक सत्र शुरू

**रांची।** संत अल्बर्ट्स कॉलेज रांची में शैक्षणिक सत्र 2023-24 का शुभारंभ, उद्घाटन समारोह के साथ सोमवार को किया गया। इस समारोह में विभिन्न गतिविधियों को सम्मिलित किया गया जिसके अंतर्गत मिस्सा बलिदान, नये सत्र की घोषणा, दीप प्रज्वलन, स्वागत संबोधन, अवार्ड परितोषण, अतिथियों का संबोधन तथा स्कॉला ब्रेविस रहा। समारोह के मुख्यातिथि कॉलेज के चांसलर व रांची महाधर्मप्रान्त के महाधर्माध्यक्ष फेलिक्स टोप्पो तथा विशिष्ट अतिथियों में कॉलेज के वाईस चांसलर व खूंटी के धर्माध्यक्ष विनय कंडुलना थे। इस अवसर पर कॉलेज के स्टाफ, विद्यार्थी, गोसनेर कॉलेज के विद्यार्थी व स्टाफ एवं अतिथिगण उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मिस्सा पूजा से हुआ जिसका मुख्य अनुष्ठाता आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो थे। प्रवचन में उन्होंने कहा, आप यहां नबी, चरवाहा तथा शिक्षक बनने के लिये प्रशिक्षित किये जाते हैं। ईश्वरीय प्रज्ञा के साथ मानवीय मूल्यों को आत्मसात करके उनकी गहराई तक जाने की जरूरत है।

### लेजर रन नेशनल चैंपियनशिप में नीरा ने जीता गोल्ड

रांची। मॉडर्न पेंटाथलन फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित लेजर रन नेशनल चैंपियनशिप 2023 में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा. 8 से 9 जुलाई तक अहमदनगर, महाराष्ट्र में आयोजित इस प्रतियोगिता में झारखंड से 10 खिलाड़ियों ने भाग लिया. इसमें नीरा कुमारी (गर्ल्स अंडर 11 ) ने झारखंड को गोल्ड मेडल दिलाया। मोनिका कुमारी (गर्ल्स अंडर 17) ने सिल्वर मेडल दिलाया। पिंकी कुमारी गर्ल्स अंडर 19 में चौथे, सोनू कुमार अंडर 19 में छठे, छोटू कुमार अंडर 17 में सातवें, अदीत गोस्वामी अंडर 15 में नौवें तथा विराट कुमार, रौशन कुमार यादव,अभिषेक कुमार, नंदलाल राय क्रमसा सीनियर बॉयज में आठवां स्थान प्राप्त किया। राज्य टीम में प्रशिक्षक के रूप में शिवा कुमार महतो मौजूद रहे. सभी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षक को मॉडर्न पेंटाथलन एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष एसके पांडे, महासचिव शैलेंद्र पाठक, धनबाद जिला मॉडर्न पेंटाथलन संघ के अध्यक्ष महावीर प्रसाद महतो के अलावा झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक समेत सभी पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है।

# ऐ मेघ! तू बरसा नेह जल, मैं प्यासी धरती तृप्ति को विकल

## रांची में साहित्यिक संस्था शब्दकार ने किया मासिक गोष्ठी का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सावन के आगमन के साथ ही सोमवार को सर्कुलर रोड स्थित होटल सिटी पैलेस में साहित्यिक संस्था शब्दकार की मासिक गोष्ठी आयोजित की गयी। इसमें डॉ अरुण कुमार, अनीता रश्मि, निवास चंद्र ठाकुर एवं सुरेंद्र कौर नीलम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।



गोष्ठी का आरंभ संगीता कुजारा टॉक के स्वागत उद्बोधन से हुआ, तत्पश्चात समायरा शेखर ने सरस्वती वंदना की। सावन की चर्चा के पश्चात विभिन्न कवियों ने अपनी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। रश्मि शर्मा ने सुनाया- हल्की-हल्की सी बारिश और तनहा यहां हम, ऐसे में तुझको याद न करें तो और क्या करें हम....तो संगीता कुजारा टॉक कहती हैं- मैं तेरे दिए जख्म चख रही थी, नमक इसमें कुछ ज्यादा है साहेब...। नंदा पांडेय की कविता है- अल्हड़ लड़कियां नहीं जानती छंद और बंद..., तो अंशुमिता शेखर ने सुनाया-सादे पन्नों पर आज कुछ लिखना था...। रीता गुप्ता ने बारिश पर सरस गद्य का पाठ किया तो जयमाला की कविता सबको पसंद आई । पुष्पा पांडेय का गीत-हरियाली का मौसम आया, टप-टप बरसे पानी ने बिना बारिश के भी बारिश का एहसास करा दिया। अभिषेक अब्र की कविता आओ मानसून देव! हमारे भी बसेरे में स्वागत है .. अभी झारखंड के लिए सटीक है तो सुषमा झा ने वर्षा का आह्वान किया -ऐ मेघ! तू बरसा नेह-जल, मैं प्यासी धरती तृप्ति को विकल।

डॉ सुरेंद्र कौर नीलम ने पढ़ा- हवा ने जाने क्या कहा है, बादल के कानों में... तो अनीता रश्मि ने कविता की यात्रा पर बात करते हुए अपनी कविता अब तो कहीं सूखे खेत, कहीं भटकते मेघ पढ़ी। निवास चंद्र ठाकुर की कविता- सोचता हूं यह आइना बदल ही डालूं.. पढ़ने के बाद अंत में डॉ अरुण कुमार ने कविता और उनके मानक तथा कविता के परंपरागत रूप एवं वर्तमान परिदृश्य पर व्यापक चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में समायरा ने गीत गाया और धन्यवाद ज्ञापन रीता गुप्ता ने दिया। कार्यक्रम का संचालन राजीव थेपड़ा ने किया, गीत भी सुनाया। कार्यक्रम में डॉ अरुण कुमार निवास चंद्र ठाकुर, अनीता रश्मि, सुरेंद्र कौर नीलम, रश्मि शर्मा, संगीता कुजारा टॉक, रीता गुप्ता, नंदा पांडे, राजीव थेपड़ा, प्रणव प्रियदर्शी, सत्या शर्मा कीर्ति, अभिषेक अब्र, सुषमा झा, विजय राजगढ़िया, मनोज कुमार झा, रेनू झा, अर्पणा सिंह, कविता रानी सिंह, पुष्पा पांडे, उमा सिन्हा, अंशुमिता शेखर समायरा शेखर, सुमिता सिन्हा, संगीता सहाय अनुभूति, मृदुला सिन्हा, रिंकू बनर्जी, संस्कृति श्री, रेनू बाला धर, मौसमी घोष सुनीता अग्रवाल, ममता मनीष सिन्हा एवं निराला पाठक शामिल हुए।

## अभिभावक अपने बच्चों का सरकारी उत्कृष्ट विद्यालयों में करायें नामांकन : अजय राय

**रांची।** झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को शहीद चौक स्थित जिला स्कूल का दौरा किया तथा वहां के प्राचार्या मंजुला एक्का से मिलकर उत्कृष्ट विद्यालय के संबंध में चर्चा की। मुलाकात के क्रम में प्राचार्या मंजुला एक्का ने वर्तमान सत्र 23/24 में सीबीएसई पैटर्न के तहत क्लास 06 से नए नामांकन की प्रकिया शुरू करने की जानकारी देते हुए बताया कि सैकड़ों की संख्या में नए नामांकन अब तक हुए हैं। कोशिश है कि राज्य सरकार ने जो पाठ्यक्रम सीबीएसई पैटर्न के तहत तैयार किया है, उसे सही तरीके से हम लागू कर सकें। इसे लेकर प्रयास किया जा रहा है। अजय राय ने प्राचार्य को सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने ने प्राचार्या मंजुला एक्का की तारीफ करते हुए कहा कि अब स्कूल के माहौल में काफी परिवर्तन है। हम अभिभावकों से अपील करेंगे कि वह अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल की जगह ऐसे उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन करायें।

## पहाड़ी बाबा की संध्या आरती



रांची। पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर सोमवार को महाआरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर रांची शहर के तमाम धार्मिक और सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित थे। महाआरती के मुख्य अतिथि गो आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव और राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सोमवित माजी जी विशिष्ट अतिथि रमन सिंह बंटी उपस्थित थे।

# पहाड़ी मंदिर में जलाभिषेक को उमड़ी भक्तों की भीड़

**पहली सोमवारी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सावन की पहली सोमवारी पर पहाड़ी मंदिर समेत राजधानी के सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ रही। भोले बाबा के भजन से पूरा माहौल भक्तिमय रहा। शिवभक्तों ने पहाड़ी बाबा को जलाभिषेक किया। कुछ भक्त रात में ही स्वर्णरेखा नदी से जल उठाकर पैदल चल कर पहाड़ी मंदिर पहुंचे और कतारबद्ध होकर महादेव को जल चढ़ाया। अन्य मंदिरों में भी भोलेनाथ के भक्त पूजा और जलाभिषेक करने पहुंचे थे। इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग किया गया। रातू रोड दुर्गा मंदिर से लेकर मंदिर तक भक्तों की भीड़ थी। मेन रोड मंदिर, प्लाजा चौक, रातू रोड, कोकर व हरमू रोड शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्तों की भीड़ दिखी।

**भक्तों की सुविधा पर खास ध्यान**

मंदिर में भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसपर मंदिर प्रशासन इसका ध्यान रख रहा है। भक्तों को बाबा का जलाभिषेक में परेशान ना होना पड़े इसके लिए 3000 लोटा की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा नियमित जलापूर्ति के लिए एक और नया मोटर भी लगाया गया है।

### महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइन

जलाभिषेक के लिए महिला व पुरुष भक्तों के लिए अलग-अलग लाईन की व्यवस्था थी। बैरिकेडिंग भी की गई थी। इसके अलावा असामाजिक तत्वों की हरकतों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी लगाये गये हैं। जिससे पूरे परिसर में निगरानी रखी जा रही है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल की भी तैनाती की गयी है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम भी किये गये थे। रांची सदर सीओ अमित भगत भी दंडाधिकारी के रूप में मौजूद थे।

### श्रीराम जानकी मंदिर में भी भक्तों की रही भीड़



**रांची।** सावन की पहली सोमवारी पर शाहदेव नगर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में भी शिवलिंग पर जलार्पण को लेकर भक्तों की भीड़ उमड़ी। कुछ इसी तरह की भीड़ विश्वनाथ मंदिर पिस्का मोड़ समेत राजधानी के अन्य मंदिरों की भी थी।

**संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक आयोजित**

## 18 जुलाई की बैठक में बनायी जायेगी आगे की रणनीति




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक सोमवार को किसान संग्राम समिति के अध्यक्ष राजेंद्र गोप की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति, संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक महेंद्र पाठक, झारखंड राज्य किसान सभा के अध्यक्ष सुरजीत सिन्हा समेत अन्य मौजूद रहे। महेंद्र पाठक ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों ने किसानों को धोखा दिया है। संगठन किसान आयोग का गठन, किसानों के लिए अलग से बजट बनाने, भूमि बैंक को समाप्त करने, गैरमजरूआ जमीन की रसीद को चालू कराने, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को लागू कराने, ऑनलाइन के नाम पर बड़े पैमाने पर रोक लगाने सहित कई मांगों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा आने वाले दिनों के लिए आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगी।

उन्होंने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 18 जुलाई 2023 किसान समन्वय संघर्ष समिति संयुक्त मोर्चा की विस्तारित बैठक रखी जाएगी जिसमें सभी संगठनों के राज्य कमेटी के लोग भाग लेंगे। बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा के झारखंड प्रभारी पूर्व विधायक राजा राम सिंह भाग लेंगे। 3 अगस्त को झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में उपरोक्त मांगों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से विधानसभा के समक्ष महाधरना का आयोजन किया जाएगा। नेताओं ने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार लगातार किसानों पर हमला कर रही है।

**पासवा ने 15000 से अधिक मेधावियों को किया सम्मानित, बच्चों के खिले चेहरे**

# टॉपर बनने से चूके बच्चों का भी हौसला बढ़ाना जरूरी ताकि भविष्य में वे भी टॉपर बन सकें : डॉ रामेश्वर उरांव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** प्राईवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) की ओर से सोमवार को खेल गांव स्थित हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सीबीएसई, आईसीएसई और जैक बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं तथा 12वीं की परीक्षाओं के टॉपर और 80% से अधिक अंक लाने वाले 15 हजार से अधिक छात्र छात्राओं को एक साथ सम्मानित किया गया। सम्मान के रूप में उन्हें मेडल, नकद राशि और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद मिला। बच्चे भी सम्मान पाकर काफी खुश हुए। राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री हाफिजुल हसन, पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद, शिक्षाविद् बिपीन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, राष्ट्रपति पुरस्कार अवॉर्डी फलक फातिमा, प्राचार्य एलआर सैनी, एमके सिन्हा, एसके सिन्हा, पासवा उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोट और अन्य अतिथियों ने बच्चों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में राज्य भर से 200 से अधिक प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर भी मौजूद थे, जिन्हें मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

### बच्चे खेलकूद में भी बना रहे राष्ट्रीय पहचान : रामेश्वर

वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि छात्र-छात्राओं की हौसला अफजाई का यह अपने आप में अनूठा आयोजन है। पासवा की ओर से इस तरह का आयोजन कर राज्य के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में टॉपर तो सम्मानित होते हैं लेकिन विभिन्न कारणों से जो विद्यार्थी कुछ अंक लाने से टॉपर बनने से चूक जाते हैं, उनका हौसला भी बढ़ाना आवश्यक है ताकि भविष्य में वह बच्चे भी टॉपर बन सकें। उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी का उदाहरण देते हुए बताया कि झारखंड के बच्चे खेलकूद में भी राष्ट्रीय पहचान बना रहे हैं और बच्चों को भी इस दिशा में भी प्रयासरत रहना चाहिए। वहीं, खेलकूद एवं युवा कार्यों के मंत्री माननीय हफीजुल हसन ने कहा कि यह सम्मान बच्चों का हौसला बढ़ाएगा, निश्चित रूप से इस तरह के प्रोत्साहन से बच्चे राष्ट्र के विकास में नए कीर्तिमान गढ़ेंगे।

### बच्चों के सम्मान का सबसे बड़ा आयोजन : श्यामल

पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में पासवा ने जिस तरह संगठन में छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और निजी विद्यालय के संचालकों की परेशानी को दूर करने की आवाज उठाकर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने का कार्य किया है, वह काबिले तारीफ है। संगठन पिछले 23 वर्षों से विद्यार्थियों को सम्मानित कर रहा है लेकिन पहली बार इतने बड़े पैमाने पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया है। संभवतः विद्यार्थियों को सम्मानित करने का यह देश का सबसे बड़ा आयोजन है।

### सम्मान देने से आगे बढ़ने की मिलती है प्रेरणा : आलोक

आलोक कुमार दूबे ने कहा कि सम्मान से बच्चों के हौसलों को नए पंख मिलते हैं। छात्र जीवन में सम्मान देने से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। वहीं शिक्षा विद् बिपीन सिंह ने पासवा के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के सम्मान से बच्चों में आगे बढ़ने की चाह बढ़ेगी और वे राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक बनेंगे। उनमें सफल होने की चाह बढ़ेगी। कार्यक्रम में नीरज कुमार, डॉ सुषमा केरकेट्टा, आलोक बिपीन टोप्पो, संजय प्रसाद, अल्ताफ अंसारी, राशीद अंसारी, प्रियम कुमारी, रमण झा, फिजां कुमारी सहित झारखंड के विभिन्न जिला जमशेदपुर, चतरा, हजारीबाग, गुमला, लोहरदगा, बोकारो, सिमडेगा, पलामू तथा प्रत्येक जिले से पासवा के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं विद्यालयों के शिक्षक एव संचालक उपस्थित थे। कार्यक्रम में इंडियन आइडल के उपविजेता शगुन पाठक ने शमां बांध दिया।

# मौत को गले लगा रहे सुरक्षा बलों के जवान

**जवानों की आत्महत्या का बढ़ रहा है ग्राफ**

**सीआरपीएफ, बीएसएफ, आइटीबीपी, एसएसबी और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में तैनात केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड में तैनात जवान मौत को गले लगा रहे हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो पिछले दो तीन सालों में केंद्रीय बलों के जवानों के द्वारा आत्महत्या का ग्राफ बढ़ रहा है। यह एक चिंता का विषय है। इन घटनाओं के पीछे की मुख्य वजह घरेलू समस्या, वित्तीय संकट, काम का दवाब, बीमारी और समय पर छुटटी नहीं मिलना बताया गया है।

### केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने कब-कब की आत्महत्या



| | |
|---|---|
| 10 जुलाई 2023 : | पलामू के चियांकी 112 बटालियन में तैनात सीआरपीएफ के जवान प्रांजल नाथ ने गोली मारकर आत्महत्या कर की। |
| 06 जनवरी 2023 : | चाईबासा के गोईलकेरा में सीआरपीएफ के जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। |
| 08 अक्टूबर 2022 : | लातेहार में सीआरपीएफ के जवान ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। |
| 19 सितंबर 2022 : | धनबाद में आरपीएसएफ जवान ने छत से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। |
| 27 अगस्त 2022 : | चक्रधरपुर में सीआरपीएफ के जवान अजीत पाठक ने खुद को गोली मार ली थी। |
| 26 मई 2022 : | गिरिडीह पंचायत चुनाव की ड्यूटी में बगोदर आये एसएसबी जवान ने गोली मार ली थी। |
| 08 फरवरी 2022 : | धनबाद के चासनाला निवासी सीआईएसएफ के जवान सारथी नंदन झा ने आत्महत्या की थी। |
| 31 दिसंबर 2021 : | लोहरदगा के चैनपुर पिकेट में तैनात सीआरपीएफ के जवान दिलीप कुमार ने खुद को गोली मार ली थी। |
| 27 जुलाई 2021 : | हजारीबाग जिले में मेरु में सीमा सुरक्षा बल के जवान कमलेश सिंह ने आत्महत्या की थी। |
| 9 जुलाई 2021 : | गिरिडीह के मधुबन में सीआरपीएफ के जवान रतन दास ने गोली मार ली थी। |
| 08 जून 2021 : | चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के बेलगडा कोरोना आइसोलेशन संटर में सीआरपीएफ 190वीं बटालियन के एक जवान ने पहले साथी को और फिर खुद को गोली मार ली थी। |
| 31 मई 2021 : | हजारीबाग में बीएसएफ के एक जवान ने आत्महत्या की थी। |
| 26 फरवरी 2021 : | गुमला में सीआरपीएफ जवान ने अपनी ही रायफल से खुद को गोली मारकर की आत्महत्या कर ली थी। |

जवान क्यों आत्महत्या कर रहे हैं। इस मामले में पुलिस विभाग भी गंभीर है। कई बार पुलिस अधिकारियों ने समय-समय पर कैंप पर जाकर काउंसिलिंग की व्यवस्था की जा रही है। पुलिस विभाग एक्सपर्ट के साथ मिलकर मंथन कर रहा है।

**एवी होमकर आइजी सह प्रवक्ता झारखंड पुलिस**

## 70 प्रतिभागियों को पछाड़कर मॉडल पम्मी सिंह बनीं विजेता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी स्थित आशीर्वाद बैंक्वेट हॉल में सोमवार रात फैशन शो का आयोजन किया गया। सीग्लैम के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टिसिपेंट्स काफी कॉन्फिडेंट नजर आए वहीं दर्शक भी काफी उत्साहित दिखे। पांच राउंड की कठिन प्रक्रिया से गुजरने के बाद पम्मी सिंह ग्रैंड फिनाले की विजेता बनी। झारखंड के लगभग सभी जिलों में हुए ऑडिशन के बाद 70 प्रतिभागियों के बीच हुई इस प्रतियोगिता में वो अपना स्थान बनाने में सफल रही। वहीं जमशेदपुर की तनिशा मिश्रा फर्स्ट रनर अप और जमशेदपुर की ही निशा सेकंड रनर अप रही। इन सभी विजेताओं को नेक्स्ट टॉप मॉडल 2023 अवार्ड से नवाजा गया। सिग्लैम फैशन के निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि झारखंड की छिपी प्रतिभाओं को एक मुकाम देना हमारा मकसद है ताकि ये प्रतिभाएं आगे जाकर झारखंड का नाम रौशन कर सकें।

**खबर एक नजर में**

### माओवादी रविंद्र गंझू का सहयोगी राजू कुमार से एनआइए कर रही पूछताछ

रांची। माओवादी रीजनल कमांडर रविंद्र गंझू का सहयोगी राजू कुमार से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) पूछताछ कर रही है। एनआईए राजू कुमार को पांच दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। राजू पर रविंद्र गंझू के पैसे को अलग-अलग व्यवसाय में लगाने का आरोप है। राजू कुमार को एनआईए की टीम ने छह जुलाई को लोहरदगा के कुडू बाजार से गिरफ्तार किया था। राजू कुमार पिछले छह माह से एनआईए की रडार पर था। राजू कुडू थाना क्षेत्र के विश्रामगढ़ गांव का रहने वाला है। एनआईए ने पूर्व में विश्रामगढ़ में छापेमारी की थी। एनआइए ने ईंट-भळे से पिस्टल, बैंक पासबुक और जमीन के कागजात बरामद किया था। एनआईए ने राजू कुमार को समन भी भेजा था, लेकिन समन मिलने के बाद वह फरार चल रहा था।

### बीच सड़क पर खड़ी की बुलेट, कटा चालान



**रांची।** हम नहीं सुधरेंगे, ये कुछ लोग अपनी जिदंगी में शामिल कर लिये हैं। इन्हें दूसरों की तकलीफों का जरा सा भी अहसास नहीं होता। ये अपनी सहुलियत के हिसाब से काम करते हैं। लेकिन कभी-कभी ये दावं उल्टा पड़ जाता है। सोमवार को एक मामला डेली थाना क्षेत्र में देखने को मिला। एक बाइक सवार चुरूवाला होटल के सामने बीच सड़क पर ही बुलेट को खड़ा करके कुछ समान खरीदने चला गया। थोड़े ही देर के बाद गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। किसी ने इसकी सूचना डेली मार्केट थाना को दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक पहुंचे। इसके बाद तत्काल ट्रैफिक पुलिस पदाधिकारी शशि केरकेट्टा को बुलाया गया। फिर ऑनलाइट चालान कट गया। थाना प्रभारी ने लोगों से कहा कि इस तरह गाड़ी रोड पर खड़ा नहीं करना चाहिए। इससे जाम लगने का आशंका बना रहता है। लोगों को इससे काफी परेशानी होती है। गाड़ी को सुरक्षित व किनारे पर खड़ा करने की सलाह दिया।

### रिम्स में 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत, खेत में काम करते समय काटा था सांप



रांची। रिम्स में सोमवार सर्पदंश के एक मरीज की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि धनेश्वर उरांव जब खेत में काम करने गया थो सांप ने काट लिया था। इसके बाद उसे बेहतर ईलाज के लिए रिम्स लाया गया था। ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मालूम हो कि बरसात आते ही सर्पदंश के मरीजों की संख्या बढ़ने लगती है।

**सीएम ने अस्पतालों को दवा रखने का दिया है निर्देश :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्य के सभी अस्पतालों में स्नेक बाइट (एंटी वेनम) दवा का स्टॉक रखने के निर्देश दिया है। उन्होंने सर्पदंश से लोगों की मौत न हो ऐसी व्यवस्था कायम करने का निर्देश चिकित्सकों को दिया है। बताते चलें कि धनेश्वर उरांव गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र स्थित हटाटोली का रहने वाला है। वह खेत में काम करने गया था। इसी दौरान विषैले सांप ने उसके बाएं पैर में काट लिया। आनन-फानन में परिजन उसे लोहरदगा सदर अस्पताल गये, जहां से बेहतर इलाज के लिए धनेश्वर को रिम्स रेफर कर दिया गया।

## पश्चिमी भारत में भारी बारिश के कारण कई ट्रेनें रद्द, झारखंड में भी पड़ेगा असर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** उत्तर पश्चिमी भारत में जारी भारी बारिश का असर ट्रेनों पर देखने को मिल रहा है। राज्य के अलग-अलग स्टेशनों से चलने वाली ट्रेनों पर इसका असर देखा जा रहा है। जहां रेलवे बोर्ड ने कुछ ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है तो वहीं कुछ ट्रेनों को अन्य स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। पंजाब से गुजरने वाली ट्रेन या पंजाब तक जाने वाली ट्रेनों पर इसका असर सबसे अधिक पड़ा है। जहां रविवार से ही भारी बारिश के कारण इन ट्रेनों की सेवा बंद कर दी गयी है। इसमें धनबाद से होकर चलने वाली ट्रेन की बात करें तो धनबाद से रवाना हुई गंगा-सतलज एक्सप्रेस ट्रेन को लक्सर स्टेशन पर ही अगले आदेश तक के लिये रोक दिया गया है। कोलकाता-अमृतसर दुर्गियाना एक्सप्रेस को केसरी स्टेशन पर रोका गया है। जो राज्य के अलग अलग स्टेशनों से होकर गुजरती है। रविवार को रवाना हुई जम्मूतवी एक्सप्रेस को पानीपत होकर चलाया जा रहा है। बता दें पंजाब के सरहिंद से नांगल डैम और चंडीगढ़ से सानेहवाल के बीच रेलवे ट्रैक पर अत्यधिक जलजमाव होने से ट्रेनों की सेवा प्रभावित हुई है।

**आज रद्द रहेंगी ये ट्रेनें :** 11 जुलाई या मंगलवार को कुछ ट्रेनें रद्द की गयी है। जिसमें गंगा-सतलज एक्सप्रेस और कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस के मंगलवार को रद्द होने की गयी है। वहीं, फरोजपुर-धनबाद गंगा सतलज एक्सप्रेस, जम्मूतवी-हावड़ा हिमगिरि एक्सप्रेस, अमृतसर-हावड़ा पंजाब मेल रविवार को रद्द कर दी गयी। ये ट्रेनें राज्य के प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरती है। जिसमें कोडरमा, हजारीबाग, पारसनाथ, धनबाद है।

**खेती पर संकट** **झारखंड में धीमी पड़ी मानसून की रफ्तार**

# 15 जुलाई के पहले बारिश की संभावना कम, तापमान में भी नहीं होगी बढ़ोतरी

**ठंडी हवा चलने से मिलेगी राहत**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य में मानूसन का विशेष असर नहीं देखा जा रहा है। जहां दिन में लोगों को धूप का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, कुछ जिलों में तापमान में अधिकता के कारण लोगों को गर्मी भी सता रही है। ऐसे में अभी भी लोगों को तेज बारिश का इंतजार है। हालांकि मानसून आगमन के साथ ही राज्य के कुछ जिलों में मूसलाधार बारिश हुई लेकिन बारिश के बाद मौसम सामान्य हो जाने से लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो राज्य में 15 जुलाई से सभी जिलों में बारिश की संभावना है। इसके पहले कुछ कुछ जिलों में अलग अलग समय में बारिश होगी। वहीं, ठंडी हवाएं चलने से लोगों को राहत मिलेगी। 11 और 12 जुलाई को राज्य के उत्तर पूर्वी भागों में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। इसमें दुमका, गोड्डा, साहेबगंज, गिरिडीह समेत अन्य जिलों में बारिश होगी। इस दौरान इन जिलों में वज्रपात की भी संभावना है।



जिन खेतों में बुआई हो गयी, उसमें भी पर्याप्त पानी नहीं।

**तापमान में नहीं होगी वृद्धि :** मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले पांच दिनों तक तापमान में वृद्धि नहीं होगी। इसके बाद तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। हालांकि 11 जुलाई तक राज्य का औसत अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री तक रहने की संभावना है। 12 जुलाई के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। जो 30 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज की जायेगी। इस दौरान न्यूनतम तापमान में भी कमी दर्ज की जायेगी। जो 28 डिग्री तक होने की संभावना है। राजधानी रांची की बात करें तो 15 जुलाई तक रांची में बादल छाये रहने की संभावना है। हालांकि कुछ हिस्सों में इस दौरान धूप भी निकलेगा। वहीं, एक दो जगहों में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है।

# चीन की धीमी गति

चीन की अर्थव्यवस्था ऊर्जाहीनता की अजीब तस्वीर पेश कर रही है। दुनिया का बड़ा हिस्सा जहां मुद्रास्फीति से जूझ रहा है, वहीं चीन अपस्फीति का शिकार है। वहां उत्पादक मूल्य में अपस्फीति है और उपभोक्ता कीमतों पर आधारित महंगाई कम है। दुनिया के अन्य हिस्सों के केंद्रीय बैंक जहां ब्याज दरें बढ़ा रहे हैं, वहीं चीन का केंद्रीय बैंक मौद्रिक नीति कोशिथिल कर रहा है। भारत जैसे देशों में जहां शेयर बाजार में तेजी आ रही है, वहीं शांघाई कंपोजिट इंडेक्स 2009 की तुलना में भी नीचे आ चुका है। विनिर्माण के गढ़ माने जाने वाले चीन में औद्योगिक उत्पादन कोविड के पहले के स्तर से भी कमतर है। ऋण वृद्धि में? गिरावट आ रही है और डॉलर के मुकाबले युआन भी कमजोर हो रहा है। इन बातों ने 2022 के बाद आ?र्थिक सुधार की कहानी को यकीनन कमजोर किया है। अनुमान था कि गत कैलेंडर वर्ष में वृद्धि दर 5.5 फीसदी रहेगी लेकिन वह केवल तीन फीसदी रह गई। अगर कोविड से प्रभावित वर्ष 2020 को छोड़ दिया जाए तो यह दर काफी कम है। इस वर्ष वृद्धि का आधिकारिक अनुमान 5 फीसदी का है लेकिन कम आधार के बावजूद हर बीतते महीने के साथ परिदृश्य में अनि?श्चितता बढ़ती जा रही है। टीकाकार घरेलू मांग तथा निजी निवेश में कमी की ओर संकेत करते हैं।

कोविड महामारी की शुरूआत वाली तिमाही को छोड़ दिया जाए तो एक दशक में पहली बार निजी निवेश में कमी आई है। जनवरी- अप्रैल में शुरू होने वाले नए आवासों का स्तर एक वर्ष पहले की तुलना में 20 फीसदी कम हुआ। व्यापारिक मोर्चे पर आठ में से छह महीनों में निर्यात में कमी आई है। आयात भी कमजोर है। संपत्ति बाजार और निर्यात के बल पर आगे बढ़ रही अर्थव्यवस्था के दोनो इंजन कमजोर नजर आ रहे हैं। शायद मुद्रास्फीति का तीन फीसदी का लक्ष्य भी हासिल न हो।

# बड़ी सफलता

भारत के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान आईआईटी बॉम्बे ने एक खास उपलब्धि हासिल की है। दुनिया भर की शैक्षिक संस्थाओं के लिए की जाने वाली क्वाक्वारेली साइमंड्स (क्यूएस) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में आईआईटी बॉम्बे को 150 शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों में 149 वां स्थान हासिल हुआ है। भले हम पीछे से दूसरे स्थान पर आए हैं, लेकिन फिलहाल इसी में खुश हुआ जा सकता है कि भारत के किसी संस्थान को क्यू एस रैंकिंग में स्थान मिला है। आईआईटी बॉम्बे ने वैश्विक स्तर पर 149वीं रैंक हासिल करने के लिए 23 स्थान की बड़ी छलांग लगाई है। इससे आठ साल पहले भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर ने 2016 में 147वीं रैंकिंग के साथ यह उपलब्धि हासिल की थी। क्यूएस के शीर्ष 500 की रैंकिंग में इस साल पहली बार दिल्ली विश्वविद्यालय और अन्ना विश्वविद्यालय ने भी जगह बनाई है। लेकिन भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर 155वें रैंक से 70 स्थान गिरकर 225वें स्थान पर आ गया है। आईआईटी दिल्ली 174 से गिरकर 197 वें स्थान पर आ गया है। भारत के लिए खुश होने वाली बात ये है कि भारत के 45 विश्वविद्यालयों को इस रैंकिंग में शामिल किया गया, जो दुनिया में सातवां सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है। भारत के अलावा एशिया से जापान के 52 और चीन के 71 विश्वविद्यालय रैंकिंग में लिए गए हैं। अमेरिका का मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) लगातार बारहवीं बार विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग में शीर्ष पर है, इसके बाद यूके की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी हैं। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) पिछले साल मिले 11वें स्थान से तीन स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष 10 क्लब में शामिल होने वाला पहला एशियाई विश्वविद्यालय बन गया है।

# राष्ट्रीयकरण, एकीकरण और निजीकरण



जुलाई 1969 में कुछ निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था। अब इन्हें पलटने का काम 53 साल बाद हो रहा है। शुरूआत में आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के अलावा 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से केवल दो का निजीकरण होगा। आईडीबीआई बैंक पहले ही निजीकरण की प्रक्रिया से गुजर रहा है। 19 जुलाई, 1969 की मध्य रात्रि को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के राष्ट्र को संबोधन के कुछ घंटों के बाद 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। इन बैंकों में हरेक की जमाएं कम से कम 50 करोड़ रुपये थीं। दूसरे चरण में छह बैंकों का राष्ट्रीयकरण 1980 में किया गया। इन बैंकों में से प्रत्येक की जमाएं 200 करोड़ रुपये से अधिक थीं।

उसके बाद बैंकिंग उद्योग में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। जून 1969 में 73 वाणिज्यिक बैंक थे। अब 78 हैं, जिनमें लघु वित्त बैंक, भुगतान बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और स्थानीय क्षेत्र बैंक शामिल नहीं हैं। जून 1969 से दिसंबर 2021 के बीच बैंक शाखाओं की संख्या 8,262 से बढ़कर 2,11,332 पर पहुंच गई है।

जून 1969 में बैंकों का जमा पोर्टफोलियो 4,646 करोड़ रुपये और कुल ऋण 3,599 करोड़ रुपये था। 1 जुलाई, 2022 तक जमा पोर्टफोलियो बढ़कर 169.6 लाख करोड़ रुपये और कुल ऋण 123.8 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गए हैं।

सरकार ने निजीकरण की योजना से पहले विलय की मुहिम चलाई ताकि बैंकों को बड़ा और मजबूत बनाया जा सके। इससे सरकारी बैंक की संख्या घटकर 12 रह गई है, जो 2017 में 27 थी। उनमें से सात काफी बड़े हैं और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) परिसंपत्तियों के लिहाज से दुनिया भर में शीर्ष 50 बैंकों में शामिल है।

पहली बार फरवरी 2021 के केंद्रीय बजट में दो पीएसबी के निजीकरण का जिक्र किया गया। उससे पहले सरकार ने आईडीबीआई बैंक के निजीकरण की प्रतिबद्धता जताई थी। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने जनवरी 2019 में आईडीबीआई बैंक में 51 फीसदी हिस्सेदारी ली। उसके बाद एलआईसी की हिस्सेदारी घटकर 49.24 फीसदी पर आ गई क्योंकि बैंक ने दिसंबर 2020 में पात्र संस्थागत निवेशकों से 1,435 करोड़ रुपये जुटाकर अपनी इक्विटी बढ़ाई है। इस बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 45.48 फीसदी है।



-टी बंधोप्ध्याय

> जून 1969 में बैंकों का जमा पोर्टफोलियो 4,646 करोड़ रुपये और कुल ऋण 3,599 करोड़ रुपये था। 1 जुलाई, 2022 तक जमा पोर्टफोलियो बढ़कर 169 .6 लाख करोड़ रुपये और कुल ऋण 123 .8 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गए हैं। सरकार ने निजीकरण की योजना से पहले विलय की मुहिम चलाई ताकि बैंकों को बड़ा और मजबूत बनाया जा सके।

आईडीबीआई बैंक एक निजी बैंक है, जिसका परिचालन कंपनी अधिनियम, 2013 के मुताबिक होता है। फिर भी यह केंद्रीय सतर्कता आयोग की जकड़न से मुक्त नहीं है, यह सूचना के अधिकार के दायरे में भी आता है और इसे राजभाषा नियमों का भी पालन करना होता है। ये सभी सरकारी बैंकों की विशेषताएं हैं।

एलआईसी ने जरूरत पड़ने पर पांच साल के लिए पूंजी झोंकने और 12 साल में अपनी हिस्सेदारी घटाकर 40 फीसदी पर लाने की प्रतिबद्धता जताई है। हालांकि भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के आदेश के मुताबिक एलआईसी जल्द ही बैंक में अपनी हिस्सेदारी घटाकर 15 फीसदी पर लाएगी और बैंक का प्रबंधन छोड़ देगी। परंपरागत रूप से सरकार पीएसयू में अपनी हिस्सेदारी धन कमाने के लिए बेच रही है, लेकिन बैंकों के निजीकरण के पीछे तर्क सार्वजनिक धन को उनका वजूद बचाए रखने में उपयोग करने पर रोक लगाना है। सरकार 1994 से इन बैंकों में करीब 4.5 लाख करोड़ रुपये पूंजी के रूप में झोंक चुकी है। निजीकरण का रास्ता साफ करने के लिए बैंक राष्ट्रीयकरण अधिनियम में संशोधन करना जरूरी है। क्या सरकार अपनी हिस्सेदारी 51 फीसदी से थोड़ा नीचे लाकर रुक जाएगी या इसमें और कटौती करेगी? यह निजीकरण की सफलता के लिए बहुत अहम है। अगर सरकार निवेशकों में पीएसबी को लेकर उत्साह का संचार करना चाहती है तो उसे कुछ और बदलाव लाने की जरूरत है। राष्ट्रीयकरण अधिनियम सरकार को व्यापक नियंत्रक शक्तियां देता है, जो अन्य किसी प्रमुख शेयरधारक को उपलब्ध नहीं हैं। मसलन, सरकार 10 फीसदी से अधिक वोटिंग का इस्तेमाल कर सकती है, लेकिन यह विशेषाधिकार अन्य किसी शेयरधारक को नहीं है । इसकी पूंजी बढ़ाने और घटाने में निर्णायकभूमिका है

यह जनहित में राष्ट्रीयकृत बैंकों को निर्देश (धारा 8) दे सकती है। वैसे यह काम आरबीआई के साथ विचार-विमर्श के बाद होना चाहिए। लेकिन आम तौर पर यह काम वित्त मंत्रालय की एक शाखा बैंकिंग विनियामक को जानकारी दिए बिना ही करती है। उसके पास पूर्णकालिक निदेशकों (एमडी सहित), गैर-कार्यकारी चेयरमैन और निदेशक मंडल के अन्य सदस्यों की नियुक्ति का अधिकार है। वह बोर्ड को बदल सकती है (धारा 18ए) और नियमों बनाने को मंजूरी दे सकती है (धारा 19)।

सरकार के पास किसी बैंक के परिसमापन की शक्ति है। दो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विलय के लिए सरकार की मंजूरी आवश्यक है।

कुल मिलाकर सरकार के पास किसी भी बोर्ड द्वारा चलाई जा रही कंपनी में बहुलांश हिस्सेदार से अधिक शक्तियां हैं। पीएसबी के लिए सरकार स्वामित्व और नियामकीय शक्तियों, दोनों के लिहाज से सुपरबोर्ड है।

केवल सरकार की हिस्सेदारी को घटाकर 51 फीसदी से नीचे लाने से पीएसबी के लिवाल नहीं मिलेंगे। अगर सरकार शक्तियां छोड़ने को तैयार है तो उसे अपनी हिस्सेदारी कम से कम 26 फीसदी पर लानी चाहिए।

निवेशक पैसा लगाकर सरकार का हस्तक्षेप/दखल/नियंत्रण नहीं चाहेगा।

आखिर में सीईओ और ईडी की अवधि लंबी- 60 साल से अधिक होनी चाहिए। इस समय निजी बैंकों में सीईओ की उम्र सीमा 70 साल है। वेतन-भत्ते बाजार आधारित होने चाहिए। वर्ष 2014 में जेपी नायक समिति ने ये सिफारिशें की थीं, जो भारत में बैंकों के बोर्डों के प्रशासन की समीक्षा के लिए गठित की गई थी। आठ साल बीत चुके हैं, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ है। सरकार बैंक राष्ट्रीयकरण की 53वीं वर्षगांठ मना रही है। ऐसे में अगर वह कुछ पीएसबी के निजीकरण को लेकर गंभीर है तो उसे आत्ममंथन करना चाहिए।

## खास बात

### शिव ही सत्य है


पृथ्वी में जहां भी सत्य है, वहीं शिव का वास है। शिव के साथ सारी विषमता है। वे औघड़ हैं, आशुतोष हैं, देवों में महादेव हैं, रुद्र हैं, गृहस्थ हैं, महायोगी हैं, त्यागी और तपस्वी हैं, पिता है, गुरु हैं, मृत्यु... न में जहां भी सत्य है, वहीं शिव का वास है। शिव के साथ सारी विषमता है। वे औघड़ हैं, आशुतोष हैं, देवों में महादेव हैं, रुद्र हैं, गृहस्थ हैं, महायोगी हैं, त्यागी और तपस्वी हैं, पिता है, गुरु हैं, मृत्यु हैं, जीवन हैं। भारतीय होने का अर्थ है शिव को जानना। उनके जाने बिना इस लोक को जानना असंभव है। उनकी आराधना से मोक्ष मिलता है। वे ज्ञान का वेद हैं, वे रामायण के प्रणेता हैं, संगीत के स्वर हैं, ध्यान के उत्स हैं। उनमें नृत्य वास करता है, जीवन को गति मिलती है। वे प्रेमी हैं, ऋषियों के गुरु हैं, देवताओं के रक्षक हैं, असुरों के सहायक हैं और मानवों के आदर्श हैं।

सभ्यता के उषा काल में शिव और पार्वती विज्ञान के धरातल पर काल चिंतन करते है। ज्ञान के शिखर पर बैठकर संतुलन एवं सत्य के विविध रूपों को खोजना कोई महायोगी और योगिनी ही कर सकते हैं। शिव जो भी बोलते हैं, वह जीवन के सूत्र हैं। शिव के हृदय में संसार नहीं हैं, वासना नहीं है और अंधेरा भी नहीं है। उनका जीवन ही प्रकाश है। अब प्रकाश होगा, तो सदैव ही प्रेम, करुणा, साधना एवं भक्ति रहेगी। अंतस के जागरण के लिए शिवतत्त्व की जरूरत है। अंतस एक बार चैतन्य हो गया, तो सब कुछ बदल जाता है। आचरण ही साधना बन जाती है। हरेक शब्द प्रेमपूर्ण एवं कर्म के प्रत्येक चरण करुणापूर्ण हो जाते हैं। साधुता ही स्वभाव बन जाता है। भीतर जब आलोकित हो, तो बाहर सदैव ही प्रकाश रहेगा। शिव का आकार शून्य व ज्योति स्वरूप है।शिव ने राम-सीता की कथा रामायण सुनाई।

इस कथा को एक जिज्ञासु कौआ काकभुसुण्डी सुन लेते हैं और जगत में विचरण करने वाले नारद मुनि को वह कथा सुनाते हैं। नारद मुनि इसे वाल्मीकि को सुनाते हैं, जो खुद इसे लिपिबद्ध कर लव-कुश को कंठस्थ कराते हैं। फिर लव-कुश के माध्यम से यह कथा आमजन तक पहुंचती है। शिव वर्तमान हैं, उनको पाने के लिए बस स्वयं को पलटना है। शरीर के बदले मन एवं बुद्धि को उघाड़ना है।

# नम्रता, सरलता, साधुता

## विचार-प्रवाह



**श्री राम शर्मा आचार्य**

**सहिष्णुता** का अभ्यास करो। अपने उत्तरादायित्व को समझो। किसी के दोषों को देखने और उन पर टीका-टिप्पणी करने के पहले अपने बड़े-बड़े दोषों का अन्वेषण करो। यदि अपनी वाणी का नियंत्रण नहीं कर सकते तो उसे दूसरों के प्रतिकूल नहीं बल्कि अपने प्रतिकूल उपदेश करने दो।

सबसे पहले अपने घर को नियमित बनाओ क्योंकि बिना आचरण के आत्मानुभव नहीं हो सकता । नम्रता, सरलता, साधुता, सहिष्णुता ये सब आत्मानुभव के प्रधान अंग हैं।


दूसरे तुम्हारे साथ क्या करते हैं, इसकी चिंता न करो। आत्मोन्नति में तत्पर रहो । यदि यह तथ्य समझ लिया तो एक बड़े रहस्य को पा लिया।

अन्तःकरण के धन को ढूँढ़ो

तुम्हें अपने मन को सदा कार्य में लगाए रखना होगा। इसे बेकार न रहने दो। जीवन को गम्भीरता के साथ बिताओ। तुम्हारे सामने आत्मोन्नति का महान कार्य है और पास में समय थोड़ा है। यदि अपने को असावधानी के साथ भटकने दोगे तो तुम्हें शोक करना होगा और इससे भी बुरी स्थिति को प्राप्त होगे । धैर्य और आशा रखो तो शीघ्र ही जीवन की समस्त स्थिति का सामना करने की योग्यता तुममें आ जाएगी। अपने बल पर खड़े होओ। यदि आवश्यक हो तो समस्त संसार को चुनौती दे दो। परिणाम में तुम्हारी हानि नहीं हो सकती। तुम केवल सबसे महान से संतुष्ट रहो। दूसरे भौतिक धन की खोज करते हैं और तुम अन्तःकरण के धन को ढूँढ़ो।

**प्रस्तुतिः दीपक दयाल प्रसाद**

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### गडकरी के बोल

**ऐसे** में लोग असमंजस में हैं कि जो पं. नेहरू लगातार भाजपा के निशाने पर रहा करते थे, उनको लेकर यह सदाशयता क्यों? पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा था कि लोकतंत्र के लिये कांग्रेस का मजबूत होना जरूरी है, उसकी जगह यदि क्षेत्रीय दल लेते हैं तो यह लोकतंत्र के हित में नहीं है। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है?

**–आनंद प्रतिहस्त, रांची**

### भ्रम की स्थिति

**जाहिर** बात है जो पार्टी कांग्रेस मुक्त भारत की बात करे, उसी के दिग्गज नेता कांग्रेसयुक्त भारत की बात करने लगें तो हैरत होना स्वाभाविक है। ऐसे में सवाल उठता है कि ये बयान पार्टी की किसी रणनीति का हिस्सा हैं या फिर भाजपा के दिग्गज नेता मन की बात करने लगे हैं। या फिर पार्टी के भीतर कमतर मूल्यांकन के चलते ये प्रतिरोध के स्वर उभर रहे हैं।

**– सुजाता सिंह, रांची**

प्रतिष्ठित कनाडा ऑपेन जीतकर वैश्विक फलक पर माँ भारती का मानवर्धन करने वाले बैडमिंटन खिलाड़ी श्री लक्ष्य सेन जी को हृदय से बधाई।आपकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हमें गर्व है। गौरवशाली विजय का यह क्रम अनवरत चलता रहे, आपका भविष्य उज्ज्वल हो, यही कामना है।

**– योगी आदित्यनाथ**

## आपके ट्वीट

पवित्र श्रावण मास की पहली सोमवारी के शुभ अवसर पर सभी को अनेक-अनेकशुभकामनाएं और जोहार। राजकीय श्रावणी मेला में आप सभी श्रद्धालुओं और कांवड़ियों का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन। भगवान भोलेनाथ आप सभी की मनोकामना पूर्ण करें।- **हेमंत सोरेन**





नन्हीं सी जान वैष्णवी को ब्लड कैंसर था,मां पिंकी देवी परेशान थी।प्रधानमंत्री कार्यालय से मिली आर्थिक सहायता और दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल की चिकित्सा से वैष्णवी स्वस्थ हुई,होठों पर फिर से तैरने लगी मुस्कान। **– अन्नपूर्णा देवी**

# जल्द कोयला खनन से भरेगा झारखंड का खजाना, बढ़ेगा रोजगार

**अभय कुमार सिंह**

## सामयिक

> सिर्फ गोंदलपुरा खनन परियोजना से हर साल सरकार को मिलेगा 600 करोड़

> मिलेंगे रोजगार के कई मौके

झारखंड के पास इतना कोयला है कि यह राज्य उड़ीसा और छत्तीसगढ़ को कमाई में पीछे छोड़ सकता है, लेकिन यह तभी संभव है जब यहां कोयले का उत्पादन बढ़ाया जाए और आवंटित कोल ब्लॉकों में जल्द से जल्द खनन शुरू की जाए। झारखंड में अगर कोयला के उत्पादन की बात करें तो वर्ष 2022 में यहाँ 130.104 टन मिलियन कोयले का उत्पादन हुआ था, जबकि वर्ष 2021 में 123.428 टन मिलियन कोयला निकाला गया था। वर्ष 2019 में कोयले का उत्पादन 134.666 टन मिलियन के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। देश भर की बात करें तो आधुनिक तकनीकों के प्रयोग पर अधिक जोर देने से वर्ष 2021-22 में कोयले का उत्पादन 778.21 मिलियन टन तक बढ़ गया था। वहीं, 2022-23 के दौरान कोयले का उत्पादन 14.76% की वृद्धि के साथ 893.08 मीट्रिक टन था। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और उसकी सहायक कंपनियों ने 2020-21 में 596.22 मीट्रिक टन और वर्ष 2021-22 के दौरान 4.4% की वृद्धि करते हुए 622.63 मीट्रिक टन का उत्पादन किया। 2022-23 के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड का कोयला उत्पादन 12.94% की वृद्धि के साथ 703.21 मीट्रिक टन रहा।डीएमएफटी से हुई है झारखंड को अच्छी आमदनी

देश के चार राज्यों में कोयला उत्पादन का आंकड़ा देखें तो 80 फीसदी कुल कोयला उत्पादन में से छत्तीसगढ़ की हिस्सेदारी करीब 22%, उड़ीसा की 21%, मध्य प्रदेश की 18% और झारखंड की लगभग 17% फीसदी है। डीएमएफटी (डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड ट्रस्ट) की बात करें तो देश में जितने पैसे इस फंड के तहत विभिन्न राज्यों को मिले हैं, उसमें सर्वाधिक आमदनी वाले शीर्ष तीन राज्यों में से झारखंड भी शामिल है। कोकिंग कोल के उत्पादन में झारखंड शीर्ष पर है। हालांकि, ओवरऑल कोयला उत्पादन में झारखंड चौथे स्थान पर है। छत्तीसगढ़ पहले, दूसरे स्थान पर उड़ीसा और तीसरे स्थान पर मध्यप्रदेश है। झारखंड ने पिछले वर्ष 119.226 मीट्रिक टन कोयला उत्पादन किया है और चौथे नंबर पर है।

एक कोयला खान से पांच से 10 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

कोयला बहुत क्षेत्र हजारीबाग के बड़कागांव में आवंटित कोल ब्लॉकों में जल्द खनन शुरू होने से राज्य सरकार को राजस्व का अतिरिक्त लाभ होगा, जबकि यहां रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। खान विभाग के अधिकारियों के अनुसार, एक कोल ब्लॉक से औसतन पांच से दस हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का अवसर मिलता है, जिसमें आसपास खुलने वाली दुकानें, डंपर संचालक और अन्य व्यवसाय आदि शामिल हैं। बड़कागांव में एनटीपीसी, एनएमडीसी, अदाणी और जेसडब्ल्यू समेत अन्य निजी कंपनियों को भारत सरकार की ओर से कोयला मंत्रालय ने कोयला खान आवंटित किया है। यहां खनन शुरू होने से इलाके की तस्वीर बदलेगी और विकास के नए आयाम दिखेंगे। स्थानीय स्तर पर रोजगार के असीम मौके मिलेंगे और राज्य सरकार को भी राजस्व का बड़ा लाभ होगा। सिर्फ अदाणी इंटरप्राइजेज के गोंदलपुरा खनन परियोजना के शुरू होने से राज्य सरकार को करीब 600 करोड़ रुपये का राजस्व हर साल मिलेगा। इतनी बड़ी रकम का इस्तेमाल स्थानीय स्तर पर आधारभूत संरचना को विकसित करने, शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ-साथ बेहतर जीवन उपलब्ध कराने के लिए किया जा सकेगा। कोयला खनन शुरू होने से अवैध कोयले की तस्करी पर भी लगाम लगेगी। एक आंकड़े के मुताबिक, झारखंड से हर रोज करीब 530 ट्रक अवैध कोयला निकलता है। यह सारे कोयले की चोरी बंद पड़ी खदानों या उत्खनन की अधिकारिक रूप से बाट जोह रही खदानों से होती है, जिसमें फॉरेस्ट लैंड भी शामिल है।

# प्राकृतिक आपदा में अर्ली वार्निंग सिस्टम की बढ़ती विश्वसनीयता

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

## पर्यावरण

**इसमें** कोई दोराय नहीं कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते प्राकृतिक आपदाएं अब अधिक होने लगी है। आए दिन दुनिया के किसी न किसी कोने में कोई न कोई बड़ी प्राकृतिक आपदा देखने को मिल जाती है। समुद्री तूफान, जंगलों में दावानल व भूकंपों की फ्रिक्वेंसी लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में आज अर्ली वार्निंग सिस्टम की विश्वसनीयता बढ़ी है। कुछ दिन पहले बिपरजॉय चक्रवात से हम रूबरू हो चुके हैं। सबसे अच्छी बात यह रही कि बिपरजॉय चक्रवात के आने का समय, उसकी चाल और गति से लेकर उसके फैलाव व प्रभाव क्षेत्र की पूर्व जानकारी मिलने से जनहानि लगभग शून्य रही है। प्राकृतिक आपदा के प्रबंधन का इससे बेहतर उदाहरण देखने में लगभग नहीं के बराबर है। आखिर यह सब इसलिए संभव हो पाया कि मौसम विज्ञान विभाग द्वारा समय पर सटीक जानकारी दी गई और इस जानकारी के आधार पर आपदा प्रबंधन के व्यवस्थित व योजनाबद्ध प्रयास हो सके जिसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए और जनहानि से बचाने में बड़ी सफलता प्राप्त हो सकी। यह इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि एक समय था जब आपदा प्रबंधन के हालात अच्छे नहीं होने के कारण जनहानि अधिक होती थी। देश में 2013 के फैलिना तूफान से लेकर, हुदहुद, वरदा, फैनी, अम्फान, ताउते व बिफरजॉय तूफान तक 11 बड़े चक्रवती तूफान आ चुके हैं। दरअसल बिफरजॉय तूफान के सुपर साइक्लोन होने के कारण भारी जन-धन हानि होने की आशंका व्यक्त की जा रही थी। पल-पल की जानकारी साझा की जाती रही। लगभग 100 ट्रेनों के फेरे रद्द किए गए या उनकी राह बदली गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्र सरकार के मंत्रीगण, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत न केवल स्थिति पर नजर रखे रहे अपितु उच्चस्तरीय बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करते रहे।

हांलाकि कुछ साल पहले मौसम विभाग के पूवार्नुमानों को मजाक के रूप में लिया जाता था। चाइनीज उत्पादों को लेकर यह मान्यता है कि चले तो चले, नहीं तो शाम तक भी चले तो कोई बड़ी बात होगी। लगभग यही छवि मौसम विभाग के पूवार्नुमानों को लेकर होती थी। पर आज हमारे मौसम विभाग ने पूवार्नुमानों के आकलन की सबसे बेहतरीन आकलन माना जा सकता है। पिछले दो-तीन साल से मौसम विभाग ने अपनी छवि को न केवल बेहतर बनाया है अपितु मौसम विभाग के पूवार्नुमान खरे उतर रहे हैं। देश में पिछले दो-तीन साल में आये चक्रवाती तूफानों की मिनट-मिनट की सटीक जानकारी ने जनहानि को इस साल शून्य स्तर तक पहुंचा दिया है। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि बिपरजॉय में दो लोगों की जान गई पर उसके कारण आपदा प्रबंधन न होकर कोई अन्य कारण रहे।दरअसल विश्व मौसम विज्ञान संगठन और भारत के संदर्भ में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूवार्नुमान सटीक होने से बड़ा लाभ मिला है। हालांकि जब तेज तूफान आते हैं तो बिजली व अन्य पोल, पुरानी बिल्डिंग, पेड़-पौधों और अन्य संरचनात्मक ढांचों का नुकसान होना स्वाभाविक है। तेज हवाओं से या तेज बरसात से नदी-नालों में उफान और बाढ़ जैसे हालात होना अपने आप में नई बात नहीं है। आपदा प्रबंधन विशेषज्ञों का मानना है कि समयपूर्व सूचना से जिस तरह से जनहानि को न्यूनतम स्तर पर लाने में सफलता मिली है ठीक इसी तरह से अन्य नुकसान को रोका तो नहीं जा सकता पर उसे कम किया जा सकता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
श्री रघुवर दास
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
श्री बाबुलाल मरांडी
प्रदेश अध्यक्ष
हिंदी दैनिक अखबार
खबर मन्त्र
के 11 वें स्थापना दिवस के
मौके पर संपूर्ण झारखंडवासियों को
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।
डॉ0 नीरा यादव
पूर्व शिक्षामंत्री सह कोडरमा विधायक


शीला रानी हॉस्पीटल एवं बांझपन सेंटर
AN EXCLUSIVE MATERNITY & INFERTILITY FEMALE HOSPITAL
INDOOR FACILITIES
24 HOURS EMRGENCY
OPD
HIGH RISK PREGNANCY
DELIVERY 24 X 7
GENERAL SURGERY
LAPAROSCOPY SURGERY
ADVANCE PATHOLOGY
DIGITAL X-RAY
NICU / ICU / ECG
PHARMACY
INFERTILITY
HSG
SSG
TUBAL RECANALISATION
IUI
HYSTEROSCOPY
COLPOSCOPY DIAGNOSTIC
LAPAROSCOPIC DIAGNOSTIC
ULTRASOUND
TVS
PELVIC ULTRASOUND
BREAST MAMMOGRAPHY
OVULATION STUDIES
FWB / WHOLE ABDOMEN
DOPPLER USG OF FETUS
Dr. Alankrita Mandal Sinha
MBBS, DGO, MD (RIMS)
Gold Medalist
Ex- SMO Sadar/Referral Hospital (Koderma)
Mr Vivek Kumar Sinha
Director
SPECIAL FACILITY : 24 HRS EMERGENCY ULTRASOUND AVAILABLE
CANCER DIAGNOSIS FOR FEMALE
AC & NON AC ROOMS / GENERAL WARD
पता : सामंतो काली मंदिर के पास, होंडा शो रूम के बगल में, झुमरीतिलैया (कोडरमा)
Mob : 6204149712 , 8877887772


CAMBRIDGE COLLEGE OF PHARMACY & NURSING
Recognized by : Pharmacy Council of India New Delhi
Reg. No. : - PCI-7105
Affiliated by Ministry of Health & Family Welfare Gov. of Jharkhand
Director : Shivshankar Yadav
ADMISSION OPEN
D. Pharma
B.Sc. Nursing
ANM
GNM
DMLT
At. LARABAD, JHUMRI TELAIYA, DIST.- KODERMA
Mob. : +91 9931517424, 7462090727


RAJ INTERNATIONAL SCHOOL
An English Medium School Based CBSE Curriculum
Near Forest Office, Koderma (Jharkhand)
Mob. No. : 9199732274, 9199732275
Email : office@riskoderma.com, rajinternationalschoolkoderma@gmail.com
www.riskoderma.com
Everyday towards progress...
Nursery to Xth
खबरमंत्र के स्थापना दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Salient Features
Unique campus for School Education – For best Academic, Cultural, Moral and Physical Education.
Best human resources to attend your Child's curiosity – Subject-Expert Teachers from various parts of India.
Innovative extra-curricular activities to give wings to your Child's creativity. – Activities based on inputs from Psychologists and Behavioral Experts to improve IQ and EQ of children.
Future-ready Infrastructure – Smart Classes, Child-Friendly Facilities, Latest Software and Teaching Methods.
Safe and Secured Environment – Control Center with CCTV monitoring of entire campus with 24×7 Security Staff.
Modern Transportation – Dedicated school transport for all routes for secure transportation for students.




खबर मन्त्र की
10वीं वर्षगांठ
पर हार्दिक शुभकामनाएं
कृपाशंकर सिंह
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
भाजपा, झारखंड प्रदेश




SACRED HEART SCHOOL
Affiliated to CBSE, New Delhi * English Medium * Nursery to Class-XII
Jhumri Telaiya, Koderma, Jharkhand - 825409
Mob. 8709944667 Email: principal@sacredheartkoderma.org
25 YEARS OF EXCELLENCE
Activities Balanced
Exposure National & International
Results Outstanding
Yug Bargaway 97.2%
Shuhani Kumari 96%
Gaurav Kumar 95.2%
Shubham Kumar 95.2%
2021-22
(96.6%) SHRESTH
(95.0%) SAMRIDHI
(94.8%) RIYA KUMARI
(94.4%) SWETA
(93.6%) PIYUSH KR
(93.0%) PRIYA
2022-23
Subjects Highest Marks
Mathematics - 100
Science - 98
Social Science - 98
Information Technology - 98
Subjects Highest Marks
Sanskrit - 98
English - 95
Hindi - 95
School Average : 72.06
BEST RESULT IN KODERMA DISTRICT
90 -100 - 14.67 % 80-90 - 22% 70-80 - 23.33% 50-70 - 40%
sacredheartkoderma.org
@sacredheartschooltelaiya




GRIZZLY
COLLEGE OF EDUCATION
NAAC Accredited with 'B'Grade
Recognised by ERC, NCTE, Bhubaneswar & Affiliated to Vinoba Bhave University, Hazaribag & Jharkhand Academic Council (JAC), Ranchi
Jhumri Telaiya, Dist. Koderma - 825409 (Jharkhand)
Direct Admission
in D.El.Ed.
Diploma in Elementary Education
Placement Facility Available
D.EL.ED & B.ED COLLEGE
7070098793
7070098799
Website : www.grizzlycollege.org, Email : info@grizzlycollege.org
GRIZZLY VIDYALAYA
Shaping Young Minds Since 1999
Admission Open 2023-24
From LKG to 11th
Telaiya Dam - 825413
Dist. Koderma (Jharkhand)
Affiliated to CBSE upto +2 level, English Medium, Co-educational Day Cum Boarding School
SEPARATE HOSTEL CAMPUS FOR GIRLS
A private boarding school with highest strength in Jharkhand
Wide range of hobby classes & sports with Expert trainers
5 times Hygienic Delicious meal in a day
Upto 80% Scholarship in Tuition Fee for Meritorious Students for Class XI
24 years of excellence
Website : www.grizzlyvidyalaya.com
E-mail : info@grizzlyvidyalaya.com
6200569264, 9153875724, 7070098751

MODERN PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE, New Delhi Upto 10+2
Maharana Pratap Chowk, Ranchi-Patna Road, Jhumri Telaiya, Koderma (Jharkhand)
Web: www.mpskoderma.in
ADMISSION NOTICE
GRADE XI SCIENCE (MEDICAL/NON-MEDICAL) COMMERCE
ACADEMIC SESSION 2023-24
SCIENCE- 65% & ABOVE
COMMERCE- 60% & ABOVE
TRANSFORMING LIVES
Scientifically designed curriculum for academics & co-curricular activities (CCA).
Developing multiple intelligence through innovative teaching methodologies.
Dedicated & professional team of mentors.
SEPARATE HOSTEL FACILITY FOR BOYS AND GIRLS
HEARTY CONGRATULATIONS
On your impressive performance in
All India Secondary School Examination (Class X) Result-2023
DISTRICT/SCHOOL TOPPERS
SANSKAR JAIN 98% (1st) (DIST. TOPPER)
I was definitely not expecting that I will be the topper of my district, but with the efforts & valuable guidance of my teachers & parents, I was able to excel in the board exam. I consistently devoted 5 to 7 hours a day for my studies.
MANYATA RAJ 97.40% (3rd)
Modern Public School has always enlightened us with all the ideas to score and give our level best. Our Principal and all teachers trained us throughout the year and played an important role in our success & made it an enjoyable voyage.
SHAILJA KESHRI 96.80% (6th)
I shower my gratitude to the excellent faculties as they are the reason for the current position I am in. The classes held were very interactive and it helped me in my learning journey. The teachers were always available to clear any of my doubts.
STUDENTS SCORED 90% & ABOVE
VANSHITA CHHABRA 95.80%
SHIKHAR 95.40%
SOURAV GUPTA 95.40%
NAMAN AGARWAL 95%
SHASHANK KUMAR 94.40%
HARSHIT KUMAR 94%
TAHSEEN SHOAIB 93%
PRACHI TULSHAN 92.20%
NIDHI 91.40%
KARTIK JAIN 91%
RISHITA ANAND 90.40%
RESULT AT A GLANCE
90% ABOVE - 14
80% ABOVE -16
70% ABOVE - 24
60% ABOVE - 17
100% SCHOLARSHIP AVAILABLE FOR MERITORIOUS STUDENTS
PHONE: 8539993663,9631343995,6207300328,7004643252, E-mail: modernpublicschool2009@gmail.com

# हिंदी दैनिक अखबार खबर मन्त्र के 10 वें वर्षगांठ के मौके परसंपूर्ण झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।



हिंदी दैनिक अखबार खबर मन्त्र के 10 वें वर्षगांठ के मौके पर लातेहार जिला समेत संपूर्ण झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

**रंजीत यादव**

समाजसेवी बालूमाथ

खबर मन्त्र

खबरमंत्र के स्थापना दिवस पर हुसेनाबाद उतरी जिला परिषद क्षेत्र के नागरिकों समेत समस्त पलामू जिला और झारखंडवासियों को मंगलमय शुभकामनायें।



**राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता**

जिला परिषद सदस्य हुसेनाबाद उतरी पलामू।

खबर मन्त्र




खबर मन्त्र के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

# भाजपा का एक समर्थक, रांची

हिंदी दैनिक अखबार खबर मन्त्र के 10 वें वर्षगांठ के मौके पर लातेहार जिला समेत संपूर्ण झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।



हिंदी दैनिक अखबार खबर मन्त्र के 10 वें वर्षगांठ पर खबर मन्त्र परिवार को बधाई, झारखंड राज्य में खबर मन्त्र ने एक अलग पहचान स्थापित किया है, किसी भी मुद्दे पर खबर मन्त्र अखबार ने बेबाक रूप से निष्पक्ष पत्रकारिता की मिशाल पेश की है, अखबार के 10 वर्ष पूर्ण होने पर खबर मन्त्र समुह को बधाई एवं शुभकामनाएं।

**राजेन्द्र प्रसाद साहू**

भाजपा नेता सह पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष लातेहार

खबर मन्त्र





arogyam Super Speciality Hospital

एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी अस्पताल

अब हम रखेंगे आपके दिल का ख्याल

झारखंड में सबसे कम दर पे एंजियोग्राफी जांच की सुविधा उपलब्ध

कैथ लैब की सुविधाओं के साथ



- कोरोनरी एंजियोग्राफी
- कोरोनरी एंजियोप्लास्टी
- पेरिफेरल एंजियोग्राफी
- पेरिफेरल एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर आईसीडी इंप्लांटेशन बैलून वालवुलोप्लास्टी
- एएसडी/पीडीए डिवाइस क्लोजर



ZILA PARISHAD BHAWAN, DISTRICT BOARD CHOWK, HAZARIBAG - 825301 (JHARKHAND) Contact Number :7319942219, 7319942220

hzbarogyam@gmail.com www.hzbarogyam.com hzbarogyam /ArogyamHzb

arogyam Super Speciality Hospital




Hzb Arogyam Super Speciality Hospital

**OUR DEPARTMENTS**
- GASTEROENTEROLOGY
- NEPHROLOGY
- NEURO SCIENCES
- UROLOGY
- CARDIAC SCIENCES
- ORTHOPEDICS & JOINT REPLACEMENT
- INTERNAL MEDICINE
- IVF
- GENERAL & LAPAROSCOPIC SURGERY
- OBSTETRICS & GYNAECOLOGY
- PAEDIATRICS & NEONATOLOGY
- OPHTHALMOLOGY
- ONCOLOGY
- ENT
- CRITICAL CARE UNIT
- EMERGENCY & TRAUMA CARE

**OUR FACILITIES 24X7**
- EMERGENCY & TRAUMA CARE
- MICU CCU NDU
- NICU NEURO ICU
- DIALYSIS
- NON VASCULAR RADIOLOGICAL
- INTERVENTIONS
- PHARMACY
- LAB SERVICES
- HOME SAMPLE COLLECTION
- AMBULANCE SERVICES
- DEDICATED DOCTORS TEAM
- BLOOD BANK

**OTHER FACILITIES**
- DAY CARE
- ENDOSCOPIC ULTRASOUND (EUS)
- PHYSIOTHERAPY & REHABILITATION
- CLINICAL NUTRITION & DIETETICS



खबर मन्त्र के 11वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें

**संतोष सिंह**

जिला अध्यक्ष कांग्रेस धनबाद

खबर मन्त्र

खबर मन्त्र के 11वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें



**अनूप साव**

पूर्व पार्षद सह समाजसेवी झरिया

खबर मन्त्र

खबर मन्त्र के 11वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें



**अरुण साव**

भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष झरिया

खबर मन्त्र

खबर मन्त्र के 11वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें



**पशुपतिनाथ सिंह**

सांसद धनबाद

खबर मन्त्र

हजारीबाग के लोकप्रिय सदर विधायक मनीष जायसवाल कि ओर से खबर मन्त्र की स्थापना दिवस पर हार्दिक सुभकामनाए



खबर मन्त्र

# पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी ग्रामीणों की आस्था

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** श्रावण माह की पहली सोमवारी को प्रखंड क्षेत्र के शिवालायों में जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की भीड़ देखी गई। दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी, अंचल मैदान, चुटूपालू, थाना मंदिर सहित विभिन्न शिवालय व मंदिरों में जलाभिषेक व पूजा के लिए सुबह से ही भक्तों की लाइन देखी गई। प्रकृतिक के गोद में हरे-भरे पेड़-पौधे से घिरे गगारी पहाड़ पर स्थित महाकालेश्वर धाम मंदिर में काफी संख्या में लोग अपने स्वजनों के साथ पूजा व जलाभिषेक करने पहुंच रहे थे। भक्तगण पूजा व जलाभिषेक कर बोल-बम व हर-हर महादेव का जयकारा लगा रहे थे। पूजा व भक्ति के साथ भक्तगण गगारी पहाड़ में प्रकृति सौंदर्या को अपने माबाइल में कैद कर रहे हैं। महाकालेश्वर धाम के पुजारी पंडित विजय पांडेय व नीरज पांडेय ने बताया महाकालेश्वर धाम में पूजा करने के लिए झारखंड के जिले से भी लोग पहुंच रहे थे। इस वर्ष दो माह का श्रावण माह पड़ने से शिवभक्तों में खुशी है।

### महाकालेश्वर धाम पहुंचना आसान



महाकालेश्वर धाम पहुंचना आसान राज्य की राजधानी रांची से महाकालेश्वर धाम गगारी पहाड़ की दूरी 25 किमी है। रांची-रामगढ़ मार्ग में ओरमांझी से महाकालेश्वर धाम तक काली सड़क बनी हुई है। अपने वाहन से या ऑटो से भी पहुंचा जा सकता है। धाम पहुंचने से पूर्व भक्त ओरमांझी में दुर्गा महादेव की भव्य व सुंदर मंदिर में भी पूजा अर्चना कर सकते हैं।

### महादानी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



बेड़ो। सावन की पहली सोमवारी पर बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में पूजा अर्चना को लेकर भक्तों की भीड़ उमड़ी। हर हर महादेव व बोल बम के जयघोषों के साथ सैंकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा अरघा से बाबा महादानी की जलाभिषेक कर सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। वहीं पहली सोमवारी को भगवान शिव से अपनी मुरादें मांगते हुए शिवभक्तों महिलाओं व पुरुषों ने सोमवारी व्रत रखा। जहां मंदिर के पुजारी अशोक पंडा व मेघनाथ गिरी ने व्रतियों को पूजा अर्चना कराया। वहीं प्रखंड के मुड़हर पहाड़ सहित अन्य शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही जहां सुबह होते ही शिवभक्त नहा-धोकर पूजा-अर्चना करने शिवालय की ओर निकल पड़े।

### सिल्ली में पहली सोमवारी की धूम



**सिल्ली।** सावन की पहली सोमवारी को सिल्ली मुरी एवं आसपास के इलाकों के शिवालयों पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया। सबेरे से ही सभी मंदिरों में महिलाओं समेत सभी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। स्वर्णरेखा नदी एवं निकट के जलाशयों से कलश में पानी भर कर लोगों ने शिवालयों में भोले नाथ का जलाभिषेक किया। सिल्ली शिव मंदिर, देलबेड़ा मंदिर, मुरी टुंगरी का पहाड़ी मंदिर, सिल्लीडीह शिव मंदिर, सिल्ली प्रखंड कालोनी परिसर का मंदिर, मुरी जीआरपी आरपीएफ का मंदिर, हिंडालको कॉलोनी मंदिर समेत सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।

### खलारी : श्रावणी मेला और मीना बाजार लगाने को लेकर बैठक

**खलारी।** श्रावणी मेला सह मिना बाजार को लेकर केडी नेहरू भवन में मेला समिति का एक आवश्यक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता धनेश साव एवं संचालन राजशेखर सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित सभी दलों के लोगों ने सर्वसम्मति से मेला आयोजन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें मेला सफल संचालन करने के लिए श्री राजन सिंह राजा को संयोजक चुना गया। श्री राजन के कुशल नेतृत्व में मेला कोर कमिटी, मेला संचालन समिति एवं पार्किंग संचालन समिति सहित अन्य का गठन करने का निर्णय लिया गया। मीना बाजार मेला संचालन के लिये सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कोर कमिटी में सभी सीनीयर लोगों को रखा जाएगा। जिनकी संख्या लगभग पचास होगी। मेला संचालन समिति में लगभग सौ स्वयंसेवक रहेंगे। जो कि पार्किंग की व्यवस्था को चार भागों में बांटकर लगभग सौ की संख्या में वालेंटियर रहेंगे । मेला का शुभारंभ 22 जुलाई को किया जाएगा। जिसमें खलारी प्रखंड के सभी चौदह पंचायतों के मुखिया, पंसस समिति सदस्य, दोनों जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख एवं विभिन्न राजनीतिक संगठनों के नेतागणए ट्रेड यूनियन के नेता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं आसपास के सैंकड़ों ग्रामीणों, पुलिस प्रशासन, सीसीएल प्रबंधन को विधिवत आमंत्रित कर बुलाकर धूमधाम से मिना बाजार मेला का उद्घाटन किया जायेगा।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा नेता ने मृतक के परिजन को आर्थिक मदद की

**मांडर।** युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो द्वारा सोमवार को मलती गांव के मृतक सोहन उरांव के परिजनों को आर्थिक मदद दी गई। ज्ञात रहे कि लगभग एक सप्ताह पूर्व सोहन की हत्या उसी के दोस्त द्वारा बर्बरता पूर्वक कर दी गई थी। परिजनों से मुलाकात करते हुए सन्नी ने कहा कि दुख की इस घड़ी में वे उनके साथ हैं। उनकी पूरी कोशिश होगी कि हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा अदालत द्वारा मिले। मौके पर समाजसेवी करमा उरांव, बलदेव उरांव, राम चंद्र भगत, बबलू गोप, बिंदे भगत, मनोज गड़ेरी, कमलजीत सहित अन्य मौजूद थे।

### इटकी : पशु लदा वाहन जब्त

**इटकी।** इटकी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को प्रखंड के कुरगी गांव से जानवर लदे एक वाहन को जब्त किया है। छह चक्के वाले वाहन में तीन जानवर लदे थे। थाना प्रभारी अमित प्रशांत के मुताबिक वाहन से दो जानवर मृत व एक जानवर घायल अवस्था में बरामद किया गया। मृत जानवरों का पोस्टमार्टम कराया गया है। घायल का इलाज कराया जा रहा है।

### भाजपाइयों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**बेड़ो।** भाजपा मण्डल बेड़ो के एक प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को बीडीओ को प्रखंड परिसर में पंचायत समिति फंड द्वारा निर्मित दुकान का आवंटन करने के लिए एक ज्ञापन सौंपा। मौके पर बेड़ो मंडल अध्यक्ष आलोक मिश्रा, महामंत्री बलराम सिंह, आंनद साहू, राजेश कुमार, रांची जिला ग्रामीण एसटी मोर्चा उपाध्यक्ष भीखा उरांव, उपाध्यक्ष अरूण प्रसाद गुप्ता व मीडिया प्रभारी मनोज साहू आदि मौजूद थे। यह जानकारी राजेश साहू ने दी है।

### राप्रावि गेसवे में विद्यालय परिवार संग ग्रामीणों की बैठक

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय गेसवे में सोमवार को प्रमुख सत्यनारायण मुंडा की अध्यक्षता में विद्यालय परिवार और ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गयी। विद्यालय में रनिंग वाटर की समुचित व्यवस्था, शौचालय का घेराव, जल निस्तारण की व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट और सौर उर्जा की व्यवस्था के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रमुख ने आश्वासन दिया कि संबंधित विभागीय अधिकारियों से बात करके जल्द से जल्द विद्यालय के चहारदिवारी सहित अन्य कार्य कराया जाएगा। मौके पर मुखिया देवंती देवी, पूर्व उपमुखिया देवसागर महतो, वार्ड सदस्य रफिक अंसारी, प्रबंध समिति के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, प्रधानाचार्य रविकांत तिवारी, सुमित्रा देवी, राजनाथ महतो, मोहनलाल महतो मौजूद थे।

### इटकी के शिवालयों में जलाभिषेक को उमड़ी शिवभक्तों की भीड़

**इटकी।** सावन माह की पहली सोमवारी को प्रखंड क्षेत्र के सभी शिवालयों में प्रातः से ही जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इटकी के मुख्य शिवालय, केसरी तालाब स्थित महाकाल शिव मंदिरए हरही स्थित गंगाजल व नारी स्थित महादेव टंगरा सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।

### अनगड़ा : हल्ला बोल कार्यक्रम को लेकर बैठक में विचार-विमर्श

**अनगड़ा।** हल्ला बोल कार्यक्रम को लेकर राजाडेरा पंचायत में आजसू पार्टी की मुनेश्वर महतो की अध्यक्षता तैयारी बैठक हुई। बैठक के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। झारखंड की जनता का बड़े पैमाने पर शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि 14 जुलाई को आजसू पार्टी का हल्ला बोल अभियान हजारों लोगों की संख्या में प्रखंड स्तर पर किया जाएगा। बैठक में महिला पंचायत संगठन का विस्तार किया गया जिसमें महिला प्रखंड उपाध्यक्ष पूनम देवी का चयन किया।

# विचारधारा वाली पार्टी है कांग्रेस : मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता



### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर पूर्व जिप अध्यक्ष सुंदरी तिर्की, अजगुत महतो, गायत्री देवी, राधा माधव सेठ, निशिकांत गोंझु, विक्टोरिया देवी, सविता देवी, शलेन्द्र महतो, महादेव महतो, खगेंद्र महतो सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

**सोनाहातू।** प्रखंड स्थित माही वेंकट हॉल में सोमवार को प्रखंडस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि राज्य सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि कांग्रेस विधारधारा वाला पार्टी है। देश मे विकास की नींव कांग्रेस पार्टी ने ही रखी थी। 9 साल में भाजपा ने देश को बांटने का काम किया गया।मंहगाई चरम पर है लेकिन इस विषय पर भाजपा एक शब्द नही बोलती है। कांग्रेस गांव के नीचे तबके तक जाती है और विकास की लकीर खींचती है। कोरोना काल में राज्य की गठबंधन की सरकार ने बेहतरीन काम किया है। सरकार अच्छी काम कर रही है। रोजगार, सड़क, पानी, बिजली आदि पर कई महत्वपूर्ण काम हुआ है। ग्रामीण विकास विभाग पंचायत को शशक्त करने की तैयारी किया है। पंचायत जनप्रतिनिधियों को सम्मान और अधिकार देने का काम किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि भाजपा फूट डालो ओर शासन करो नीति पर काम कर रही है। मंहगाई से जनता त्रस्त है। हम भाजपा के गलत नीति का विरोध करेंगे। इस दौरान ग्राम कमिटी, पंचायत कमिटी और प्रखंड कमिटी की समीक्षा की। सभी कमिटी को सशक्त करने पर जोर दिया गया। ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो ने कमिटी के सदस्यों को लोगो के सुख-दुख में शामिल होने की अपील किये।

# रातू : पश्चिम तारूप के राशन डीलर का इलाज के दौरान मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पश्चिम तारूप निवासी और गांव के राशन डीलर 52 वर्षीय बालकिशोर उरांव का रविवार की शाम 3 बजे इलाज के दौरान निधन हो गया। उनका लाइसेंस नंबर 27/1993 था। श्री उरांव एक जुलाई को घर के आंगन में मूर्छित होकर गिर गये थे। इससे उनके सिर पर गंभीर चोटें आयी थी। उन्हें रिम्स के न्यूरो सर्जरी वार्ड में भर्ती कराया गया था। अगले दिन डॉ सुनील कुमार ने ऑपरेशन किया। इसके ठीक 8 वें दिन 2.30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शाम में उनकी अंत्येष्ठि की गयी। पुत्र आर्यन उरांव ने मुखग्नि दी। दिवंगत बालकिशोर उरांव स्व एतवा उरांव के पुत्र और छह भाई-बहन में रंझिल थे। उनकी माता ब्यास देवी हैं। उनके परिवार में पत्नी मधु देवी समेत पुत्र आर्यन, पुत्री अलीशा मिंज, भाई साधु उरांव, विश्वनाथ उरांव, रंथू उरांव, कृष्णा उरांव हैं। बहन पचमुनी कुमारी की शादी हो चुकी है।

### संघ ने जताया शोक



प्रखंड के प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार और जन वितरण दुकानदार संघ के पदधारी व सदस्यों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर आर्थिक मदद की। उन्होंने श्री उरांव के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुये परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है।मृतक की पत्नी मधु देवी गांव के प्रावि में शिक्षिका हैं। मौके पर मोबिन अंसारी, लाला उरांव, वीरमोहन साहू, बिनोद साहू, दीपक कुमार, मोहन कुमार साहू, अशोक सिंह आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### 25 कांवरियों का जत्था उज्जैन रवाना



**बेड़ो।** जय महादानी बाबा कांवरिया संघ जरिया बेड़ो के बैनर तले 25 कांवरियों का दूसरा जत्था सोमवार की सुबह दस बजे उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन व जलाभिषेक करने के लिए रवाना हो गया। इसके पूर्व कांवरियों ने महादानी बाबा की पूजा-अर्चना व आराधना कर दरबार में मत्था टेका। साथ ही क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना किया। इस दौरान जय महाकाल व महादानी बाबा के जयघोषों से मंदिर परिसर गुंजयमान रहा। जत्थे का नेतृत्व कर रहे बलकू उरांव ने बताया कि पूरा जत्था एक साथ यहां से सीधे महाकाल पहुंचकर भगवान महाकाल का दर्शन कर जलाभिषेक करेंगे। कांवरियों में प्रेम कुमार महतो, मुकेश गोप, शिवा गोप, अनिल गोप, रमेश महतो, पप्पू गोप, रंजीत गोप, लक्ष्मण महतो, प्रकाश कुमार, सूरज कुमार, विजय गोप, संदीप गोप, राजेश्वर नाग, अवधेश कुमार, संदीप कुमार, बबलू साव, पवन महतो, केदार महतो, सुभाष महतो, सुनील गोप, बालक गोप, राजू उरांव, रोहित गोप, महावीर कोइरी सहित अन्य शामिल है।

### मांडर : मुड़मा चौक पर खुला डीजे ब्रांड्स इन कपड़े की दुकान



**मांडर।** एनएच- 75 मुख्य पथ पर स्थित मुड़मा चौक के समीप सोमवार को डीजे ब्रांड्स इन नामक कपड़े की दुकान के दूसरा शाखा का उद्घाटन धर्म गुरु बंधन तिग्गा के हाथों फीता काटकर किया गया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने कहा कि मांडर थाना क्षेत्र राजधानी से सटे होने के कारण तेजी से विकसित हो रहा है। क्षेत्र के युवा किसी भी मामले में महानगर के युवाओं से पीछे रहना नहीं चाह रहे हैं। जिस प्रकार के ब्रांड के कपड़ों का संग्रह यहां है, वह निसंदेह बेहतरीन है। दुकान के संचालक दशरथ ने बताया कि लेटेस्ट ट्रेंड के हिसाब से यहां कई विकल्प युवाओं के लिए उपलब्ध है। युवाओं को मांग पर दूसरा शाखा खेलने की आवश्यकता पड़ी। हमारे प्रतिष्ठान पर स्पाईकर, पेपे, मुफ्ती, रेंगलर जैसे बहुचर्चित ब्रांड उपलब्ध है। इसके अलावा ब्रांडेड शूज भी उपलब्ध है। मौके पर सुदीप तिग्गा, मनोहर साहू, संजय उरांव, रंथू उरांव, रमेश कुमार सिंह, नेयाजूल खान, संजय उरांव, जतरू उरांव, धीरज कुमार, गणेश कुमार महतो मौजूद थे।

### बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास जरूरी

**बेड़ो।** प्रखंड के केशा गांव स्थित संत जगत ज्ञान एम एम पब्लिक स्कूल में सोमवार को सत्र 2023-24 के लिए चारों सदनों व स्कूल के हेड ब्वॉय व हेड गर्ल का चुनाव किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य संदीप राज ने कहा कि बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास और विद्यालय के शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक गतिविधियों में इनके सहयोग से बाल संसद का गठन किया गया। स्कूल में स्वच्छ वातावरण का निर्माण भी बाल संसद की बड़ी प्राथमिकता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आप सभी लोग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी पालन करें। उन्होंने सभी सदन के अध्यक्षों को कहा कि आप सभी लोग सदन में होने वाले कार्यक्रमों को पूरी ईमानदारी बरतें।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये चिंतामणि शरण नाथ शाहदेव

### धर्मनिरपेक्ष नीति के लिए जाने जाते थे महाराजा, रातू राज किले में हुई श्रद्धांजलि सभा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** छोटानागपुर राज के 62वें और अंतिम महाराजा चिंतामणि शरण नाथ शाहदेव नौवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा के साथ याद किये गये। 87 वर्षीय शाहदेव का निधन 10 जुलाई 2014 को हो गया था। किला सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनकी चित्र पर पुष्प अर्पित किये गये। इस दौरान वक्ताओं ने उन्हें दानवीर बताया। पिता के आकस्मिक निधन के बाद उन्होंने 18 साल 2 माह 23 दिन की उम्र में ही राजगद्दी संभाली थी। राज हाई स्कूल और बालक.बालिकाओं के लिये दो अलग-अलग प्राथमिक विद्यालय तथा महारानी प्रेम मंजरी देवी की स्मृति में बच्चियों के लिये हाई स्कूल की स्थापना कर शिक्षा को बढ़ावा दिया। गुमला व खूंटी में कॉलेज का निर्माण कराया। जीईएल चर्चए डायट, प्रखंड, अंचल, थाना व खेल आदि के लिये सैकड़ों एकड़ जमीन दान दी। चरिटेवल ट्रस्ट हॉस्पिटल खोल आम नागरिकों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराया। रांची सदर के विधायकए यूनिवर्सिटी के आजीवन सदस्य व कई सरकारी और गैर सरकारी पदों को सुशोभित किया। वह धर्मनिरपेक्ष नीति के लिये जाने जाते थे।

### सभा में थे शामिल

सभा में राजकुमारी माधुरी मंजरी, कल्पना देवी मंजरी, अजय नाथ शाहदेव, नितेश नाथ शाहदेव, प्रो कुमार आदित्येन्द्र नाथ शाहदेव, कौशलेंद्र सिंह, अभिरितदेव सिंह, राज पुरोहित भोला शंकर मिश्र, दामोदर नाथ मिश्र, महावीर सिंह, अर्जुन वीसी, करुणा नाथ मिश्र, संतोष सूत्रधार व कुमार देवा आदि मौजूद थे।

# इएसआइ अस्पताल में मिलेट्स जागरूकता कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**नामकुम।** सोमवार को ईएसआई मॉडल हॉस्पिटल नामकुम में मिलेट्स जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मोटे अनाजों से बने खीर खिचड़ी इडली, पुडीग वेजिटेबल कटलेट पूडी स्मूदी चावल चीला उपमा रोटी और अंबली इत्यादि व्यंजनों को तैयार कर अस्पताल में आने वाले मरीजो को खिलाया गया और मिलेट्स से होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी दी गयी। आयुर्वेद विभाग की चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ अम्बिका सिंह नें लोगो को जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्र सरकार के निर्देश पर पूरे देश में इस वर्स मिलेटस वर्स घोसित किया गया है, साथ ही पूरे देश मे लोगों को मोटे अनाज जैसे साबा, कटकी, कंगनी, कोदो, चीना, ज्वार, बाजरा, रागी से बने व्यंजनों पर एक को व्यवहार में लाने पर जोर दिया जा रहा है। डायविटिज समेत तमाम रोगों में मोटे अनाज के खाने से होने वाले फायदे के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर अस्पताल चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनोरमा मिंज, डॉ अम्बिका सिंह, विद्या, जयंती, मेरी कलेरा, प्रेमा कच्छप, बिना, चित्रा, राकेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

### पासवा ने मैट्रिक के विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**बेड़ो।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो के दसवीं बोर्ड के पांच विद्यार्थियों को खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में प्राइवेट स्कूल पासवा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में वित्त एवं आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव द्वारा सर्टिफिकेट व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार को कला, संस्कृति एवं खेलकूद व युवा विभाग के मंत्री को सम्मानित किया।

### सिल्ली विधायक ने किया पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास



**सिल्ली।** प्रखंड के कोंचो पंचायत के नायक जोबला में विधायक सुदेश कुमार महतो ने पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। 400 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य विधायक मद की राशि से किया जाना है। इस अवसर विधायक ने कहा कि बरसात के समय लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब लोगों को सहूलियत होगी। वहीं उन्होंने संबेदक को जल्द-से-जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, पूर्व जिप सदस्य सुधीर महतो, ग्राम प्रभारी, चूल्हा प्रमुख एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# स्वस्थ जीवन के लिए मोटा अनाज महत्वपूर्ण

### ओरमांझी में मडुआ बीज का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



किसानों को बीज देतीं प्रमुख अनुपमा देवी।

**ओरमांझी।** मिलेट्स मिशन-2023 के तहत प्रखंड के कुच्चू पंचायत सचिवालय में सोमवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर किसानों के बीच मोटा अनाज के बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख अनुपमा देवी देवी ने कुच्चू व जीराबार गांव के किसानों को चार-चार किलो मडुआ बीज का पैकेट प्रदान किया और कहा कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भोजन में मोटा अनाज का बहुत महत्व रहा है। पहले गांव में लोग मोटा अनाज का ही भोजन करते थे और ज्यादा हेल्दी व मेहनती होते थे। मोटा अनाज का सेवन करने वाले बीमार भी कम होते थें। उन्होने कहा हेल्दी स्वास्थ्य के लिए मोटा अनाज को बढ़ावा देना जरूरी है। वहीं बीटीएम मोहम्मद अलीजान ने बताया एनएफएसएम योजना अंतर्गत मोटा अनाज को बढ़ावा देने के लिए मडुआ मिनी किट प्रत्यक्षण वितरण किया गया है। जो किसान मोटा अनाज की खेती करना चाहते हैं। वे कृषक मित्र से संपर्क कर निशुल्क बीज प्राप्त कर सकते हैं। वहीं कृषक सलाहकार समिति अध्यक्ष भानू प्रताप महतो ने बताया कि गांव के किसानों को मोटा अनाज की खेती के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### कार्यक्रम में ये लोग थे शामिल

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया पूनम देवी, उपमुखिया संदीप कुमार महतो, पंचायत समिति सदस्य प्रमिला उरांव, पूर्व मुखिया समुंदर पाहन, विजय टोप्पो, कृषक मित्र फेकन महतो, योगेश्वर महतो व स्थानीय जनप्रतिनिधि, कृषक मित्र व किसान उपस्थित थे।

### सिदरौल में सांसद ने किया श्मशान शेड और चूल्हा निर्माण का शिलान्यास



**नामकुम।** सोमवार को सांसद संजय सेठ ने प्रखंड के सिदरौल गांव में सपही नदी पर श्मशान शेड़,पहुंच पथ एंव चुल्हा निर्माण कार्य की आधारशीला रखी। मौके पर सांसद श्री सेठ ने कहा कि मनुष्य के जन्म होने पर खुशियां मनाई जाती है और जब उसकी मृत्यु होती है तब उसके अंतिम संस्कार में श्मशान घाट पर होनी चाहिए। सांसद ने बताया कि अबतक रांची में 28 जगहों पर श्मशान शेड़ का निर्माण उनके द्वारा करवाया गया है और यह आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि वे बहुत जल्द प्रेस कांफ्रेस कर आंकड़ो के साथ मोदी सरकार द्वारा सडक बिजली,पानी, आदि की व्यवस्था कराए जाने की जानकारी सूचि के साथ देंगे। वहीं पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, रास्ट्रीय मंत्री आरती सिंह, प्रदेश महिला मार्चा अध्यक्ष अरती कुजूर प्रमोद सिंह लोगों से देशहित में मोदी सरकार को चुनने की अपील की।

## स्पीड न्यूज

### सीआरपीएफ जवान ने राइफल से गोली मार कर की आत्महत्या



**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के चियांकी 112 बटालियन में तैनात सीआरपीएफ के जवान प्रांजल नाथ (31 वर्ष) ने अपने सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह घटना सोमवार अहले सुबह करीब 3 बजे की है। प्रांजल नाथ ने आत्महत्या क्यों की है, इसका पता अभी तक नहीं चल पाया है। घटना की जानकारी मिलने पर सीआरपीएफ के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गये हैं। बता दें कि सीआरपीएफ जवान असम का रहने वाला था। 2 महीने की छुट्टी बिताने के बाद 8 जुलाई शनिवार को ही ड्यूटी पर लौटा था। घटना की खबर सुनकर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार सीआरपीएफ कैंप में पहुंचकर घटना का जायजा लिया। मौके पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि मामला सुसाइड का ही है। आगे की कार्रवाई की जाएगी। यूडी केस दर्ज किया गया है। हालांकि जवान ने इंसास से अपने आप को गोली मारा है।

### मानव तस्करी के अभियुक्त को जेल

**गुमला।** मानव तस्करी के आरोपी अहतु थाना कांड संख्या-16/2021 के प्राथमिक अभियुक्त बसिया थाना क्षेत्र के पतुरा गांव निवासी अंजनी देवी उर्फ अंजली (40) वर्ष पति स्व. विजय लोहरा को गुमला के करमटोली रोड से गिरफ्तार कर न्यायालय गुमला में प्रस्तुत करते हुए सोमवार को जेल भेजादिया गया। उक्त अभियुक्त ने सिलाफारी की दो लडकियों को दिल्ली में बेच देने के आरोप में कांड दर्ज किया गया था।

### टोटो : सर्पदंश से बच्चा जख्मी

**गुमला।** टोटो के फुलवा उरांव का पुत्र अनीश (6) को तालाब में नहाने के एक सांप ने डंस लिया। परिजनों ने उसे गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। सोमवार की सुबह 7:30 बजे वह अपने दोस्तों के साथ नहाने तालाब गया हुआ था।

### इंटक के फिर से जिलाध्यक्ष बने इमरान

**लोहरदगा।** स्थानीय राजेंद्र भवन में राष्ट्रीय मजदूर संघ (इंटक) के नवनियुक्त अध्यक्ष इमरान आजाद अंसारी ने प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में नवनियुक्त अध्यक्ष इमरान आजाद अंसारी ने कहा कि बीते दिनों झारखंड प्रदेश इंटक अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू ने इंटक के नवनियुक्त तीनों जिलाध्यक्ष लातेहार, गुमला और लोहरदगा को आनन-फानन में तत्काल प्रभाव से मुक्त कर दिया था। कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश के बाद केंद्रीय नेतृत्व इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष को तुरंत सूचना दी गयी। राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे (ददई दुबे) ने फौरन संज्ञान लेते हुए पुनः तीनों जिला गुमला, लातेहार और लोहरदगा के अध्यक्षों को बहाल किया।

### संघर्ष मोर्चा लोहरदगा की बैठक 12 को

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा लोहरदगा जिला समिति की बैठक आगामी 12 जुलाई दिन बुधवार को 11 बजे से समाहरणालय के सामने यूक्लिप्टस मैदान में होगी। उक्त जानकारी सोमवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा लोहरदगा जिला समिति के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमर किंडो, सचिव विशेषण भगत, प्रवक्ता अनिल कुमार भगत, चैतू मुंडा, दशरथ उरांव, मनोज उरांव, सोमनाथ उरांव, जगदीश उरांव, रूस्तम खान, दिनेश साहू, भोला भगत, इसरार अहमद, आनंद उरांव, सुखदेव उरांव, सीता उरांव, बालोमनी बाखला, अजीत खाखा, तारा खलखो, रामधनी भगत, राजू गुप्ता, सुखराम भगत, बिमलावती कुमारी, लक्ष्मी देवी, भोला भगत व कई गण्यमान्य भाग लेंगे।

### आजसू के प्रखंड व पंचायत प्रभारी गठित

**लोहरदगा।** जिला आजसू पार्टी ने विधानसभा क्षेत्र के कुडू प्रखंड में प्रखंड प्रभारी एवं पंचायत प्रभारी गठन किया। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी सह लोहरदगा के पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एवं लोहरदगा विधानसभा की प्रभारी नीरू शांति भगत उपस्थित रही। संचालन करते हुए कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान ने सभी पंचायत के पंचायत प्रभारी को निर्देश दिया कि आगामी कार्यक्रम ग्राम प्रभारी के साथ झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री व आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का लोहरदगा जिला में होने वाला है। इस कार्यक्रम को लेकर ग्राम प्रभारियों का चयन किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कुडू प्रखंड में पंचायत प्रभारी नियुक्त किया।

### डीएवी में स्टूडेंट काउंसिल का गठन

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में स्टूडेंट काउंसिल का गठन सोमवार को हुआ। मौके पर प्राचार्य डॉ रमाकांत साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप में असीम क्षमता है। आपको हीरे की तरह चमकना होगा। क्योंकि हीरे की चमक आंतरिक होती है। आप अपनी आंतरिक प्रतिभा को विद्यालय व समाज कल्याण के लिए उपयोग में करें। मौके पर हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन, इको क्लब, हेल्थ एंड हाइजीन क्लब, साइंस क्लब, लिटरेरी क्लब, स्कूल इनोवेशन क्लब, कल्चरल, कम्यूनिटी वेल्फेयर इत्यादि के सेक्रेटरी तथा पांच एसोसिएट मेंबर, एसेंबली कोआर्डिनेटर, डिसिप्लिन कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन तथा 20 प्रीफेक्ट्स का चयन किया गया।

### मुहर्रम कमेटी के सदर बने असरफ राय

**गुमला।** अंजुमन इस्लामिया कमेटी नवागढ़ पतराटोली की बैठक जामा मस्जिद परिसर पतराटोली में हुई। जिसकी अध्यक्षता अंजुमन के सदर जहिरुद्दीन हबीबी ने की। बैठक में मुस्लिम समुदाय के आने वाले पर्व मोहर्रम पर चर्चा की गयी। निर्णय लिया गया कि मुहर्रम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसके लिए पुरानी मुहर्रम कमेटी को भंग करते हुए नये मुहर्रम कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मुहर्रम कमेटी के सदर के रुप में असरफ राय उर्फ लालो, सेक्रेटरी के रुप में खुर्शीद आलम उर्फ बिट्टू व खजांची के रुप में अफजल आलम को चुना गया।

### जन, मृत्यु निबंधन के प्रति जागरूकता को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को प्रखंड स्तरीय जन्म - मृत्यु निबंधन से संबंधित प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आफताब आलम, एटीएम मो. शमीम ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बीडीओ सह सीओ कुमारी ने जन्म मृत्यु निबंधन की महत्ता व उद्देश्यों की जानकारी दी साथ ही बताया गया कि आगामी 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक प्रखंड स्तर पर कोविड-19 अवधि के दौरान छूटे हुए एवं अन्य छूटे हुए घटनाओं के शत- प्रतिशत निबंधन के लिए विशेष अभियान चलाने की बात कही।

# बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे शिवालय

- टांगीनाथ व देवाकी बाबा धाम में पूजा के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़
- प्रथम सोमवारी पर जिले के हर शिवालय में जलाभिषेक के लिए लगी लोगों की कतार
- नारियल, बेलपत्र, भांग, इलायची दाना व अन्य प्रसाद चढ़ाकर भक्तों ने भगवान को लगाया भोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**










1. टांगीनाथ धाम में जलाभिषेक करते, 2. जलाभिषेक के लिए कतारबद्ध खड़े श्रद्धालु और 3. शक्ति संघ मंदिर में भगवान की पूजा करते भक्त।

**गुमला।** सावन माह के पहली सोमवारी के अवसर पर जिले के सभी शिवालय हर-हर महादेव के नारों से गूंजता रहा। श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए पवित्र सरोवरों से जल उठाकर विभिन्न स्थानों पर शिवलिंग में जलाभिषेक के लिए पहुंचे थे।

पहली सोमवारी पर जिले के शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। नारियल, बेलपत्र, भांग, ईलाईचीदाना व अन्य प्रसाद चढ़ाकर भक्तों ने भगवान को भोग लगाया। जिले के प्रसिद्ध बाबा टांगीनाथ धाम में अहले सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। टांगीनाथ धाम में के हर क्षेत्र में पडें शिवलिंग व विशाल त्रिशुल भक्तों को हर श्रावण मास में अपनी ओर आकर्षित करता है।

आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग टांगीनाथ धाम स्थित नदी में स्नान कर वहां से जल उठाकर मंदिर पहुंचते हैं। जहां भक्ति-भाव व आस्था के साथ शिवलिंग में जलाभिषेक कर अपनी मनोकामना पूर्ति का वरदान मांगते हैं। भक्तों की यह आस्था व विश्वास टांगीनाथधाम को प्रसिद्धि देती है।

वहीं दूसरी ओर घाघरा प्रखंड का देवाकी बाबा धाम में भी अहले सुबह से पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर स्थित नदी में हजारों भक्तों ने पवित्र डूबकी लगाकर वहां से जल उठाकर शिवलिंग में जलाभिषेक किया। देवाकी बाबा धाम में पूजा अर्चना के लिए लोहरदगा, गुमला सहित कई जिलों से लोग वाहनों में सवार होकर पहुंचते हैं।

यहां जलाभिषेक कर भक्त अपनी मनोकामना पूर्ति का वरदान स्वयंभू भगवान भोलेनाथ से करते हैं। भगवान भी अपने भक्तों की इच्छा किसी न किसी रूप में पूरा करते हैं। वहीं शहर के करमटोली स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर, पालकोट रोड स्थित शक्ति मंदिर, रौनियार मंदिर, घाटो बगीचा स्थित महावीर मंदिर, विंध्याचल नगर स्थित पंच शिव शक्ति मंदिर आदि स्थानों पर भी अहले सुबह से ही भक्तों की भीड़ पूजा अर्चना के लिए उमड़ी थी। इन मंदिरों में सबसे अधिक भीड़ महिलाओं की देखी गयी।

#### शिवालयों में भक्तों का तांता

वहीं करमटोली स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में कतार बद्ध तरीके से बारी-बारी से भक्तों ने शिवलिंग में जलाभिषेक किया। इसके अलावे जिले के कामडारा प्रखंड स्थित शिव मंदिर, बसिया के शिवमंदिर, विशुनपुर के शिवमंदिर, भरनो प्रखंड के शिवमंदिर, जारी प्रखंड के शिवमंदिर व चैनपुर प्रखंड के शिव मंदिर में पहली सोमवारी के अवसर पर पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। पालकोट प्रखंड के ऋषि मुख पर्वत व सिसई प्रखंड के नगर स्थित प्राचीन शिवमंदिर में भी पहली सोमवारी पर पूजा अर्चना के लिए लोगों की भीड़ लगी रही।

# भाजपा नेता जय नारायण सिंह और किशोरी लाल का निधन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर के दो दिग्गज नेता बिरसानगर निवासी जयनारायण सिंह एवं गोविंदपुर निवासी किशोरी लाल का निधन सोमवार सुबह जमशेदपुर के टाटा मोटर्स अस्पताल में हो गया। दोनों नेतागण पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। पार्टी के दो वरिष्ठ नेताओं के आकस्मिक निधन से जमशेदपुर महानगर के भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक व्याप्त है। सोमवार सुबह नेताओं के निधन होने की जानकारी मिलते ही काफी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता निवास स्थान पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। बस्ती विकास समिति के प्रथम केंद्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता जयनारायण सिंह एवं भाजपा गोविंदपुर मंडल के पूर्व अध्यक्ष किशोरी लाल के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने गहरा शोक व्यक्त किया है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जयनारायण सिंह को स्मरण करते हुए कहा कि वे एक मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यक्ति थे। उन्होंने टेल्को मजदूर आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी। उनके द्वारा किये गये मजदूर हित एवं सामाजिक कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वहीं, भाजपा गोविंदपुर मंडल के पूर्व अध्यक्ष रहे किशोरी लाल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा कि एक अभिभावक के रूप में उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। उनका जीवन जनसेवा एवं संगठन के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने जमशेदपुर में संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। दास ने दोनों दिवंगत नेताओं की आत्मा की शांति की प्रार्थना कर शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए कहा है कि दुःख की इस घड़ी में वे शोकाकुल परिजनों के साथ है। उन्होंने परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है।

**गोविंदपुर भाजपा के चेहरा थे लाल :** भाजपा के गोविंदपुर मंडल को लंबे समय तक नेतृत्व देने वाले किशोरीलाल क्षेत्र में भाजपा के चेहरा थे। उनकी विनम्रता का पूरा क्षेत्र कायल थे। वे गोविंदपुर के एलआइजी में सपरिवार रहते थे। गोविंदपुर में आरएसएस को स्थापित करने में भी उनकी भूमिका रही और नियमित रुप से आरएसएस की शाखा लगाते रहे। उनके व्यवहार कुशलता के चलते हर विचारधारा के लोग उनका सम्मान करते थे।

# झामुमो युवा मोर्चा, महिला मोर्चा व किसान मोर्चा कमिटि का हुआ गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रंजीत उरांव को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष लाल मोतिनाथ

**लातेहार।** लातेहार जिला समिति के पत्र के माध्यम से प्राप्त अनुसंशा के आधार पर झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय कमिटि के द्वारा झामुमो युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, अल्पसंख्यक व किसान मोर्चा कमिटि का गठन कर दिया गया। रंजीत उरांव को युवा मोर्चा, निर्मला उरांव को महिला मोर्चा, मो. वारिश अंसारी को अल्पसंख्यक मोर्चा व सुरेश उरांव को किसान मोर्चा का जिलाध्यक्ष मनोनित किया गया है। साथ हीं युवा मोर्च में रिंकु कच्छप, मुरारी ठाकुर डब्लू प्रजापति को जिला उपाध्यक्ष, मो. परवेज आलम को सचिव, लाल संजीत नाथ शाहदेव को संगठन सचिव व अरशद अंसारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। महिला मोर्चा में ममता सिंह, आरती देवी, अश्रिता बालमुचू को उपाध्यक्ष, सुनैना कुमारी को सचिव पूजा कुमारी व सुनिता कुमारी को संगठन सचिव व हर्षित टोप्पो को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। अल्पसंख्यक मोर्चा में मो. मनीर व मो. सफरूल को उपाध्यक्ष, मो. मोनाजिर को सचिव व मो. अनवर को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं किसान मोर्चा में सत्येन्द्र यादव को उपाध्यक्ष, मोहन लोहरा को सचिव व बबन तिवारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। नव नियुक्त सभी पदधारियों को वरीय नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ जिला कमिटि का पूर्णगठन, नगर, प्रखंड, वार्ड, पंचायत कमिटि का गठन करना सुनिश्चित करने की बात कही गयी है। इधर नवनियुक्त सभी पदधारियों को झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोतिनाथ शाहदेव, जिला सचिव शमशुल होदा, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष अरूण दुबे ने माला व झामुमो का पट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। कहा कि आपसभी को संगठन ने जिस विश्वास व भरोसे के साथ दायित्व दिया गया है, उसका निर्वाहन पुरी निष्ठा के साथ करते हुये संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का कार्य करेंगे।

# पलामू: दो छात्र बांध में डूबे, मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा प्रखंड अंतर्गत गोरीयवटा मौजा के गड़ईबांध में नहाने के दौरान दो स्कूली बच्चों की मौत हो गई। दोनो स्कूल से भागकर नहाने पहुंचे थे। घटना के बाद बच्चों के परिजन और स्थानीय लोगों ने दोनों स्कूलों में हंगामा किया और बच्चों की मौत के लिए शिक्षकों को जिम्मेवार ठहराया। आरोप लगाया कि शिक्षकों की लापरवाही से बच्चें स्कूल से बाहर निकले और फिर नहाने चले गए। मृत बच्चों में सकलदीपा गांव के विजय सिंह का इकलौता पुत्र पीयूष कुमार सिंह (11वर्ष) एवं मधुबना के रविन्द्र सिंह का पुत्र शिवम कुमार (12वर्ष) शामिल है। शिवम राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मधुबाना का 7वां कक्षा का छात्र था। जबकि पीयूष बरवाडीह राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय में कक्षा 7 में पढ़ाई करता था। दोनो हर दिन की तरह अपने-अपने स्कूल गए हुए थे। वहां बैग रखने के बाद दोनों नहाने के लिए निकल गए थे। स्कूल से डेढ़ किलोमीटर दूर गड़इबांध में दोनों नहा रहे थे। इसी क्रम में दोनों डूब गए। उनके डूबने की जानकारी ग्रामीणों को हुई। मौके पर तेंदुई पंचायत के मुखिया पति अरविन्द सिंह पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से बच्चों को बांध से निकालकर अस्पताल ले गए।

# मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मिले राजद जिलाध्यक्ष सुनील मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** राजद जिलाध्यक्ष सुनील मेहता ने पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष राजेश उरांव और जिला सचिव सहदेव लोहरा के साथ झारखंड सरकार के मंत्री श्रम एवं कौशल विकास 20सूत्री प्रभारी मंत्री सत्यानंद भोक्ता से रांची स्थित आवास पर मिलकर लोहरदगा की जनसमस्याओं से अवगत कराया। साथ ही जिला 20 सूत्री बैठक को लेकर समय निर्धारित जल्द करने की मांग की। सुनील ने मंत्री से जिले में पेयजल की समस्या गिनाते हुए बताया कि अभी भी जिले में कई गांव इस सुविधा से वंचित हैं। साथ ही कई अन्य मुद्दे पर भी चर्चा की। मंत्री ने सभी मामले पर जल्द कार्रवाई की बात कही।

### भंडरा : महिला ने फांसी लगाकर दे दी जान



**भंडरा।** डुमरी में रविवार को अपने कुआं में लगे पोल से फांसी लगाकर एक महिला ने आत्महत्या कर ली। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि रविवार को सूचना मिली कि एक महिला ने आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया। पहचान स्व गंदुर उरांव की पत्नी बिंत्री उरांव (45) के रूप में हुई है। महिला कुछ समय से बीमार थी। आगे की जांच की जा रही। भंडरा पुलिस यूडी कांड दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है।

### बिजली तार की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के कांजो महुवा टोली में सोमवार को मवेशी को चराने गये वृद्ध की बिजली तार की चपेट में आने से मौत हो गयी। सूचना के बाद पहुंची भंडरा पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमाटम के लिए लोहरदगा सदर भेज दिया। पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी है। ज्ञात हो कि कांजो महुवा टोली के रज्जाक अंसारी (65) पिता स्व शबीर अंसारी मवेशी चराने खेत गये थे। इसी बीच वे तार की चपेट में आ गये, जिससे मौके पर ही मौत हो गयी।

### शोकाकुल परिवारों से मिले सुखदेव भगत

**कैरो।** प्रखंड के चरिमा राजपूत टोली के कांग्रेस नेता सलील सिंह के बड़े भाई अवधेश साह का कुछ दिन पूर्व बीमारी से निधन हो गया था। जानकारी मिलते ही झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत कांग्रेसियों के साथ चरिमा राजपूत टोला पहुंच शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट की। कहा कि इस दुख की घड़ी में कांग्रेस शोकाकुल परिवारों के साथ है। शोक व्यक्त करने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक साहू, भानु प्रताप शाह, भागीरथी शाह, सलील सिंह, सुरेश शाह, मनराज उरांव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### दो बाईक की आपने सामने हुई टक्कर, एक मौत, दो घायल

**महुआडांड।** महुआंडाड़ मेदिनीनगर मुख्य पथ पर पर राजडंनडा के समीप दो बाईक की आपने सामने टक्कर हो गई। जिसमें वरदौनी कला निवासी गुप्तेश्वर सिंह उम्र 65 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक गुप्तेश्वर सिंह बीज लेकर महुआडांड़ बाजार से अपने गांव वरदौनी कला जा रहा था। वहीं विपरित दिशा से आ रही दुसरा बाईक सवार से सीधे टक्कर हो गया। टक्कर इतना जोरदार था कि मोटरसाइकिल वाहन भी बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया। घटनास्थल पर उपस्थित लोगों ने बताया कि दूसरे बाइक एक युवक और एक युवती सवार थे युवक पैर टुट गया है और युवती का सर में चोट है और रक्त स्राव हो रहा था। महुआंडाड़ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर वहां का जायजा लिया। वहीं प्रशासन के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के तैयारी में जुड़ गई है।

# एसएस +2 उवि का ताला तोड़ दस्तावेजों से छेड़छाड़

- प्रधानाध्यापक ने थाना में की शिकायत, छानबीन शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित एसएस प्लस टू हाई स्कूल में बीते रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने दर्जनों ताला तोड़ विद्यालय के महत्वपूर्ण दस्तावेज के साथ छेड़छाड़ किया। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने सोमवार को दिन के 12 बजे घाघरा थाना में लिखित आवेदन दिया है। इस संबंध में प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने बताया कि सोमवार की सुबह जब विद्यालय आए तो देखा कि विद्यालय के आफिस का सभी दरवाजा का ताला तोड़ा हुआ था। ऑफिस के अंदर घुस कर देखा गया तो लगभग 6 अलमारी का लॉक तोड़ा हुआ था। साथ ही दस्तावेज बिखरे पड़े थे। हालांकि अंदेशा लगाया जा रहा है कि किसी भी तरह की चोरी नहीं हुई है।

### पानी भरने के दौरान कुएं में गिरकर महिला जख्मी

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के टोटांबी पतराटोली की महिला हीरा मुन्नी देवी (37) पानी भरने के दौरान कुएं में गिरकर घायल हो गयी। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों ने बताया कि सोमवार की सुबह 7:30 बजे हीरा मुन्नी देवी कुएं में पानी भरने गयी हुई थी। पानी भरने के दरम्यान अचानक चक्कर आने से वह कुएं में गिर गयी। तभी कुछ देर बाद दूसरी महिला पानी भरने गयी तो देखा कि हीरामुनी कुएं में गिरी हुई है। महिला ने परिजनों को जानकारी दी और परिजन तत्काल महिला को कुएं से बाहर निकाले।

# भंडरा : धान का बिचड़ा तैयार रोपाई के लिए खेत में पानी नहीं

- मानसून की बेरुखी से क्षेत्र के किसान हैरान-परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भंडरा।** किसान के खेतों में धान का बीड़ा तैयार हो गया है परंतु खेतों में पानी नहीं है। जिससे अभी तक धनरोपनी शुरू नहीं हो सकी है। किसानों के अनुसार धान का बीड़ा समय से छीट दिया गया था। बीड़ा तैयार है। परंतु इस वर्ष मानसून की बेरुखी से अभी तक एक बार भी खेत में पानी नहीं भरा है। नदी तालाब कुआं सहित पानी के अन्य जल स्रोतों में भी पानी नहीं है। जिससे किसान चाह कर भी पटवन कर धनरोपनी नहीं कर पा रहे हैं। रोपनी नहीं होने से किसान चिंतित हैं। उनका मानना है कि समय पर धान की रोपाई नहीं होने से उपज प्रभावित होता है। मानसून की बेरुखी किसानों को परेशान कर रही है। किसान बताते हैं कि धान रोपनी से पहले खरपतवार मरने के लिए जुताई जरूरी होती है। खेत के मेढ़ बनाये जाते हैं।

# अखिलेश्वर धाम में उमड़े शिवभक्त गूंजा हर-हर महादेव, बम-बम भोले

## पहली सोमवारी

- अखिलेश्वर, देशवाली, ओखर डिपा, कारू मठ, महादानी मंदिर सहित अन्य शिवालयों में सुबह से भक्तों की उमड़ी भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** श्रावण मास की पहली सोमवारी को प्रखंड के प्रसिद्ध अखिलेश्वर धाम सहित देशवाली, कारू मठ, ओखर डिपा, महादानी सहित अन्य शिवालयों में सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। जिले के सेन्हा, कैरो, लोहरदगा, भंडरा के बड़ी संख्या में भक्त मंदिरों में जलाभिषेक के लिए पहुचे, हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पूरा इलाका गूंजता रहा। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने अखिलेश्वर धाम मे भगवान शिव की पूजा आराधना कर क्षेत्र की सुख-शांति की कामना की।

## इस साल दो माह तक चलेगा सावन का महीना



इस साल दो माह तक चलने वाले श्रावण मास में आठ सोमवारी का संयोग बन रहा है। 10 जुलाई को पड़ी पहली श्रावण सोमवारी की पूर्व संध्या पर अखिलेश्वर धाम शिव मंदिर की आकर्षक साज-सज्जा की गयी। श्रद्धालु कतार में लगकर जलाभिषेक कर सकें, इसके लिए अखिलेश्वर मंदिर में बांस से घेरा बनाया गया था। शिव मंदिरों में ब्रह्म मुहूर्त में पुजारियों के सान्निध्य में शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालु सुबह से देर शाम तक जलाभिषेक करते रहे।

**इस साल आठ सोमवारी :** अखिलेश्वर धाम मंदिर के पुजारी पंडित भजन पंडित के अनुसार 19 साल बाद श्रावण मास में पुरुषोत्तम मास का संयोग बनने से इस साल श्रावण महीना 59 दिनों तक रहेगा। दो महीने का श्रावण होने से आठ सोमवारी का संयोग बन रहा है। आठों सोमवारी पर शिवलिंग का रुद्राभिषेक और मनमोहक श्रृंगार किया जायेगा। पहली सोमवारी - 10 जुलाई, दूसरी सोमवारी - 17 जुलाई, तीसरी सोमवारी - 24 जुलाई, चौथी सोमवारी - 31 जुलाई, पांचवीं सोमवारी - 07 अगस्त, छठी सोमवारी - 14 अगस्त, सातवीं सोमवारी - 21 अगस्त, आठवीं सोमवारी - 28 अगस्त को होगी। मौके पर शिव भक्तों ने भंडारे का भी आयोजन किया।

# श्रमिक सहयोग समिति व सीसीएल के बीच सात सूत्री मांग को लेकर बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल लोग

**बालूमाथ।** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड़ कोलियरी के पीट ऑफिस में श्रमिक सहयोग समिति एवं सीसीएल के बीच सात सूत्री मांग को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आदिवासी अपना जमीन पर मकई की खेती करने को लेकर जोत कोड करने के दौरान सीसीएल के गार्ड महिलाओं के साथ किए गए दुर्व्यवहार के बाद आदिवासियों द्वारा सीसीएल के कार्यों को बंद कराने को लेकर चर्चा की गई। श्रमिक सहयोग समिति ने 7 सूत्री मांग रखी। जिसमें विस्थापितों को जमीन के बदले नौकरी व मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। विस्थापितों पर झूठा मुकदमा नहीं की जाए, नौकरी से संबंधित समस्या का निष्पादन शीघ्र की जाए, श्रमिक सहयोग समिति को एक करोड़ रुपए तक का ठिका दी जाए, विस्थापित परिवारों को जलावन हेतु कोयला उपलब्ध कराया जाए। बिजली, पीने का पानी एवं सड़क में नियमित जल छिड़काव की जाए, सीसीएल के खाली पड़े जमीन पर पेड़ पौधा लगाया जाए। विस्थापितों के बच्चों को विद्यालय जाने के लिए 3 बस की व्यवस्था की जाए, डीएमएफटी फंड से एंबुलेंस की व्यवस्था की जाए, खाद्यान्न का पानी सिंचाई के लिए इस्तेमाल करने की अनुमति दी जाए, समेत कई मांगे शामिल है। बैठक के बाद सीसीएल द्वारा लोगों को आस्वस्थ कराते हुए कहा कि आप लोगों की सभी मांग जायज है और इस पर नियम संगत सभी समस्या का निष्पादन किया जाएगा।

# प्रकाशन के पहले दिन जनांदोलन बन गया था खबर मन्त्र
# छात्रों ने अखबार लहराते हुए किया जोरदार प्रदर्शन

## आइबीपीएस (बैंकिंग एक्जाम) में प्रतिभागियों को स्नातक में न्यूनतम 60 प्रतिशत के खबर का प्रभाव

**एनके मुरलीधर**

**खबर मन्त्र** के प्रकाशन का पहला दिन और वॉर रुम में अफरा तफरी का माहौल। पहला दिन वैसे भी चुनौतीपूर्ण होता है। दिन के लगभग ढाई बजे बेड़ों के युवा राधव महतो का जो ऑनलाइन काउंसलिंग में भाग लेता था उसका फोन आता है। मुरली सर आपने आइबीपीएस का नया नियम जाना, मैंने कहा नहीं। सर अनर्थ हो जायेगा। अब झारखंड के लड़कों का बैंक में नौकरी न के बराबर लगेगी। इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सलेक्शन माने आइबीपीएस ने बैंकिंग जॉब के लिये स्नातक स्तर पर प्रथम श्रेणी अनिवार्य कर दिया है। सर हम सब प्रेस मीडिया को फोन कर रहें हैं लेकिन कोई समझ नहीं रहा है। झारखंड में जैक बोर्ड में वैसे भी लड़का लोगोंको कम नबंर आता है। यूनिवर्सिटी का हालत आप जानते ही है।

मुझे लगा कि यह विशेषकर झारखंड सहित हिंदी पट्टी के युवाओं के साथ अन्याय है और क्यों ने इस खबर को प्रमुखता से लिखा जाए। सबसे पहले मैंने आइबीपीएस के बेवसाइट को चेक किया। पाया कि ऐसी एक सूचना उसने प्रकाशित किया है कि छात्रों की संख्या को नियंत्रित करने के उदेश्य से मेरिट को आगे लाने के उदेश्य से बैंकिंग की परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक सहित उतीर्ण करना आवश्यक कर दिया गया है। तुरंत मैंने इस खबर की पुष्टि के लिए श्री सक्सेस मंत्रा के संस्थान के निदेशक प्रमोद कुमार जी से संपर्क किया। मैंने उन्हें बताया कि आपके संस्थान के बच्चों को तैयारी के क्रम में यह बात सुनिश्चित कर लें कि जिन युवाओं को 60 प्रतिशत अंक हो वही बैंकिग की तैयारी करें शेष बैंक में जाने की कल्पना न करें। क्योंकि इस प्रकार कर नियम लागू कर दिया गया है। इसके बाद मैंने राजधानी रांची के करतार कोचिंग सेंटर के तत्कालिन सेंटर हेड नागेन्द्र सिंह जो वर्तमान में महेन्द्रा के




खबर मन्त्र
फोन इन करियर काउंसिलिंग
सफलता के लिए निगेटिव अंक के प्रावधान को गंभीरता से लें

हजारीबाग सेंटर के सेंटर हेड हैं उनसे भी यह जानकारी शेयर की तब उन्होंने कहा कि यह निर्णय छात्रों के प्रतिभा के साथ खिलवाड़ है। विशेषकर झारखंड बिहार सहित उत्तर भारत में स्नातक कक्षाओं में प्रथम श्रेणी लाना आसान नहीं होता है। यह बड़ी गंभीर और निंदनीय निर्णय है इसका जमकर विरोध होगा।

इसके बाद मैंने झारखंड के युवाओं की समस्या उनके आक्रोश और केन्द्र सरकार के इस निर्णय से युवाओं को होने वाले नुकसान को चिन्हित करते हुए एक समाचारतैयार कर दिया। मैंने उस खबर में यह साफ कर दिया कि केन्द्र सरकार का यह आत्मघाती कदम है। यह खबर मुझें मेरे आनलाइन काउंसलिंग से जुड़ें छात्र के माध्यम से मिली थी। उसके बाद मैं दूसरे खबर में लग गया जो एनआइओएस से जुड़ी थी।

काम समाप्त करने के बाद फिरायालाल चौक जाकर हॉकरों को अखबार पहुंचाने का कार्यक्रम था उसमें शामिल हुआ और सुबह चार बजे घरलौटा। लगभग नौ बजे मेरे फोन पर कॉल आना आंरभ हो गया। सर आइबीपीएस के इस निर्णय के खिलाफ हम घरना देंगे, कोई कहता जुलूस निकालेंगे तो कोई आइबीपीएस के पुतला दहन काकार्यक्रम की सूचना देने लगा। चूंकि अखबार के प्रकाशन के आंरभ में दो बजे कार्यालय जानाथा लेकिन 12 बजे द मेंटर के निदेशक आलोक कुमार ने फोन कर कहा कि सर पूरे सरकुलर रोड में छात्रों ने आइबीपीस का पुतला जलाने का कार्यक्रम आंरभ कर दिया है और खबर मन्त्र पूरे जोर-शोरसे लहराया जा रहा है। कृप्या फोटो ग्राफर भेज दिजीए।

मैं भी सरकुलर रोड स्थित हरिओम टॉवर पहुंचा। जहां हजारों छात्र तख्तिया लिये आइबीपीएस के खिलाफ नारे लगा रहे थे। छात्रों के हाथ में खबर मन्त्र की प्रतियां भी थी। रोजगार से जुड़ी इस खबर का इतनाव्यापक असरहोगा इसकी कल्पना मैंने नहीं की थी। शाम को मुझे इस समाचार के लिये एमडी सर ने बधाई दी।

खबर मन्त्र जिस समाजिक सरोकार से पहले दिन से जुड़ा वह आज भी कायम है। पत्रकारिता लोकतंत्र ही नहीं दुनियाके बदलाव का एक बड़ा माध्यम है। प्रिंट मीडिया का महत्व दिनोदिन बढ़ता जा रहा है। बदलाव उसके प्रकाशन को मोड को लेकर हुआ है। अब कागज पर छपे पन्नों के साथ खबर मन्त्र का ई पेपर,फेस बुक, खबर मन्त्र डॉट कॉम झारखंड के सीमा से आगे राष्ट्रीय और वैश्विक मंच पर पत्रकारिता के मूल्यों का संबर्द्धन कर रहा है।

खबर मन्त्र की टीम स्कूल, कॉलेज शिक्षण संस्थाओं प्रशिक्षण संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों, धार्मिक कार्यक्रमों, सामाजिक और आर्थिक समस्याओं के साथ राज्य की राजनीति और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और बढ़ाने का काम करते हैं। आज के चुनौतीपूर्ण समय में भी हम टू इन्फार्म, टू एडुकेट और टू इंटरनेट की अपनी प्रतिबद्धता से अलग नहीं होते हैं।एक संपूर्ण अखबार के दस साल पूरे होने पर हम आनंदित है और आने वाले चुनौतियों से लड़ने को तैयार भी। हम समय के अनुसार बदल रहें हैं। हमने ऑनलाइन और ऑफलाइन कार्यक्रमों के आधार से एक लाख से अधिक युवाओं का मार्गदर्शन किया। हम समाज के उनसभी कार्यक्रमों में जो हमें सकरात्मक उर्ज से भर देते हैं उनमें शामिल हुआ। रोटरी क्लब रांची ने हमें बेहतर समाजिक कार्यक्रमों के लिये सम्मानित भी किया और उसे अपने बुलेटिन में प्रकाशित भी किया।

# राष्ट्रीय फलक पर छाते झारखंड के बच्चे और उन्हें प्रोत्साहित करता खबर मन्त्र



**सुष्मिता चोधरी**

विज्ञान और तकनीक एक देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आज भारत तेजी से पूरी दुनिया में अपनी एक छाप छोड़ रहा है क्योंकि विज्ञान ही देश को विभिन्न क्षेत्रों में विकास के लिए सक्षम बनाता है और आर्थिक, सामाजिक, और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उन्नति को प्रोत्साहित करता है।

और जहां देश के हित की बात आती है वहां खबर मंत्र पूरे मन और समर्पण से पहुंचा रहता है। आज विज्ञान के अनोखे अनोखे खोज आसमान छू रहा है और ऐसा तभी संभव होता है जब उसके पीछे कर्मठ आदमी पूरी ईमानदारी से मेहनत करे। खबर मंत्रा के 10 वीं वर्षगांठ पर एक ऐसे ही प्रतिभाशाली आदमी का इंटरव्यू लिया , जिन्होंने अपने काम के बारे में कुछ ऐसा बताया जिससे शायद आधा देश बेखबर होगा। राजेंद्र सिंह राष्ट्रीय विज्ञान प्रद्यौगिकी, भारत सरकार में राज्य शैक्षणिक समन्वयक हैं।

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस (एनसीएससी) एक राष्ट्रव्यापी विज्ञान संचार कार्यक्रम है। यह राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी), विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार का एक कार्यक्रम है जो एनसीएसटीसी - नेटवर्क, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाता है। इसकी शुरूआत 1993 में हुई थी और यह हमारे दिवंगत राष्ट्रपति श्री एपीजे अब्दुल कलाम का ड्रीम प्रोजेक्ट था। इस प्रतियोगिता में अनुसंधान और नवाचार शामिल हैं जहां दुनिया भर से लगभग 15 लाख युवा वैज्ञानिक , जो 10-17 वर्ष तक होते हैं, ऑफलाइन या ऑनलाइन मोड में भाग लेते हैं। प्रतियोगिता मुख्य रूप से आयोजित की जाती है ताकि छात्र अपनी रचनात्मकता और नवीनता का प्रदर्शन कर सकें और विशेष रूप से विज्ञान की विधि द्वारा स्थानीय स्तर पर उपयोग की जाने वाली सामाजिक समस्या को हल करने की उनकी क्षमता का प्रदर्शन कर सकें।प्रतियोगिता तीन अलग-अलग स्तरों पर आयोजित की जाती है - जिला, राज्य और राष्ट्रीय। राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने वाले युवा वैज्ञानिक भाग लेते हैं और मेगा इवेंट का आनंद लेते हैं। प्रतियोगिता में विशेष रूप से एशियाई देशों और सार्क देशों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका) के बच्चे भाग लेते हैं। दुनिया के विभिन्न हिस्सों के प्रसिद्ध और सम्मानित वैज्ञानिक





छात्रों की परियोजनाओं का मूल्यांकन करते हैं।फिर शीर्ष 25 परियोजनाओं को आगे के शोध के लिए भेजा जाता है और शीर्ष 25 छात्रों को 12वीं कक्षा के बाद मुफ्त शिक्षा दी जाती है। उनके सभी खर्चे कवर हो जाते हैं और उनकी सफलता की राह में कोई बाधा नहीं आती। यह पहल दुनिया की युवा प्रतिभाओं को शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए की गई है ताकि उन्हें प्रतिभा हासिल करने से कोई नहीं रोक सके। झारखंड को हमेशा कमतर आंका गया है। यहां मौजूद प्रतिभाओं और झारखंड के सभी शहरों के छात्रों की बुद्धिमत्ता को वर्षों से नजरअंदाज किया गया है। लेकिन वे खुद को साबित करने में कभी असफल नहीं हुए और एक बार फिर, झारखंड ऐसा राज्य बन गया जहां से अधिकांश छात्रों ने ए+ हासिल किया।

हर साल जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं अधिकतर दिसंबर माह में आयोजित की जाती हैं और राज्य स्तर की चयनित परियोजनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर भेजा जाएगा। पिछले वर्ष का मुख्य विषय स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को समझना था। इस प्रतियोगिता की खूबी यह है कि छात्रों को बड़े स्कूलों से होने की आवश्यकता नहीं है, यह प्रतियोगिता गैर-स्कूली बच्चों या समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों के बच्चों के लिए खुली है। उन्हें केवल आवश्यक आयु से कम होना चाहिए। राजेंद्र सिंह ने एक बड़ी बात कही थी जो आज भी मेरे दिमाग में अटकी हुई है, विज्ञान केवल आलीशान दीवारों के अंदर ही नहीं पाया जाता, विज्ञान सड़कों पर भी पाया जा सकता है।

ऐसी प्रतियोगिताएं बड़ी संख्या में होनी चाहिए क्योंकि विज्ञान और तकनीक का उपयोग विभिन्न सामाजिक मुद्दों का समाधान निकालने में भी किया जा सकता है। दैनिक जीवन में भी विज्ञान और तकनीक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इस प्रकार, विज्ञान और तकनीक देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और सामाजिक, आर्थिक, और वैज्ञानिक विकास को प्रोत्साहित करते हैं। देश को आगे बढ़ाने के लिए, विज्ञान और तकनीक पर निवेश करना और उनके विकास को प्राथमिकता देना आवश्यक होता है।

# झारखंड की राजनीति के हर फलक पर हमारी नजर

झारखंड की राजनीति में शिबू सोरेन सबसे बड़ी हस्ती है। उनके राजनीतिक विरासत को वर्तमानयुवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन संभाल रहें हैं। खबर मन्त्र ने प्रकाशन के आंरभ से ही राजनीति के उन खबरों को प्रकाशित करने में सक्रियता दिखायी है जिनका जन सरोकार था। झारखंड की माटी के पुत्र हेमंत सोरेन वर्तमान में भी राज्य के मुख्यमंत्री है और इसके पूर्व भी मुख्यमंत्री रहें थे। हमारी दस साल की यात्रा में हमने राजनीति के सभी खबरों को बगैर किसी भेदभाव के आम जनों तक पहुंचाया। शीर्ष नेता और राज्य के राजनीतिक पारा को हमारी दक्ष संवाददाताओं की टीम ने पूरी तरह समझा और उन्हें बड़ें ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। राज्य की राजनीति में जो धार थी उसे बेखूबी समझा, आम पाठकों को स्पष्टता के साथ प्रस्तुत किया। राजनीति के हर पहलू को सामने लाकर खबर मन्त्र ने एक लंबी लकीर खींच दी। हम पत्रकारिता में हार्ड न्यूज के पक्षधर रहें हैं क्योंकि किसी भी राज्य के विकास और जनता का हित इसी में छिपा है। आज राजनीति आगे जा चुकी है प्रस्तुत है हमारी दस साल की यात्रा के कुछ महत्वपूर्ण पड़ाव, प्रस्तुति।

## दस साल में ही सत्ता शीर्ष पर पहुंचे हेमंत सोरेन


हेमंत सोरेन
2005 में दुमका से हारे, 2009 में जीते
राज्यसभा सदस्य भी बने


तीसरी बार मंत्री बनेंगी अन्नपूर्णा
पढ़ाई के बीच ही राजनीति में आना पड़ा


राजनीति में लंबी पारी खेली राजेंद्र ने
कांग्रेस के अच्छे रणनीतिकार भी हैं

## घर मैं चलाऊंगी वो राज्य चलायें : कल्पना



## प्राचार्य के विचार

## शैक्षणिक विकास में खबर मन्त्र का विशेष सहयोग : डॉ मेरी ग्रेस



**उसुर्लाइन** कॉन्वेंट इंटरमीडिएट कॉलेज रांची में स्थित एक प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान है। यह विश्वव्यापी उसुर्लाइन सिस्टर्स का एक हिस्सा है, जो 1535 में इटली के ब्रेशिया में सेंट एंजेला मेरिसी द्वारा स्थापित एक रोमन कैथोलिक धार्मिक आदेश है। यह अपनी अकादमिक उत्कृष्टता और समग्र शिक्षा के लिए अत्यधिक माना जाता है। और शिक्षा स्थल का नाम बनाने के पीछे उनके शिक्षक और प्रधानाध्यापक का होता है।

विकास में अच्छे शिक्षकों का सबसे अधिक महत्व होता है। वे भावी पीढ़ियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और किसी राष्ट्र की सामाजिक, आर्थिक और बौद्धिक प्रगति पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं। वैसे ही किसी भी स्कूल या कॉलेज की सफलता और विकास में प्रधानाध्यापक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधानाध्यापक मजबूत नेतृत्व प्रदान करते हैं और स्कूल या कॉलेज के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण निर्धारित करते हैं। वे लक्ष्यों और उद्देश्यों को स्पष्ट करते हैं, एक रणनीतिक योजना बनाते हैं, और शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र विकास प्राप्त करने के लिए संस्थान का मार्गदर्शन करते हैं। वे छात्रों में जिज्ञासा, आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं। वे ऐसे वातावरण को बढ़ावा देते हैं जो नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देता है।

खबर मंत्रा के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर में हम डॉक्टर मेरी ग्रेस से मिले। वह एक ऐसी प्रिंसिपल हैं जो अपने काम के प्रति सच्ची हैं और छात्रों की भलाई के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। राष्ट्रपति पुरस्कारसे सम्मानित डॉ ग्रेस विचार सुनकर मुझे आश्चर्य हुआ और मुझे अच्छी तरह से शोध करने और कई चीजें जानने के लिए प्रोत्साहित किया।



सवाल- आपके पास शिक्षा के क्षेत्र में कई वर्षों का अनुभव है। एनईपी की शुरूआत के साथ, इस पर आपके क्या विचार हैं?

जवाब - सकारात्मक पक्ष देखें तो एनईपी से बड़ी संख्या में लोगों को शिक्षित किया जा सकेगा, हाशिए पर रहने वाले लोगों को भी शिक्षा तक पहुंच मिल सकेगी।

कला, वाणिज्य और विज्ञान का विभाजन हटा दिया गया है जिससे छात्रों को अपने पसंदीदा विषय चुनने की अत्यधिक स्वतंत्रता मिलती है। लेकिन अगर हम नकारात्मक पक्ष देखें तो यह मुझे बहुत तनाव देता है क्योंकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा खो जाएगी। बौद्धिक क्षमता में कमी आएगी। लोग सिर्फ अंकों के लिए पढ़ेंगे, ज्ञान के लिए नहीं.

सवाल - आपने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में कमी आएगी, एक प्राचार्य के रूप में आप इस कॉलेज में गुणवत्ता लाने के लिए क्या कदम उठाते हैं?

जवाब- हम मूल अनुशासन स्थापित करते हैं, उपस्थिति पर बहुत सख्ती से ध्यान केंद्रित किया जाता है। नियमित परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं और हम केवल जेएसी पर निर्भर नहीं हैं, हम 4 आंतरिक परीक्षाएं + प्री बोर्ड आयोजित करते हैं। हम उन्हें उनके कागजात भी दिखाते हैं ताकि वे अपनी गलतियां सुधारें.

सवाल - आपके अनुसार अभिभावकों की भूमिका क्या होनी चाहिए?

जवाब - अभिभावकों को अपने बच्चे को अनुशासित करना चाहिए क्योंकि शिक्षण घर से शुरू होता है। आजकल बच्चे सोशल मीडिया, फोन की ओर आकर्षित होते हैं और माता-पिता को वास्तव में बढ़ती बुरी आदत पर ध्यान देना चाहिए।

इसी कार्यक्रम में हमने उसुर्लाइन कॉन्वेंट के बारहांवी के बच्चियों से भी बात की। उनसे बातचीत के दौरान मुझे ये पता चला कि बच्चों की जिंदगी में उनके माता पिता की क्या एहमियत होती है। माता-पिता हमारे पहले शिक्षक, अभिभावक और आजीवन समर्थक हैं। उनका प्यार अद्वितीय है, वे अक्सर अपने बच्चों की भलाई के लिए अपनी जरूरतों और इच्छाओं का त्याग कर देते हैं। अधिकतर बच्चों ने कहा कि वो अपने माता पिता जैसा मेहनती, मददगार और धैर्यवान बनना चाहते हैं। बच्चों की जीवन में अपने अभिभावक के प्रति इतना सम्मान और प्रेम देख कर ऐसा लगा कि हमारा देश सही मार्ग पर है। उनसे यह पूछने पर कि क्या ऐसा कुछ है जिसे वे विशेष रूप से चाहते हैं कि समाचार पत्र दुनिया के लिए एक संदेश के रूप में छापें, श्रेया श्वेता हेमरोम ने कहा कि वह चाहती हैं कि समाचार पत्र छात्रों के लिए प्रेरक चीजों पर ध्यान केंद्रित करें ताकि उन्हें बेहतर करने का साहस मिले।



छात्रों में बेहतर करने और अपने माता-पिता को गौरवान्वित करने और सभी कठिनाइयों को पार करने की ऊर्जा को देखते हुए, खबर मंत्र की दसवीं वर्षगांठ के सम्मान में इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

(प्रस्तुति-सुष्मिता चौधरी प्रशिक्षु पत्रकार संत जोसेफ यूनिवर्सिटी बंगलूरु)

# 10 साल बेमिसाल





# खबर मंत्र स्थापना दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के समस्त नागरिकों समेत समस्त झारखंडवासियों को खबरमंत्र स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामना।



**कर्नल डॉ संजय सिंह**
संरक्षक किसान ब्रिगेड
सह अध्यक्ष
अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद
सह वरिष्ठ भाजपा नेता ।

---

धर्मनिरपेक्ष पारिवारिक परंपरा और बेदाग छवि के युवा नेता आनंद प्रताप सिंह की ओर से हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता समेत समस्त लोजपा कार्यकर्ताओं को खबर मंत्र स्थापना दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं ।



**डॉ आनंद प्रताप सिंह**
पूर्व प्रत्याशी सह प्रदेश महासचिव
सह प्रदेश प्रभारी लोजपा झारखंड
हुसेनाबाद विधानसभा क्षेत्र ।

---

पंडवा एवं पाटन प्रखंडवासियों समेत पलामू प्रमंडलवासियों को खबरमंत्र स्थापना दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं ।





**विनोद कुमार पासवान**
समाजसेवी सह प्रोपराइटर
मेसर्स बालाजी भारत गैस
पंडवा पाटन पलामू ।

---

पलामू प्रमंडल क्षेत्र के समस्त नागरिकों, युवा जागृति केंद्र पलामू से जुड़े समस्त स्वंयसेवकों समेत समस्त झारखंडवासियों को खबर मंत्र स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामना।



पलामू प्रमंडल के विकास में सतत् प्रयत्नशील
**राजन सिन्हा**
अध्यक्ष
युवा जागृति केंद्र पलामू
मोबाईल न0. 9470972999, 8936098213

---

खबर मंत्र के स्थापना दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

खबर मन्त्र



AJSU PARTY
आजसू पार्टी
**डॉ. लम्बोदर महतो**
विधायक
गोमिया विधानसभा
निवेदकः
आजसू परिवार, रांची

---

खबर मंत्र के स्थापना दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को
## हार्दिक शुभकामनाएं



खबर मन्त्र
**विनय कुमार सिंह**
**उर्फ बिनू सिंह**
प्रदेश अध्यक्ष
अखिल भारतीय
क्षत्रिय महासभा, झारखंड

---

## खबर मंत्र के स्थापना दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

रोटरी सहेली डालटनगंज आपकी सेवा में सदैव तत्पर



गत 15 वर्षों से रोटरी सहेली डालटनगंज आर्थिक रूप से कमजोर माताओं एवं बहनों को सिलाई, कटाई एवं बुनाई का प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह कर रही है । प्रशिक्षण उपरांत रोटरी सहेली आवश्यकतानुसार प्रशिक्षणार्थियों को सिलाई मशीन भी देती है जिससे वे स्वावलंबी बनकर अपना जीवन निर्वाह कर सके । यह प्रशिक्षण का कार्य निरंतर जारी रखने के लिए रोटरी सहेली प्रतिबद्ध है ।

रोटरी सहेली / रोटरी परिवार समस्त पलामू प्रमंडल वासियों को "खबर मन्त्र" के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई ।

| | | |
|---|---|---|
| रो. अरुणा भसीन | सावित्री पाठक | रो. विज्या शर्मा |
| सचिव | मुख्य प्रशिक्षिका | अध्यक्ष |
| रोटरी सहेली डालटनगंज | रोटरी सहेली डालटनगंज | रोटरी सहेली डाल्टनगंज |

---

JK CRICKET ACADEMY

पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब... खेलोगे कूदोगे बनोगे खराब
इस कहावत को झुठलाने का माद्दा रखता है
# J.K. CRICKET ACADEMY

खबर मंत्र के स्थापना दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं









**जितेंद्र सिंह**
चेयरमैन
जे.के.क्रिकेट एकेडमी

संस्थान की विशेषताएं

- रांची के अगरू में तैयार हो रहे हैं भविष्य के क्रिकेट के सुपरस्टार
- बेहद कम फीस में हर तरह की सुविधा उपलब्ध
- खेल के साथ पढ़ाई की भी सुविधा
- फ्लड लाइट में क्रिकेट खेलने की व्यवस्था
- लड़कियो के लिए विशेष व्यवस्था
- देश विदेश के जानेमाने क्रिकेटर देते हैं मार्गदर्शन
- राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय टुर्नामेंट्स में भाग लेने का मौका
- इंडोर स्टेडियम जिसमें 200 बच्चों के रहने व खेलने की व्यवस्था





Contact number for inquiry +91 7369017903
jkinternationalbedcollege@gmail.com

## इंडोनेशिया से हारकर भारत का एशिया जूनियर चैंपियनशिप अभियान खत्म

**योग्यकार्ता।** बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप के टीम इवेंट में भारत की यात्रा सोमवार को क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के खिलाफ 1-3 की हार के साथ समाप्त हुई। मिश्रित युगल मुकाबले में समरवीर और राधिका की भारतीय जोड़ी को एड्रियन और फेलिशा के हाथों 16-21, 15-21 की हार का सामना करना पड़ा। आयुष शेट्टी ने अलवी फरहान के खिलाफ लड़कों के एकल मैच में अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन वह 21-18, 15-21, 19-21 की करीबी हार नहीं टाल सके।

## विश्व कप जीतना मेरे करियर का सबसे खास पल: गावस्कर

**नयी दिल्ली।** भारत के दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा है कि विश्व कप 1983 जीतना उनके करियर का सबसे खास पल था और उसके बारे में सोचकर आज भी मेरी आंखें नम हो जाती है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ विशेष बातचीत में कहा, मैंने अपने क्रिकेट करियर में उससे (विश्व कप 1983 जीतने से) ज्यादा खास पल कभी महसूस नहीं किया।

# वेस्टइंडीज में होगी भारत के अनुभवहीन तेज गेंदबाजों की कड़ी परीक्षा

**एजेंसी**

**डोमिनिका।** भारतीय टेस्ट टीम को पिछले एक दशक में विदेशों में अप्रत्याशित सफलता किसी भी परिस्थिति में अच्छा प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाजी आक्रमण के कारण मिली लेकिन वेस्टइंडीज में दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए गई टीम के तेज गेंदबाजों को लेकर यह बात नहीं कही जा सकती। प्रत्येक टीम कभी ना कभी बदलाव के दौर से गुजरती है लेकिन स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने तथा मोहम्मद शमी और उमेश यादव की अनुपस्थिति के कारण भारत के मामले में यह दौर उससे जल्दी जुड़ गया। विराट कोहली जब कप्तान थे तो वह पांच गेंदबाजों के साथ उतरने को



प्राथमिकता देते थे और तब भारतीय तेज गेंदबाजों ने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लगातार दो फाइनल में हार के बाद भविष्य के लिए योजना बनाना सही होगा। शमी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के एक और चक्र में खेल सकते हैं लेकिन 35 वर्षीय उमेश यादव के लिए ऐसा नहीं कहा जा सकता। टीम बुमराह की सेवाएं लेना पसंद करेगी लेकिन वह अपनी वापसी पर लंबे प्रारूप की चुनौतियों को झेल पाएंगे या नहीं इसको लेकर संदेह है। ऐसे में भारत के पास वर्तमान समय में तेज गेंदबाजी के बहुत कम विकल्प हैं। मोहम्मद सिराज हाल में भारत के सबसे सफल तेज गेंदबाज रहे हैं और अब तक 19 टेस्ट मैच खेलने वाला हैदराबाद का यह खिलाड़ी वेस्टइंडीज में तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेगा। क्या टीम 31 वर्षीय जयदेव उनादकट को विकल्प के रूप में देख रही है जिन्होंने पिछले साल बांग्लादेश में 12 साल बाद टेस्ट टीम में वापसी की थी। तेज गेंदबाजी विभाग में चोटों से जूझने वाले नवदीप सैनी और अभी तक एक भी टेस्ट मैच नहीं खेलने वाले मुकेश कुमार भी शामिल हैं। एक अन्य तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को वेस्टइंडीज में आजमाया जा सकता था लेकिन वह भी बुमराह की तरह चोटिल हैं। दलीप ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले 24 वर्षीय शिवम मावी अभी युवा हैं लेकिन वह वेस्टइंडीज का दौरा करने वाली टीम का हिस्सा नहीं हैं।

## हद्दाद मैया ने रिबाकिना को दिया वॉकओवर, सबालेंका जीतीं

**लंदन।** ब्राजील की ब्रीट्रिज हद्दाद मैया से वॉकओवर मिलने के बाद गत चैंपियन एलिना रिबाकिना ने सोमवार को विंबलडन 2023 के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। एक अन्य मुकाबले में, बेलारूस की एरिना सबालेंका ने रूस की एकतेरीना एलेक्जेंड्रा को 6-4, 6-0 से रौंदकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

## FIH ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी करेगा पाकिस्तान

**कराची।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने अगले साल की शुरूआत में होने वाले ओलंपिक क्वालीफाइंग की मेजबानी पाकिस्तान को सौंपी है। इस तरह से पाकिस्तान लगभग 19 साल बाद किसी अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। उसने इससे पहले आखिरी बार 2004 में एफआईएच प्रतियोगिता की मेजबानी की थी। वह अब अगले साल 13 से 24 जनवरी तक लाहौर में आठ टीमों की मेजबानी करेगा। एफआईएच के महासचिव हैदर हुसैन ने कहा, ह्यपाकिस्तान के हॉकी प्रशंसक पिछले 20 वर्षों से घरेलू मैदान पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी सितारों को देखने से वंचित हैं और एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर से पाकिस्तान में इस खेल को फिर से बढ़ावा मिलेगा।' पाकिस्तान पिछले दो ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाया था।

## कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी बने गोवंश संवर्द्धन एवं डेयरी विकास के ब्राण्ड एम्बेसडर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गौवंश संवर्द्धन एवं डेयरी विकास को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी को ब्राण्ड एम्बेसडर बनाया है। वह प्रदेश में गोवंश के संवर्द्धन एवं गौ उत्पादों को प्रोत्साहित करेंगे। इससे बच्चे और युवा गौ जनित उत्पादों के प्रति जागरूक होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 11 जुलाई से 25 अगस्त अभियान चलाकर गोचर भूमियों को कब्जामुक्त कराया जाएगा। साथ ही हरे चारे में वहां पर नैपियर घास को प्राथमिकता दी जाएगी।

# क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने के करीब जोकोविच, ह्यूबर्ट से होगा सामना

**एजेंसी**

**लंदन।** सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच विंबलडन 2023 के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने के बेहद करीब हैं, हालांकि उन्हें इसके लिए सोमवार को एक बार फिर पोलैंड के ह्यूबर्ट कर्ज के विरुद्ध कोर्ट पर उतरना होगा। जोकोविच ने रविवार रात खेले गए प्री-क्वार्टरफाइनल में 7-6(6), 7-6(6) की बढ़त बना ली, जिसके बाद कर्फ्यू के कारण मैच को रोकना पड़ा। कर्फ्यू के नियमों के अनुसार, कोई भी विंबलडन मैच रात्रि 11 बजे के बाद नहीं खेला जा सकता। इस साल बारिश के कारण कई मैचों को एक दिन के लिये निलंबित करना पड़ा है। जोकोविच-हकरज के बीच दूसरा सेट भी 10:35 बजे समाप्त हुआ, जिसके कारण टूनामेंट रेफरी जेरी आर्मस्ट्रॉग ने बचा हुआ मुकाबला सोमवार को आयोजित करने का निर्णय लिया। सेंटर कोर्ट पर रविवार को खेले गये दो सेटों में हकरज की सर्विस का जोकोविच के पास कोई जवाब नहीं था। हकरज ने कई बार मुश्किल से निकलने के लिए 200 किमी प्रति घंटा से ज्यादा की रफ्तार से सर्विस की और सर्बियाई दिग्गज पर दबाव बनाया। सर्विस के अलावा हालांकि हकरज का खेल जोकोविच को परेशान करने के लिये पर्याप्त नहीं था। अपना 24वां ग्रैंड स्लैम खिताब तलाश रहे जोकोविच ने सतकर्ता और धैर्य का प्रदर्श किया जबकि हकरज दोनों बार टाई-ब्रेक में अप्रत्याशित गलतियां करके सेट हार गये। जोकोविच अब हकरज के विरुद्ध छठा मुकाबला जीतने से सिफ एक सेट दूर हैं। यह मैच जीतने वाला खिलाड़ी क्वार्टरफाइनल में आंद्रे रुबलेव का सामना करेगा।


## डूरंड कप : गत चैंपियन बेंगलुरु एफसी ग्रुप-सी में

**कोलकाता।** गत चैंपियन बेंगलुरु एफसी को डूरंड कप 2023 के लिये ग्रुप-सी में रखा गया है। आयोजकों ने सोमवार को इसकी घोषणा की। सुनील छेत्री की कप्तानी वाली बेंगलुरु एफसी ग्रुप-सी में केरल ब्लास्टर्स और 2019 चैंपियन गोकुलम केरल एफसी का सामना करेगी। भारतीय वायु सेना इस ग्रुप की चौथी टीम है।


राष्ट्रीय जनता दल मनिका विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी गिरजानंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जी के ओर से खबर मंत्र के दसवीं वर्षगांठ पर जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



गिरजानंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जीः
भावी राजद प्रत्याशी
मनिका विधानसभा क्षेत्र



रूपेश यादवः
युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष
मनिका



मोहित कुमार
युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष
बरवाडीह



जितेन्द्र प्रसाद यादव
राजद किसान मोर्चा
जिलाध्यक्ष
लातेहार



दीपक कुमार यादव
युवा राजद कार्यकर्ता
सतबरवा

खबर मंत्र के स्थापना दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

रोटरी सहेली डालटनगंज आपकी सेवा में सदैव तत्पर



गत 15 वर्षो से रोटरी सहेली डालटनगंज आर्थिक रूप से कमजोर माताओं एवं बहनों को सिलाई , कटाई एवं बुनाई का प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह कर रही है । प्रशिक्षण उपरांत रोटरी सहेली आवश्यकतानुसार प्रशिक्षणार्थियों को सिलाई मशीन भी देती है जिससे वे स्वावलंबी बनकर अपना जीवन निर्वाह कर सके । यह प्रशिक्षण का कार्य निरंतर जारी रखने के लिए रोटरी सहेली प्रतिबद्ध है ।

रोटरी सहेली / रोटरी परिवार समस्त पलामू प्रमंडल वासियों को "खबर मन्त्र" के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई ।

| रो. अरुणा भसीन | सावित्री पाठक | रो. विज्या शर्मा |
|---|---|---|
| सचिव | मुख्य प्रशिक्षिका | अध्यक्ष |
| रोटरी सहेली डालटनगंज | रोटरी सहेली डालटनगंज | रोटरी सहेली डाल्टनगंज |

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

cmpdi
A Mini-Ratna Company

TOTAL MINING SOLUTIONS

One stop solution

India's one of the largest consultancy organization with over 47 years of experience as in-house consultant to Coal India Limited is diversifying its activities to other mine owners.

An ISO 9001:2015 & 37001:2016 Certified Mini-Ratna Company with Headquarters at Ranchi and 7 strategically located Regional Institutes to provide door-step services.

Recipient of the SCOPE Meritorious Award from President of India for R&D initiatives in the Coal Sector.

Facilitated production augmentation of CIL from 79 Mt in 1975-76 to 703.20 Mt in 2022-23.

Offers full range of services in the sphere of resource exploration, mining, beneficiation and development of mine from concept to commissioning including environmental, geomatics and specialized services including Blasting, NDT, CBM/CMM & Coal Gasification, etc.


Expertise under one roof

- Integrated Exploration services
- Preparation of Master Plans of Coalfields
- Project Planning & Design including concept to commissioning to closure for coal & minerals.
- Engineering Services including Planning for Infrastructure Development
- Coal Beneficiation
- Preparation of EIA/EMP.
- Environment Monitoring and Mine Closure Planning
- Remote sensing surveillance and monitoring
- Drone/UAV based survey and mapping services
- Hydrogeological services
- Project Management Consultancy services for Civil construction supervision, Solar Power Projects, etc.
- Lab services viz. Coal characterization, Washability of Coal, Mine Air, Water & Soil quality, Physico-Mechanical properties of rocks, CBM related studies, etc.
- Specialized Services in the field of Blasting, Ventilation, Support Design, NDT, Clean Coal Technology like CBM, CMM & Coal Gasification, etc.











CENTRAL MINE PLANNING AND DESIGN INSTITUTE LIMITED
(A Subsidiary of Coal India Limited)
Gondwana Place, Kanke Road,
Ranchi 834 031 (Jharkhand) INDIA

Tel: +91 651 2230116/2230483
Fax: +91 651 2232249/2231447
Email: gmbd.cmpdi@coalindia.in

INTERNATIONAL YEAR OF MILLETS 2023
आज़ादी का अमृत महोत्सव

www.cmpdi.co.in /CMPDIL/ /cmpdil/ /cmpdi /CMPDIL/

स्पीड न्यूज

### तिहाड़ यात्रा की तैयारी करें अभिषेक : शुभेंदु

**कोलकाता।** बंगाल के बहुचर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी की भूमिका को परखने के लिए चल रही ईडी जांच पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इनकार कर दिया है। इसे लेकर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए वरिष्ठ भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि अभिषेक बनर्जी को अब तिहाड़ यात्रा की तैयारी करनी चाहिए। चुनाव से पहले अभिषेक बनर्जी ने नौजवार यात्रा यानी लोगों से जुड़ने के लिए राज्यभर की यात्रा की थी। इसे लेकर कटाक्ष करते हुए शुभेंदु ने कहा कि अब नौजवार यात्रा की नहीं बल्कि तिहाड़ यात्रा की तैयारी अभिषेक बनर्जी कर लें।

### हिमाचल : खाई में कार गिरी, चार मरे

**रामपुर।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में सोमवार को रामपुर-केदास लिंक मार्ग के पास एक वाहन के गहरी खाई में गिर जाने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान हरदयाल (65), रंजना (47), वर्षा और नारायण शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, हादसे की वजह के बारे में अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### यूपी : बहू ने ससुर की हत्या की, प्राथमिकी

**सुल्तानपुर (उप्र)।** सुल्तानपुर जिले के करौंदीकलां थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग व्यक्ति की डंडे से कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में उसकी बहू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि जिले के करौंदीकलां थाना क्षेत्र के असलाहुद्दीनपुर गांव निवासी खेताऊ (68) की रविवार को उसके छोटे बेटे रामजीत की पत्नी निक्कू ने डंडे से इतना पीटा कि उसकी मौत हो गयी।

### मैसूरू में युवा ब्रिगेड के सदस्य की हत्या

**मैसुरु।** मैसुरु जिले के टी नरसीपुरा में ह्नहनुमान जयंतीह्न शोभायात्रा के दौरान युवाओं के दो समूहों के बीच झड़प के बाद युवा ब्रिगेड के एक सदस्य की कथित तौर पर धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी। पुलिस ने सोमवार को बताया कि मृतक की शिनाख्त टी नरसीपुरा के श्रीरामपुरा कॉलोनी के निवासी वेणुगोपाल नायक के रूप में की गयी है।

### एक ही परिवार के तीन बच्चे कुएं में गिरे, मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में एक ही परिवार के तीन बच्चे कुएं में गिर गए और तीनों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के आरंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत चरौदा गांव में तीन बच्चे आठ वर्षीय बालिका केसर साहू, केसर का छोटा भाई उल्लास साहू (पांच) और उनका चचेरा भाई पेयस साहू (चार) कुएं में गिर गए। इस घटना में तीनों बच्चों की मौत हो गई है।

### बाल पुरस्कार की तिथि 31 अगस्त तक बढ़ी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 31 अगस्त 2023 कर दी है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी), 2024 के लिए आवेदन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://awards.gov.inपर शुरू हो गए हैं। पुरस्कार बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति और नवाचार के क्षेत्र में दिए जाते हैं। भारत में रहने वाला कोई भी भारतीय बच्चा, जिसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक नहीं है, पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकता है। कोई अन्य व्यक्ति भी पुरस्कार के लिए योग्य बच्चे को नामांकित कर सकता है।

# दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनेगा भारत

## 2075 तक भारत की जीडीपी अमेरिका को पीछे छोड़ देगी : गोल्डमैन

### वर्तमान में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत 2075 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और केवल जापान और जर्मनी ही नहीं बल्कि दुनिया की महाशक्ति कहे जाने वाले अमेरिका को भी पीछे छोड़ देगा। गोल्डमैन सैक्स रिसर्च की सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह कहा गया है। इन्वेस्टमेंट बैंक की रिपोर्ट में भारत की आबादी के 1.4 अरब पर पहुंचने के साथ देश की जीडीपी के भी तेजी से बढ़ने का अनुमान लगाया गया है।

वर्तमान में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जर्मनी, जापान, चीन और अमेरिका से पीछे है। भारत का निर्भरता अनुपात अन्य रीजनल अर्थव्यवस्थाओं में सबसे कम में से एक होगा। गोल्डमैन सैक्स रिसर्च के भारतीय अर्थशास्त्री शांतनु सेनगुप्ता के हवाले से कहा



कि अगले दो दशकों में, भारत का निर्भरता अनुपात अन्य रीजनल अर्थव्यवस्थाओं में सबसे कम में से एक होगा।

उन्होंने कहा कि भारत की तेजी से बढ़ती आबादी की क्षमता को सामने लाने की कुंजी इसकी श्रम शक्ति के भीतर भागीदारी को बढ़ावा देना है, साथ ही इसकी प्रतिभा के विशाल पूल के लिए प्रशिक्षण और कौशल प्रदान करना है।

सेनगुप्ता ने अमुमान जताया कि अगले 20 वर्षों में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत का निर्भरता अनुपात सबसे कम होगा। उन्होंने कहा, ह्लयह वास्तव में भारत के लिए विनिर्माण क्षमता स्थापित करने, सेवाओं में वृद्धि जारी रखने, इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को जारी रखने के मामले में अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के मुख्य बिंदु है। साथ ही रिपोर्ट में कहा गया कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था यानी भारत के लिए इनोवेशन और बढ़ती वर्कर प्रोडक्टिविटी महत्वपूर्ण होने वाली है।

कैपिटल इन्वेस्टमेंट भारतीय इकॉनमी की ग्रोथ के लिए महत्वपूर्ण कारक होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि कैपिटल इन्वेस्टमेंट भी भविष्य में भारतीय इकॉनमी की ग्रोथ के लिए एक महत्वपूर्ण कारक होगा। निर्मभरता अनुपात के घटने, इनकम बढ़ने और फाइनेंशियल सेक्टर में मजबूत विकास के साथ अनुकूल जनसांख्यिकी के कारण भारत की सेविंग्स रेट बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस मोर्चे पर, सरकार ने हाल के दिनों में भारी उठापटक की है। लेकिन भारत में निजी कॉरपोरेट्स और बैंकों की स्वस्थ बैलेंस शीट को देखते हुए प्राइवेट सेक्टर के पूंजीगत खर्च के लिए स्थितियां या माहौल अनुकूल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के चालू खाते का घाटा कम हुआ है, इसलिए नेट एक्सपोर्ट भी विकास पर असर डाल रहा है। हालांकि, रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि सेवाओं के निर्यात ने चालू खाते के शेष को कम करने में मदद की है। एक्सपोर्ट पर निर्भर अन्य अर्थव्यवस्थाओं को छोड़ भारत की इकॉनमी मुख्य तौर पर डॉमेस्टिक डिमांड पर निर्भर है। भारत की 60 प्रतिशत तक आर्थिक वृद्धि का श्रेय घरेलू उपभोग और निवेश को जाता है।

## चीन को पीछे छोड़ भारत बना निवेश के लिए सर्वाधिक आकर्षक उभरता बाजार

**नयी दिल्ली।** भारत ने निवेश के लिहाज से सर्वाधिक आकर्षक उभरते बाजार के तौर पर चीन को पीछे छोड़ दिया है। दुनिया भर के प्रमुख केंद्रीय बैंकों एवं सरकारी संपत्ति कोष के एक सर्वे में यह निष्कर्ष सामने आया है। वैश्विक निवेश प्रबंधन फर्म इन्वेस्को की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया कि 21,000 अरब डॉलर की संपत्ति रखने वाले 57 केंद्रीय बैंकों एवं 85 सरकारी संपत्ति कोष के एक सर्वेक्षण में सर्वाधिक आकर्षक उभरते बाजार के रूप में चीन के बजाय भारत को चुना गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को अपने सुधरी हुई कारोबारी एवं राजनीतिक स्थिरता, अनुकूल जनांकिकी, नियामकीय पहल और सरकारी निवेशकों के लिए दोस्ताना मौहाल होने से तेजी से सकारात्मक रूप में देखा जाने लगा है। इस रिपोर्ट को केंद्रीय बैंकों एवं सरकारी संपत्ति कोषों के 142 मुख्य निवेश अधिकारियों के विचारों के आधार पर तैयार किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, उच्च मुद्रास्फीति और वास्तविक ब्याज दरों के दौर में निवेशक अपने पोर्टफोलियो को नए सिरे से व्यवस्थित कर रहे हैं। सरकारी संपंत्ति कोषों को निश्चित आय और निजी ऋण पसंद है जबकि भारत जैसे उदीयमान बाजार अपनी मजबूत जनांकिकी, राजनीतिक स्थिरता और सक्रिय नियमन से निवेश के प्रमुख गंतव्य बनकर उभरे हैं। रिपोर्ट कहती है कि उदीयमान बाजारों के बीच भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए सरकारी निवेशकों के हित का अधिक संवर्द्धन किया है।

# बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में अभिषेक बनर्जी के खिलाफ जारी रहेगी जांच

## सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआइ और इडी की जांच में हस्तक्षेप से किया इनकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में कथित शिक्षक भर्ती घोटाले में तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी के खिलाफ सीबीआई और ईडी की जांच में हस्तक्षेप करने से सोमवार को इनकार कर दिया और कहा कि वह मामले की जांच में बाधा नहीं डाल सकता है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने बनर्जी को कानून के तहत उपलब्ध उपचारात्मक कदम उठाने की अनुमति दी लेकिन कलकत्ता उच्च न्यायालय के 18 मई के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि हम आदेश में हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं क्योंकि इससे जांच बाधित होगी। याचिकाकर्ता कानून के तहत उपलब्ध उपचारात्मक उपायों का लाभ उठा सकता है। उच्चतम न्यायालय ने अभिषेक बनर्जी पर



25 लाख रुपये का जुर्माना लगाने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर 26 मई को रोक लगा दी थी। उच्च न्यायालय ने अपने पूर्व के एक आदेश को वापस लेने का अनुरोध करने वाली बनर्जी की याचिका को खारिज करते हुए यह जुर्माना लगाया था। आदेश में कहा गया था कि सीबीआई और ईडी पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले के मामलों में उनसे पूछताछ कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले के बाकी हिस्से पर रोक नहीं लगाई थी जिसमें कहा गया था कि केंदीय जांच एजेंसियां तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी से इन मामलों के संबंध में पूछताछ कर सकती है। अभिषेक बनर्जी टीएमसी सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे हैं। उच्चतम न्यायालय ने 28 अप्रैल को कलकत्ता उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को, पश्चिम बंगाल स्कूल भर्ती घोटाले के मामले में सुनवाई किसी और न्यायाधीश को सौंपने का निर्देश दिया था। मामले की जांच के सिलसिले में सीबीआई ने 20 मई को बनर्जी से नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी। बनर्जी ने अपनी याचिका में शीर्ष अदालत से यह निर्देश देने का अनुरोध किया कि एजेंसी उनके खिलाफ कोई कठोर कदम न उठाए। अभिषेक बनर्जी का नाम घोटाले में एक आरोपी कुंतल घोष द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में सामने आया था। घोष ने आरोप लगाया है कि केंद्रीय एजेंसियां उस पर भर्ती घोटाले में बनर्जी का नाम लेने का दबाव बना रही हैं।

## पीएम डिग्री विवाद : कोर्ट ने किया याचिका पर पहले सुनवाई करने से इनकार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को केंद्रीय सूचना आयोग के उस आदेश को चुनौती देने वाली दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की याचिका पर पहले सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें विश्वविद्यालय को 1978 में बीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्रों के रिकॉर्ड के निरीक्षण की अनुमति देने का निर्देश दिया गया था। उसी वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वहां से स्नातक किया था। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने मामले में जल्द सुनवाई के एक आवेदन पर डीयू को नोटिस जारी किया और इसे 13 अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जिस दिन मुख्य याचिका पर सुनवाई पहले से तय है। उच्च न्यायालय ने आयोग के 21 दिसंबर, 2016 के आदेश पर 23 जनवरी, 2017 को रोक लगा दी थी। केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश को डीयू की चुनौती के अलावा अदालत अन्य याचिकाओं पर भी सुनवाई कर रही थी जिनमें कुछ परीक्षा परिणामों की जानकारी का खुलासा करने से संबंधित समान कानूनी मुद्दे उठाये गये थे।

# नफरत का मेगा मॉल चला रहे हैं राहुल: नड्डा

एजेंसी



**गोधरा।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मोहब्बत की दुकान नारे को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता वास्तव में नफरत का मेगा मॉल चला रहे हैं। नड्डा ने गांधी और कांग्रेस के अन्य नेताओं पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नफरत फैलाने का आरोप लगाया। नड्डा ने मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के बाद पंचमहाल जिले के गोधरा में एक रैली को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों पर परिवार केंद्रित दलों में बदलने और आमजन के कल्याण की चिंता नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मोदी जी को वैश्विक मंच पर जब भी सराहा जाता है, तो कांग्रेस के लोग परेशान हो जाते हैं। हमारे प्रधानमंत्री का विरोध करने की कोशिश में कांग्रेस नेताओं ने हमारे देश का विरोध करना शुरू कर दिया है। नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी यह कहने के लिए ब्रिटेन तक गए कि लोकतंत्र खतरे में है। उनकी दादी (पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी) ने 1975 में देश में आपातकाल लागू किया था और 1.5 लाख लोगों को जेल में बंद किया था। अब वह लोकतंत्र की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं पर घटिया दर्जे की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को बदनाम करने के लिए नीच, बिच्छू, सांप और चायवाला जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि आप परेशान हैं, क्योंकि मोदी जी देश के 140 करोड़ नागरिकों की सेवा कर रहे हैं। मुझे हैरानी होती है कि आप मोहम्मद की दुकान चलाने का दावा कैसे कर सकते हैं, जब आप मोदी जी के खिलाफ लगातार नफरत फैला रहे हैं।

# मणिपुर में हिंसक झड़प एक पुलिसकर्मी की मौत

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर के पश्चिमी कंगपोकपी इलाके में रात भर हिंसक झड़पें जारी रहीं, जिसके बाद सोमवार को एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और कम से कम 10 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तड़के तीन बजे से सुबह छह बजे के बीच कुछ देर के लिए शांति रही लेकिन उसके बाद फेयेंग और सिंगदा गांवों से अंधाधुंध गोलीबारी की आवाजें सुनाई दीं।

अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी कंगपोकपी जिले के कांगचुप इलाके के गांवों और पहाड़ियों को निशाना बनाकर की गई। असम राइफल्स दोनों गांवों के बीच एक बफर जोन का प्रबंधन करती है। अधिकारियों ने दोनों पक्षों के और अधिक लोगों के हताहत होने की आशंका से इनकार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि गोलीबारी बंद होने के बाद ही स्थिति की सही जानकारी मिल पाएगी। मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में तीन मई को पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद झड़पें शुरू हुई थीं। तब से अब तक कम से कम 150 लोगों की जान जा चुकी है। मणिपुर की 53 प्रतिशत आबादी मेइती समुदाय की है और यह मुख्य रूप से इंफाल घाटी में रहती है। वहीं, नगा और कुकी जैसे आदिवासी समुदायों की आबादी 40 प्रतिशत है और यह मुख्यतः पर्वतीय जिलों में रहती है।

## यूपी में धर्मांतरण के आरोप में पादरी समेत 10 गिरफ्तार

**बहराइच (उप्र)।** जिले के नानपारा क्षेत्र में अवैध धर्मांतरण कराने के आरोप में एक पादरी समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नानपारा के पुलिस उपाधीक्षक राहुल पांडेय ने सोमवार को बताया कि नानपारा कोतवाली क्षेत्र के सिद्धनपुरवा गांव में पादरी बाबूराम पर गरीब ग्रामीणों को बहला फुसलाकर उनका धर्म परिवर्तन कराए जाने का आरोप है। उसके इस काम में अन्य लोग भी शामिल थे।पांडेय ने बताया कि रविवार को 19 लोगों के खिलाफ अवैध रूप से धर्मांतरण के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया जिसके बाद बाबूराम समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसा आरोप है कि बाबूराम और उसकी पत्नी झाड़-फूंक कर कैंसर समेत अन्य बीमारियों से निजात दिलाने का लालच देकर ग्रामीणों को धर्मांतरण के लिए प्रेरित कर रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बिहार विधानसभा में तेजस्वी के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा ने किया हंगामा

**पटना।** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के पहले ही दिन प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने अपने तेवर दिखाते हुए जोरदार हंगामा किया। सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने अपनी बात रखी। अध्यक्ष ने दिवंगत सदस्यों के प्रति शोक प्रस्ताव रखा।



इसके बाद भाजपा के विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष भाजपा विधायकों से शांत रहने की अपील करते रहे लेकिन वे शांत नहीं हुए। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि चार्जशीटेड उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को इस्तीफा देना ही होगा। उन्होंने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की बात करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस मामले पर चुप क्यों हैं। उन्हें इस पर जवाब देना होगा। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सदन के बाहर भी भाजपा के सदस्यों ने तेजस्वी यादव के इस्तीफे को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। उल्लेखनीय है कि यह सत्र 16 जुलाई तक चलना है। सत्र के पहले से ही हंगामेदार होने की संभावना व्यक्त की जा रही थी। भाजपा राजद के 10 लाख नौकरी को लेकर वादाखिलाफी और शिक्षकों की नियुक्ति तथा नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा जैसे मुद्दे को लेकर 13 जुलाई को गांधी मैदान से विधानसभा मार्च की घोषणा कर दी है।

## शेयर बाजार में लौटी तेजी सेंसेक्स 64 अंक मजबूत

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स में 63.72 अंक की बढ़त रही। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में भारी लिवाली और विदेशी पूंजी प्रवाह जारी रहने से बाजार में तेजी रही। हालांकि, तिमाही नतीजे आने से पहले सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार की बढ़त पर कुछ अंकुश लगा। कंपनियों के वित्तीय परिणाम इस सप्ताह से आने शुरू हो जाएंगे।

शुक्रवार को आई तेज गिरावट के बाद 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 63.72 अंक यानी 0.10 प्रतिशत चढ़कर 65,344.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 353.04 अंक तक चला गया था। निफ्टी भी 24.10 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,355.90 अंक पर बंद हुआ।

# तलाक की अफवाहों पर रणवीर सिंह ने तोड़ी चुप्पी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह लगातार खबरों में बने हुए हैं। रणवीर ने हाल ही में अपना 38वां जन्मदिन मनाया। बताया जा रहा है कि रणवीर की पत्नी एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण उस वक्त मौजूद नहीं थीं। इसके बाद दोनों के तलाक की बातचीत शुरू हो गई लेकिन रणवीर ने इस पर रिएक्ट कर चर्चाओं पर विराम लगा दिया है। रणवीर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर दीपिका के साथ एक खूबसूरत फोटो शेयर की है। इस फोटो में दोनों एक दूसरे के साथ काफी खुश नजर आ रहे हैं। यह एक ब्लैक एंड व्हाइट फोटो है। रोमांटिक फोटो को शेयर करते हुए रणवीर सिंह ने अपने तलाक की अफवाहों पर भी विराम लगा दिया है। फिलहाल दोनों की ये फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। इस फोटो को शेयर करते हुए



रणवीर ने कैप्शन दिया कि मुझे जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। इस फोटो को शेयर करने के कुछ देर बाद रणवीर मुंबई में एक कार में नजर आए। इस कार में रणवीर के पीछे वाली सीट पर दीपिका पादुकोण बैठी नजर आईं।

## फिल्म 'कभी अलविदा ना कहना' का फर्स्ट लुक आउट

भोजपुरी सिने जगत में खुद को स्थापित करने वाले अभिनेता यश कुमार की एक और फिल्म का फर्स्ट लुक आउट हो गया है। फिल्म है कभी अलविदा ना कहना, जिसका निर्माण यश कुमार एंटरटेनमेंट और निधि मिश्रा कर रही हैं। इस फिल्म में रक्षा गुप्ता मुख्य भूमिका में नजर आने वाली है। फर्स्ट लुक में जहां रक्षा गुप्ता व्हील चेयर पर नजर आ रही हैं, यश कुमार उन्हें गुलाब देते दिखे हैं। फिल्म का यह लुक फिल्म में दोनों की केमेस्ट्री को दशार्ता है, जो बेहद आकर्षक है। इस फिल्म के निर्देशक सुजीत वर्मा हैं। सुजीत और यश की जोड़ी इन दिनों एक से बढ़ के एक कई फिल्मों में भी काम करे हैं।

### बिहार : गंगा में डूबने से तीन नाबालिग समेत चार की मौत

**कटिहार।** बिहार के कटिहार जिले में श्रद्धालुओं से भरे एक घाट पर नहाने के दौरान सोमवार को तीन नाबालिगों समेत चार लोगों की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। बरारी थानाध्यक्ष मनीष कुमार रजक ने कहा कि मृतकों की पहचान शिवम कुमार (15), मोहन कुमार (18), पप्पू कुमार (16) और हर्ष कुमार (14) के रूप में की गई है। तमाम इंतजामों के बावजूद यह घटना कैसे हुई इसकी जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक श्रावण के सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा नदी में स्नान कर रहे थे तभी यह हादसा हो गया।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

खबर मन्त्र के 11वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें

खबर मन्त्र



नवीन जयसवाल
विधायक हटिया विधानसभा



श्री बाबूलाल मरांडी
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा

खबर मन्त्र के 11वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें



श्री दीपक प्रकाश
राज्यसभा सदस्य सह निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा



खबर मन्त्र

पंकज शाहदेव
प्रदेश संयोजक, विस्थापन एवं पुनर्वास प्रकोष्ठ, भाजपा

खबर मन्त्र के 11वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें



मो. कलाम अजाद
उपाध्यक्ष
रांची जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा

खबर मन्त्र

खबर मन्त्र के 11वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनायें



श्री अजय नाथ शाहदेव

खबर मन्त्र



निवेदकः महावीर नायक



श्री बाबूलाल मरांडी
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा

खबर मन्त्र के 11वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें





डॉ. आशा लकड़ा
राष्ट्रीय मंत्री, भाजपा

खबर मन्त्र

ललित नारायण ओझा
प्रदेश महामंत्री , भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा , केन्द्रीय अध्यक्ष , झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन

खबर मन्त्र के 11वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें



बबलू मुंडा
अध्यक्ष
केन्द्रीय सरना समिति

खबर मन्त्र

# खबर मन्त्र के 11वें स्थापना दिवस पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें

AJSU PARTY आजसू पार्टी

आजसू पार्टी
हमारा प्रयास : सामाजिक न्याय और विकास

खबर मन्त्र



सुदेश कुमार महतो
केन्द्रीय अध्यक्ष, आजसू पार्टी

# पर्दे की ओट में सिविल कोर्ट पहुंचीं अभिनेत्री अमीषा पटेल

## चेक बाउंस मामले में खुद को निर्दोष बताया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** चेक बाउंस के एक मामले में फिल्म कहो ना प्यार है से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली अभिनेत्री अमीषा पटेल के खिलाफ अदालत ने आरोप तय कर दिया है। इससे उसकी मुश्किलें बढ़ गई है। मामले में अब अगली तारीख से शिकायतकर्ता की ओर से गवाह प्रस्तुत किया जायेगा। अमीषा पटेल सोमवार को न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला की अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुई। अदालत ने उससे उसके जुर्म के बारे में पूछा। इस पर वह बोली कि जो आरोप लगाया गया है, वह निराधार है। मामले में निर्दोष हूं। इसके बाद अदालत ने उसके खिलाफ चेक बाउंस की धारा में आरोप तय किया। इससे पूर्व वह अपने वकील के साथ अदालत पहुंचीं।



मालूम हो कि अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान अमीषा पटेल को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का आदेश दिया था। जिसका पालन करते हुये वह उपस्थित हुईं। वहीं, शिकायतकर्ता की ओर से उनके वकील ने कहा कि चेक बाउंस मामले में आरोप तय करने से पहले उसे मध्यस्थता के लिए मध्यस्थता केंद्र भेजना चाहिये था। शिकायतकर्ता मामले में मध्यस्थता चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि चेक बाउंस के मामले में वारंट जारी होने के बाद अमीषा पटेल ने 17 जून को कोर्ट में सरेंडर किया। अदालत ने जमानत की सुविधा प्रदान की थी। साथ ही, अदालत ने पूर्व से निर्धारित तारीख 21 जून को अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने को कहा गया था लेकिन वह उपस्थित नहीं हुई थी। समय की मांग करने पर 10 जुलाई की तारीख निर्धारित की गई थी।

### अरगोड़ा निवासी अजय सिंह ने किया था नवंबर 2018 में केस

अभिनेत्री अमीषा पटेल के खिलाफ अरगोड़ा निवासी अजय कुमार सिंह ने कोर्ट केस, शिकायतवाद 17 नवंबर 2018 को सीजेएम कोर्ट में की थी। अमीषा पटेल ने फिल्म देसी मैजिक बनाने के नाम पर अजय सिंह से ढाई करोड़ रुपये ऐंठने का आरोप है। एकरारनामा के अनुसार जब फिल्म जून 2018 में रिलीज नहीं हुई तो अजय ने पैसे की मांग की। टालमटोल के बाद अक्तूबर 2018 में ढाई करोड़ एवं 50 लाख रुपए के दो चेक दिए जो बाउंस हो गए। इसके बाद अजय सिंह ने मुकदमा किया।

## कांग्रेस का मौन सत्याग्रह कल

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस 12 जुलाई को मोरहाबादी रांची स्थित बापू वाटिका के समक्ष एक दिवसीय मौन सत्याग्रह का आयोजन करेगी। गुजरात हाई कोर्ट की ओर से राहुल गांधी की संसद सदस्यता की याचिका खारिज करने के मामले को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन के तहत ये मौन सत्याग्रह किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने सोमवार को बताया कि कार्यक्रम में मंत्री, सांसद, विधायक सहित कार्यकर्ता रहेंगे।

हिंदी दैनिक अखबार खबर मन्त्र के 10 वें वर्षगांठ के मौके पर खबर मन्त्र परिवार को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।



भानू प्रताप बड़ाईक
अध्यक्ष
झारखंड प्रदेश कांग्रेस कला संस्कृति एवं फिल्म विभाग

## मोदी कैबिनेट में झारखंड का एक सांसद जायेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आगामी 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां अपनी-अपनी तैयारी शुरू कर दी हैं। सत्ता हासिल करने को लेकर पार्टियां किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। भाजपा अपनी कुर्सी बचाने को लेकर बिहार में इंट्री मारनी शुरू कर दी है। भाजपा ने बिहार के सीएम नीतिश कुमार व राजद के प्रमुख लालू यादव के वोट में सेंध मारने का प्लान तैयार कर लिया है। इसके लिए वो छोटी-छोटी पार्टियों को अपने पाले में करने को लेकर हर संभव प्रयास कर रही है ताकि लोकसभा में बिहार से ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल कर सकें। सूत्रों की मानें तो इस महीने तक मोदी मंत्रीमंडल में फेरबदल भी किया जा सकता है। वर्तमान में बिहार के केंद्रीय कैबिनेट मंत्री आरके सिंह की छुट्टी हो सकती है। वहीं, लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान एनडीए में शामिल होकर मंत्री बन सकते हैं। जानकारी के अनुसार झारखंड से भी एक सांसद को मोदी मंत्रीमंडल में जगह मिल सकती है। झारखंड से एक मंत्री को बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है। यानि कुल मिलाकर शाह-मात का खेल 2024 का शुरू हो गया है।

**बैठक के बाद फैसला**

लोजपा के चिराग पासवान ने अपने चाचा व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस पर कहा कि उनके एनडीए में उनके रहने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन में किसी नेता का महत्व इस बात पर निर्भर करेगा कि उन्हें किस तरह का जन समर्थन हासिल है। लोकतंत्र में बहुमत का काफी महत्व है, जनता को पता है कि बहुमत कहां है। एनडीए में शामिल होने पर चिराग ने कहा कि पार्टी नेताओं के साथ 2-3 बैठकें करने के बाद ही अगामी 2024 लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन बनाने पर फैसला करेंगे। यह बातें उन्होंने पटना में अपने आवास पर पार्टी के राष्ट्रीय व राज्य पदाधिकारियों की एक बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कही। पासवान ने कहा कि पार्टी के नेताओं ने मुझे 2024 के लोकसभा चुनाव व राज्य चुनावों के लिए गठबंधन बनाने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया है।




हिंदी दैनिक अखबार खबर मन्त्र के 10 वें वर्षगांठ के मौके पर खबर मन्त्र परिवार को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।



डॉ. राजेश दत्त
प्राचार्य
दयानन्द आर्य विद्या पब्लिक स्कूल कंदरी मोड़ मांडर
एवं दयानन्द आर्य विद्या पब्लिक स्कूल, कमड़े, रवि स्टील रांची
खबर मन्त्र

### जमीन विवाद में वृद्ध की लाठी से पीटकर हत्या आरोपित गिरफ्तार

**गुमला।** चैनपुर थाना क्षेत्र के चितरपुर गांव के जोड़ा जामटांड़ में जमीन विवाद में जेवियर तिर्की (70) की हत्या लाठी-डंडे से पीटकर गांव के ही हर्षित कुजूर ने कर दी। हर्षित कुजुर को पुलिस ने चितरपुर गांव से गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। जानकारी अनुसार आरोपी हर्षित रविवार को ही केरल से लौटा था। ग्रामीणों के अनुसार पहले से ही दोनों परिवार के बीच जमीन जायदाद को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार शाम चार बजे के करीब मवेशी चराने गए जेवियर से गांव के समीप जोड़ाजाम टांड़ा में जमीन को लेकर विवाद हो गया, जहां हर्षित ने एक डंडे से जेवियर की पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने जेवियर के शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

### रैली निकाल मनाया काला दिवस

**कोडरमा।** ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ आंगनबाड़ी वर्कर्स एण्ड हेल्पर (आइफा) के आह्वान पर 45वें और 46वें भारतीय श्रम सम्मेलनों की सिफारिशों को लागू करने की मांग को लेकर सैकड़ों आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने काली पोषाक पहन जुलूस निकालकर जिला समाहरणालय पर प्रदर्शन कर सोमवार को देशव्यापी काला दिवस मनाया। सेविका सहायिका को 26 हजार वेतन, ग्रेच्युटी पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करने, न्यूनतम मजदूरी का भुगतान व उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से जोड़ने, ईएसआई पीएफ और ग्रेच्युटी सहित पेंशन और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने व आईसीडीएस का निजीकरण के खिलाफ मांग दिवस पर 745 आंगनबाड़ी केन्द्रों में तालाबंदी कर एकदिवसीय हड़ताल के माध्यम से कई मांगे रखी गयी।

खबर मंत्र के स्थापना दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं





# बोकारो- साहिबगंज में दूध पीने लगे नंदी बाबा

खबर मन्त्र टीम

**रांची।** राज्य में इन दिनों नंदी बाबा के दूध पीने की चर्चा जोरों पर है। बाबा को दूध पिलाने वाले भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है. झारखंड के बोकारो और साहिबगंज में नंदी बाबा के दूध और जल पीने की खबर सामने आयी है। इससे सब हैरान हो गये। भक्तों की भारी भीड़ मंदिर में उमड़ने लगी। लोग अपने हाथों से भगवान को जल और दूध पिलाना चाह रहे थे। पिछले दिन धनबाद से ऐसी ही खबर आयी थी। अब यही खबर बोकारो और साहिबगंज से भी सामने आयी है। धनबाद के बाद बोकारो और साहिबगंज में भी नंदी बाबा दूध पी रहे हैं। दोनों जगह भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड के देवीपुर में नंदी बाबा के दूध पीने की चर्चा पर देर रात शिवालय में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। भक्तों ने जयकारा के साथ मंदिर में भजन-कीर्तन शुरू कर दिया। दरअसल, देवीपुर के शिव मंदिर में नंदी बाबा की मूर्ति के दूध और पानी पीने का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसके बाद पूरे गांव का माहौल बदल गया। देर रात लोग कटोरी गिलास में दूध लेकर मंदिर पहुंचे और चम्मच से नंदी महाराज को दूध पिलाने लगे। महिलाएं, बच्चे और पुरुष सभी नंदी बाबा को चम्मच से दूध पिलाने लगे। इसके साथ ही मंदिर में महिलाओं ने भक्ति भजन और हर हर महादेव के नारे लगाने भी शुरू कर दिये। इलाके के कुछ लोग इसे चमत्कार कह रहे थे तो कुछ लोगों ने इसे अंधविश्वास भी बताया। नंदी बाबा को दूध पिलाने का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।

बोकारो जैसा ही मामला साहिबगंज में भी देखने को मिला। रात के 11 बजे के आसपास शहर के पूर्वी फाटक के केबीन के पास छोटे से मंदिर में स्थापित भोलेनाथ के शिवलिंग और नंदी बाबा के जल और दूध पीने की खबर आग की तरह फैल गयी। देखते ही देखते आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग अपने साथ गंगा जल और दूध लेकर पहुंचने लगे। हर कोई चाहता था कि मेरे हाथों से भगवान प्रसाद के रुप में जल और दूध ग्रहण कर लें। लोगों ने इस करिश्मा को देखा और सच भी पाया। लोगों को संतुष्टि भी हुई।
















# लूट के दौरान हुई हत्या मामले में रेल पुलिस ने किया सफल उद्भेदन, तीन चढ़े पुलिस के हत्थे

**एजेंसी**



**मुजफ्फरपुर।** रेल पुलिस कुमार आशीष के नेतृत्व में एक बार फिर रेल पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। यहां बीते दिन लूट के दौरान हत्या मामले का रेल पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। साथ ही तीन अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है।

बताते चलें कि पूरा मामला बीते 27 जून की है। जहां अज्ञात अपराधियों ने छपरा कचहरी के पास लूट के दौरान एक व्यक्ति को चाकू मार दिया था। जिसके बाद घायल अवस्था में व्यक्ति को एक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं घटना के बाद मुजफ्फरपुर रेल एसपी कुमार आशीष के निर्देश पर सोनपुर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था। जिसके बाद एसआईटी की टीम लगातार मामले की जांच में जुटी हुई थी। वही मामले में गठित एसआईटी के द्वारा अनुसंधान के दौरान घटना के कुछ चश्मदीद गवाहों के द्वारा दिए गए बयान एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर घटना में चार अभियुक्तों की पहचान हुई। जिसके बाद एसआईटी की टीम ने तीन अप्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त से जब टीम ने पूछताछ की तो घटना में प्रयुक्त चाकू भी इनकी निशानदेही पर एसआईटी की टीम ने बरामद कर लिया। वही गिरफ्तार आरोपियों की पहचान छपरा जिले के नगर थाना क्षेत्र के गणेश प्रसाद के 30 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार 2 छपरा जिले के नगर थाना क्षेत्र के दशरथ शाह के पुत्र राजन कुमार 3 छपरा जिले के पोखरा थाना के प्रकाश कुमार के रूप में हुई है।

मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए रेल एसपी कुमार आशीष ने बताया कि बीते 27 जून को छपरा कचहरी के पास कुछ अज्ञात अपराधियों के द्वारा लूट के दौरान एक व्यक्ति को चाकू मार दिया गया था। जिसका इलाज के दौरान मौत हो गई। वही मामले की गंभीरता को देखते हुए सोनपुर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था। वही टीम ने तकनीकी अनुसंधान और चश्मदीद गवाहों के बयान के आधार पर चार आरोपियों की पहचान की गई। जिसमें से तीन आरोपियों को एसआईटी की टीम के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि एक आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम छापेमारी कर रही है। वही गिरफ्तार तीनों आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू को भी एसआईटी टीम के द्वारा बरामद कर लिया गया है इस तरह मामले में गठित एसआईटी टीम के द्वारा इस पूरे हत्याकांड का उद्भेदन कर लिया गया है।

# दिल्ली से हिमाचल तक जलप्रलय

## मूसलाधार बारिश से बह गये घर और वाहन, पीएम ने की बैठक

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** एक ओर जहां झारखंड, मध्य प्रदेश समेत कई राज्य मानसून की बारिश को तरह रहे हैं, वहीं दूसरी ओर हिमाचल, दिल् ली समेत कई इलाकों में जल प्रलय की स्थिति बनी हुई है। राजधानी दिल्ली समेत हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश समेत कई उत्तरी राज्यों में आफत बनकर बरसी है। मौसम से जुड़ी घटनाओं में अब तक 50 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। अकेले हिमाचल में बारिश से भारी तबाही में 20 से अधिक की मौत हो चुकी है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भारी भारिश और भू-स्खलन की घटनाओं को देखते हुएइसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की है। हिमाचल प्रदेश राज्य में भारी बारिश के बाद भूस्खलन, घरों को नुकसान पहुंचाने और कई लोगों की मौत होने के एक दिन बाद मौसम विभाग ने सोमवार को अत्यंत भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

**पीएम मोदी ने की समीक्षा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के कई हिस्सों में हो रही भारी बरसात के कारण बाढ़ और उससे जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस बैठक में केन्द्रीय मंत्रिमंडल के कई वरिष्ठ मंत्री और शीर्ष अधिकारी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने देश के कुछ हिस्सों में अत्यधिक वर्षा के मद्देनजर बन रही स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने स्थानीय प्रशासन, राष्ट्रीय आपदामोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदामोचन बल (एसडीआरएफ) की टीमों द्वारा प्रभावित लोगों को बचाने एवं उन्हें राहत सुनिश्चित करने के लिए योगदान की भी जानकारी ली। पीएमओ की तरफ से सोमवार को जानकारी दी गयी। कार्यालय की तरफ से कहा गया, 'स्थानीय प्रशासन, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें प्रभावितों के लिए राहत कार्य कर रही हैं।

**सुक्खू की अपील सतर्क रहें**

सबसे अधिक नुकसान हिमाचल प्रदेश में हुई है। अबतक भारी बारिश और बाढ़ की वजह से 20 लोगों की मौत हो चुकी है। सड़कें और नेशनल हाईवे बारिश और भूस्खलन से प्रभावित हो चुकी हैं। सभी नदियां उफान पर हैं। कई इमारतें, पुल जलमग्न हो चुके हैं। जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो चुका है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सुबह एक वीडियो संदेश जारी कर लोगों से अपील की कि वे भारी बारिश में, खासकर नदियों और नालों के पास जाने से बचें और मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए अगले 24 घंटे सतर्क रहें।

**यूपी सीएम ने अधिकारियों को किया अलर्ट**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के विभिन्न जिलों में हुई भारी बारिश के कारण उत्पन्न बाढ़ तथा जलभराव की स्थिति की सोमवार को समीक्षा करते हुए सभी सम्बन्धित विभागों को उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में अगले कुछ दिनों में राज्य की नदियों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी की आशंका के मद्देनजर हर वक्त 'अलर्ट मोड' में रहने के आदेश दिये हैं।

**पंजाब में सेना तैनात**

पंजाब के रोपड़ और पटियाला जिलों में जारी मूसलाधार बारिश से हालात बेहद खराब हैं। लगातार तीसरे दिन जारी जल प्रवाह ने नदियों का जल स्तर बढ़ा दिया है। सोमवार को लोगों को निकालने के लिए सेना को तैनात किया गया है। पंजाब में सोमवार को भी भारी बारिश की संभावनाएं जतायी गयी है। पंजाब और हरियाणा के कई हिस्सों में सोमवार को लगातार तीसरे दिन भारी बारिश के कारण जन-जीवन अस्त-व्यस्त हुआ। प्रभावित इलाकों में लोगों तक पहुंचने के लिए प्रशासन 24 घंटे काम कर रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब और हरियाणा के कई हिस्सों में सुबह से ही बारिश हो रही है। खबर है कि सीएम मनोहर लाल खट्टर ने अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिये हैं।

**कई राज्यों में अलर्ट जारी**

मौसम विज्ञान केंद्र के क्षेत्रीय प्रमुख चरण सिंह ने बताया कि उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। जबकि, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, दिल्ली के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक पहाड़ों में कल भी बारिश की तीव्रता जारी रहेगी, हालांकि मैदानी इलाकों में तीव्रता कम होगी। वहीं दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश होने की संभावना है। यहां अगले चार से पांच दिनों तक बारिश होती रहेगी, लेकिन इसकी तीव्रता कम रहेगी। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने दिल्ली समेत देश के सात राज्यों में भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अगले दो दिनों तक जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना है। इसके साथ ही पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में भी अगले दो दिनों तक बारिश होगी।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अतिवृष्टि के बाद अगले कुछ दिनों में प्रदेश की विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी की आशंका है। इसलिये सिंचाई एवं जल संसाधन के साथ-साथ राहत एवं बचाव से जुड़े सभी विभाग अलर्ट मोड में रहें।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष अब तक 24 जिलों में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है, जबकि 31 जिलों में औसत से कम वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार जुलाई माह में इन जिलों में भी अच्छी वर्षा होने के आसार हैं। मौसम की बदलती परिस्थितियों पर सतत नजर रखी जाए।

योगी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में आकाशीय बिजली से कई स्थानों पर जन-धन की हानि की सूचना मिली है। ऐसे पीड़ित परिवारों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए। इस वर्ष पूर्वी उत्तर प्रदेश में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएँ ज्यादा हो रही हैं। आकाशीय बिजली के सटीक पूर्वानुमान (अर्ली वार्निंग सिस्टम) की बेहतर प्रणाली का विकास जरूरी है। जनहानि / पशुहानि को न्यूनतम रखने के लिए यह जरूरी है। उन्होंने बताया कि हर गांव में रेन गेज लगाए जाने की कार्यवाही में केंद्र सरकार भी सहयोग कर रही है, इस कार्य को तेजी के साथ पूरा किया जाए। राजस्व एवं राहत, कृषि, राज्य आपदा प्रबन्धन, रिमोट सेन्सिंग प्राधिकरण, भारतीय मौसम विभाग, केन्द्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण से संवाद-संपर्क बनाएं।

# अरेराज सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर में सावन की प्रथम सोमवारी पर उमड़ी श्रद्धालुओ की भीड़

## कड़ी सुरक्षा के बीच ढाई बजे रात्रि से हो रहा था जलाभिषेक

**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण।** बिहार के सुप्रसिद्ध अरेराज स्थित मनोकामना पूरक बाबा सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर में प्रथम सोमवारी को जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।हर हर महादेव के जयघोष के साथ श्रद्धालु ढाई बजे रात्रि से ही जलाभिषेक में जुटे है। कड़ी सुरक्षा के बीच भक्त कतारबद्ध होकर जलाभिषेक कर रहे है।श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर चप्पे चप्पे पर दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी व सुरक्षा बल को लगाया गया है ।वही दर्जनों स्थान पर ड्राप गेट , फिक्स गेट, नियंत्रण कक्ष व सीसीटीवी कैमरे से मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है ।वही महिला पुरुष के लिए अलग अलग अरघा की व्यवस्था किया गया है।

श्रद्धालु गंगा, गंडक, बागमती व बूढ़ी गंडक समेत कई पवित्र नदियों से जलभर कर जलाभिषेक कर रहे है।करने जिसमे पडोसी देश नेपाल समेत उत्तरप्रदेश व बिहार के भिन्न भिन्न जिले से आये श्रद्धालु शामिल है।सावन की प्रथम सोमवारी पर श्रद्धालुओ की भीड़ को देखते हुए अनुमंडल प्रशासन ने मंदिर प्रबंधन द्वारा प्रथम पूजा के बाद ढाई बजे रात्रि में जलाभिषेक के लिए पट को खोल दिया गया।पट खुलते ही पूरा क्षेत्र भगवान शिव के जयघोष से गूंजायमान हो उठा। भक्त कतारबद्ध होकर जलाभिषेक कर रहे है। वही भक्तों की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा को लेकर मंदिर परिसर से लेकर चप्पे चप्पे पर



250 पुलिस पदाधिकारी, सुरक्षा बल के साथ साथ अनुमंडल के सभी थाना पुलिस को तैनात किया गया है ।लगातार मंदिर परिसर के साथ पूरे मेला क्षेत्र की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है।